**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.3 | 23.6 |
| डालटनगंज | 31.0 | 23.7 |
| धनबाद | 33.2 | 26.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, शुक्रवार 18 जुलाई 2025 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 101 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12


## ब्रीफ न्यूज

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वाड्रा के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल

**नयी दिल्ली।** ईडी ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आरोप पत्र दायर कर दिया है. ईडी ने शिकोह पुर भूमि सौदा मामले में वाड्रा के खिलाफ पूरक अभियोजन दायर किया है. मामला सितंबर 2018 का है, जब रॉबर्ट वाड्रा, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, डीएलएफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी.

### उद्धव-फडणवीस की बंद कमरे में मुलाकात

**मुंबई।** महाराष्ट्र में गुरुवार को एक अहम राजनीतिक हलचल देखने को मिली. सीएम देवेंद्र फडणवीस व शिवसेना (उद्धव) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बीच बंद कमरे में बात हुई. यह बैठक विप के सभापति राम शिंदे के कक्ष में करीब 20 मिनट तक चली. इस मीटिंग में आदित्य ठाकरे भी मौजूद थे. यह मुलाकात ऐसे समय पर हुई है जब एक दिन पहले ही फडणवीस ने उद्धव को सरकार में शामिल होने का न्योता दिया था.

### आरसीबी पर चलेगा भगदड़ मामले में केस

**बेंगलुरु।** चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में हुई भगदड़ के मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है. कर्नाटक सरकार ने दोनों के खिलाफ आपराधिक मामले दायर करने की मंजूरी दे दी है. कर्नाटक सरकार की कैबिनेट की बैठक में जस्टिस माइकल डी कुन्हा आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार करने के बाद यह फैसला लिया गया है.

**उपलब्धि : झारखंड के कुशल नेतृत्व को फिर मिला सम्मान, शहरी स्वच्छता में दिखा दबदबा**

# देश में तीसरे पायदान पर जमशेदपुर

**शुभम संदेश।रांची/ नयी दिल्ली**



- स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में राज्य के दो शहर सम्मानित
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित
- झारखंड का प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर बना बुंडू
- नगर विकास के प्रधान सचिव और सूडा निदेशक ने प्राप्त किया सम्मान

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में राज्य नें लगातार विकास की दिशा में कई उपलब्धियां हासिल की है. इसी क्रम में गुरुवार को मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व को भारत सरकार की ओर से एक बार फिर सम्मानित किया गया है. नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 का परिणाम घोषित किया गया और बेहतर प्रदर्शन करनेवाले शहरों को सम्मानित भी किया गया. 3-10 लाख तक की आबादी वाले स्वच्छ शहरों में झारखंड के जमशेदपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जिसपर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नें जमशेदपुर को सम्मानित किया. वहीं बुंडू को झारखंड के प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर के रूप में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सम्मानित किया. इस मौके पर राज्य सरकार की ओर से नगर विकास एव आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक सूरज कुमार और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार और बुंडू नगर पंचायत के पदाधिकारियों नें सम्मान प्राप्त किया.

इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य विभाग के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने झारखंड सरकार, राज्य के नगर विकास विभाग और प्रदेश के नागरिकों खासकर जमशेदपुर और बुंडू के नागरिकों को इस सम्मान के लिए बधाई दी. स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के नतीजों में जमशेदपुर ने शानदार प्रदर्शन किया है. 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में जमशेदपुर ने देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है, जबकि झारखंड में उसे पहला स्थान मिला है. यही नहीं, जमशेदपुर को फाइव स्टार रेटिंग से भी नवाजा गया है.

### ये उपलब्धियां भी हासिल

- स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के कुछ अन्य श्रेणी में भी झारखंड के शहरों का प्रदर्शन बेहतर रहा है.
- स्वच्छता के क्षेत्र में जमशेदपुर को पांच सितारा शहरों की सूची में शामिल किया गया है.
- झारखंड के देवघर, जुगसलाई और चाकुलिया को वन स्टार रैंकिंग प्राप्त हुआ है.
- वाटर प्लस शहरों की सूची में जमशेदपुर को जगह मिली है.
- बुंडू, चिरकुंडा, राजमहल, साहिबगंज और देवघर को ओडीएफ ++ श्रेणी में रखा है.

### स्वच्छ शहर (10 लाख से ज्यादा आबादी)

1. अहमदाबाद 2. भोपाल 3. लखनऊ

**स्वच्छ शहर अवार्ड** (3-10 लाख आबादी)

1. मुंबई 2. बिलासपुर 3. जमशेदपुर.

**स्वच्छ शहर अवार्ड्स** (50 हजार से 3 लाख तक शहर की आबादी)

1.देवास 2.करहद 3. करनाल.

## शहरी स्वच्छता के क्षेत्र में झारखंड का बेहतर प्रदर्शन



गौरतलब है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2016 में झारखंड की स्थिति बहुत प्रशंसनीय नही थी पर लगातार स्वच्छ सर्वेक्षण 2017, 2018, 2019, 2020, 2021, 2022, 2023 में राज्य की जनता के सहयों और शहरी निकायों तथा राज्य सरकार के कुशल मार्गदर्शन में राज्य नें स्वच्छता के क्षेत्र में कई सम्मान प्राप्त किए हैं. वर्तमान समय में मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और विभागीय मंत्री सुदिब्य कुमार के मार्गदर्शन तथा सफाईकर्मियों के प्रति संवेदनशीलता का हीं नतीजा है कि राज्य के दो शहरों को स्वच्छता के क्षेत्र में ये सम्मान प्राप्त हुआ है.

**प्रधान सचिव ने दी बधाई :** इधर नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार नें इस सफलता के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व और विभागीय मंत्री सुदिब्य कुमार सोनू के मार्गदर्शन और नागरिकों के सहयोग को श्रेय देते हुए विभाग से अगले सर्वेक्षण में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है. उन्होंनें सभी नगर निकायों को निर्देश भी दिया है कि वो साफ सफाई को अपनी प्राथमिकता में रखकर कार्य करें. राज्य शहरी विकास अभिकरण और राज्य में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के निदेशक सूरज कुमार ने कहा कि यह जमशेदपुर और बुंडू के लिए गौरव का क्षण है. मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड के निरंतर मार्गदर्शन और प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग सुनील कुमार के सहयोग से यह उपलब्धि हासिल हो सकी है, उन्होंने सभी नगर निकायों के पदाधिकारी, कर्मी, सफाई कर्मी और नागरिकों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में अपना सहयोग देने के लिए बधाई दी है.

### इंदौर लगातार 8वीं बार रहा नंबर वन

स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार 8वीं बार मध्य प्रदेश का इंदौर शहर बना है. इस वर्ष का सबसे बड़ा आकर्षण इंदौर, सूरत और नवी मुंबई का प्रीमियर सुपर स्वच्छ लीग में प्रवेश रहा. इन शहरों ने लगातार तीन वर्षों तक उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह स्थान अर्जित किया. साथ ही, अहमदाबाद, भोपाल और लखनऊ ने शीर्ष स्वच्छ शहरों में अपना स्थान बनाकर देशभर में स्वच्छता के नए मानक स्थापित किए. इन तीनों शहरों को उनकी जनसंख्या श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिए गए. प्रयागराज को 'सर्वश्रेष्ठ गंगा नगर' का पुरस्कार मिला, जो गंगा किनारे स्थित शहरों के लिए दिया जाने वाला एक विशेष सम्मान है. प्रयागराज को यह पुरस्कार गंगा संरक्षण और साफ-सफाई के लिए किए गए प्रयासों के लिए दिया गया. इसके साथ ही, सिकंदराबाद छावनी को सर्वश्रेष्ठ छावनी बोर्ड के पुरस्कार से नवाज़ा गया, जिसे सैन्य क्षेत्र की साफ-सफाई और प्रबंधन में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया.



**सुप्रीम कोर्ट ने महिला के नाजायज संबंध पर जताई नाराजगी, कहा**

# आप दो बच्चों की मां हैं फिर भी दूसरे से रिश्ते बनाकर अपराध किया

**एजेंसियां।नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने एक विवाहिता को फटकार लगाई है. महिला ने एक शख्स के खिलाफ रेप का आरोप लगाया था. उसका कहना था कि आरोपी ने शादी का वादा करके उसके साथ रेप किया. महिला के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने उसे ही चेतावनी दी. कोर्ट ने महिला से कहा, आपके खिलाफ भी केस चलाया जा सकता है, क्योंकि आपने शादीशुदा रहते हुए किसी और आदमी से संबंध बनाए. जस्टिस एमएम सुंदरेश और एन कोटिस्वर की बेंच ने यह बात कही. जब महिला के वकील ने कहा कि आरोपी ने शादी का वादा करके उसकी क्लाइंट से यौन संबंध बनाए. इस पर बेंच ने कहा, आप दो बच्चों की मां हैं. आप समझदार हैं, फिर आप बाहर रिश्ता रिश्ता कैसे बना सकती हैं.



**शादी के बाद भी बाहर संबंध बनाना अपराध :** वकील ने कहा कि आरोपी शख्स ने शादी के बहाने महिला को कई बार होटल में बुलाया. इस पर बेंच ने पूछा, आप बार-बार उसके बुलाने पर क्यों गईं? आप अच्छी तरह जानती हैं कि शादी के बाद भी बाहर यौन संबंध बनाना अपराध है. साथ ही पीठ ने कहा कि पटना हाईकोर्ट ने अंकित बरनवाल को अग्रिम बेल देकर सही किया. कोर्ट ने महिला की याचिका खारिज कर दी.

**क्या है पूरा मामला :** इससे पहले निचली अदालत ने अंकित बरनवाल को अग्रिम बेल देने से इनकार कर दिया. बरनवाल ने महिला की ओर से दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराने के बाद राहत मांगी थी. विवाहित महिला और बरनवाल 2016 में सोशल मीडिया के जरिए एक-दूसरे को जानने के बाद रिश्ते में थे. महिला ने आरोप लगाया कि बरनवाल के कहने और दबाव में उसने अपने पति से तलाक ले लिया था. फैमिली कोर्ट ने 6 मार्च को तलाक मंजूर कर लिया था.

**सुप्रीम कोर्ट का फैसला महिलाओं के लिए सबक:** इस पूरे मामले में सुप्रीम कोर्ट ने महिला के आचरण पर सवाल उठाए हैं. कोर्ट ने कहा कि महिला जानती थी कि वह क्या कर रही है. कोर्ट ने यह भी कहा कि महिला ने शादी के बाद भी बाहर संबंध बनाकर अपराध किया है. कोर्ट का यह फैसला उन महिलाओं के लिए एक सबक है जो शादी के बावजूद बाहर संबंध बनाती हैं. उन्हें यह याद रखना चाहिए कि ऐसा करना कानूनन गलत है. कोर्ट ने महिला को यह याद दिलाया कि कानून सबके लिए बराबर है. चाहे वह पुरुष हो या महिला.




## झारखंड की जोहार परियोजना को विश्व बैंक से मिली सराहना

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बोले- हम हैं आपके साथ

शुभम संदेश। रांची




विश्व बैंक ने झारखंड में चल रही जोहार परियोजना की जमकर प्रशंसा की है. ग्रामीण विकास विभाग के तहत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा संचालित इस परियोजना ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा दी है. पिछले चार वर्षों में इस योजना के तहत महिलाओं के नेतृत्व में गठित 21 फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) ने मिलकर करीब 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर का कारोबार किया है. यह न सिर्फ आर्थिक रूप से उल्लेखनीय है, बल्कि महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण भी है.

विश्व बैंक ने रांची के कांके क्षेत्र में काम कर रहे एक उत्पादक समूह की अध्यक्ष आशा देवी और उनके जैसी हजारों महिलाओं की उपलब्धियों की विशेष सराहना की है. अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) पोस्ट में विश्व बैंक ने लिखा, आज हम अपने व्यवसाय के हर पहलू को समझते हैं—लाभ के मार्जिन से लेकर बाजार की मांग तक. हमने मिलकर संवाद करना सीखा है और अब हम जानते हैं कि हमें किसी भी हाल में कम पर समझौता नहीं करना है.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी एक्स पर इस पोस्ट को साझा करते हुए लिखा, झारखंड की मेरी माताएं-बहनें आज सशक्त होकर आगे बढ़ रही हैं. आप सभी ऐसे ही आगे बढ़ती रहें, आपका यह बेटा और भाई हमेशा आपके साथ है. जोहार परियोजना आज झारखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की मिसाल बन चुकी है.

### क्या है जोहार परियोजना

जोहार का मतलब है– झारखंड अपॉर्च्युनिटीज फार हॉर्नेसिंग रूरल ग्रोथ. विश्व बैंक के सहयोग से जेएसएलपीएस का संचालन किया गया. मई 2017 से जून 2024 तक जोहार परियोजना का संचालन हुआ. इसमें विश्व बैंक की 70% ऋण सहायता और राज्य सरकार का 30% अंशदान रहा. जेएसएलपीएस के मुताबिक झारखंड के 17 जिलों के 68 प्रखंडों में कृषि, पशुधन, मत्स्य पालन और लघु वनोपज क्षेत्र के 3,500 उत्पादक समूहों के समर्थन से 2 लाख ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि करने में सफल रहा है. इसके तहत 2.24 लाख उत्पादकों को 3922 उत्पादक समूह में संगठित किया गया. इनका समर्थन देने के लिए करीब 17 हजार सामुदायिक कैडरों को प्रशिक्षित किया गया है. ताकि महिलाएं इससे जुड़कर अपने पैरों पर खड़ा हो सकीं.

## ईडी के पूर्व अपर निदेशक कपिल राज ने दिया इस्तीफा, केंद्र सरकार ने किया स्वीकार

- अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की जांच में निभाई थी अहम भूमिका

शुभम संदेश। रांची



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पूर्व अपर निदेशक कपिल राज ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है. ईडी से सेवा वापसी के बाद वे दिल्ली जोन में डीडीजीआई (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस) के अपर आयुक्त पद पर कार्यरत थे. केंद्र सरकार ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और इससे संबंधित आधिकारिक आदेश भी जारी कर दिया है.कपिल राज ने ईडी में आठ वर्षों तक प्रतिनियुक्ति पर कार्य किया. वर्ष 2022 में उन्हें झारखंड स्थित ईडी के जोनल कार्यालय में संयुक्त निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था. रांची में पदस्थापन के दौरान ही उन्हें प्रोन्नति देकर अपर निदेशक बनाया गया.

रांची में रहते हुए कपिल राज ने अवैध खनन, जमीन घोटाला, ग्रामीण विकास विभाग में कमीशनखोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और खूंटी के मनरेगा घोटाले जैसे कई बड़े मामलों की जांच की. उनकी कार्रवाई के तहत कई आईएएस अधिकारियों और मंत्रियों को जेल भेजा गया. कोलकाता में प्रभार के दौरान उन्होंने चर्चित ईसीएल घोटाले और पशु तस्करी जैसे महत्वपूर्ण मामलों की जांच की थी. दिसंबर 2024 में उनकी सेवाएं ईडी से वापस लेकर उन्हें उनके मूल विभाग में भेजा गया था.

### मंत्री ने दिखाई संवेदनशीलता, बुजुर्ग को भेजा अस्पताल


**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने गुरुवार को उस समय एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और तत्परता प्रकट की जब रांची से लौटते समय, गोविंदपुर के पास अपने काफिले को अचानक रोककर एक बुजुर्ग व्यक्ति की मदद पहुंचाई. दरअसल सड़क किनारे सुलेमान अंसारी नामक बुजुर्ग व्यक्ति, लहूलुहान हालत में दर्द से कराहते हुए पड़ा हुआ था. उसके गाल से खून निकल रहा था और कंधे में भी जोरों का दर्द था. वह चलने में असमर्थ था. इस दौरान सैकड़ों राहगीर वहां से आवाजाही करते रहे. लेकिन किसी ने रुककर मदद नहीं की. लेकिन जब इरफान अंसारी की नज़र उन पर पड़ी, तो उन्होंने बिना एक पल गंवाए काफिला रुकवाया और गाड़ी से उतरकर बुजुर्ग को अपने हाथों से उठा कर तुरंत प्राथमिक उपचार दिलवाया. इसके बाद उन्होंने उन्हें गाड़ी की व्यवस्था कर धनबाद सदर अस्पताल भिजवाया. मंत्री ने फोन कर सिविल सर्जन से बात करते हुए बुजुर्ग व्यक्ति के बेहतर इलाज की पुख्ता व्यवस्था करने का निर्देश दिया.



## मंत्री, सांसद, विधायकों की सिफारिश अब नहीं चलेगी

# दिल्ली के झारखंड भवन में कमरा नहीं मिलेगा

शुभम संदेश। रांची



दिल्ली स्थित नए झारखंड भवन में अब माननीयों की सिफारिश पर कमरा नहीं मिलेगा. ऑफिशियल और पर्सनल काम से दिल्ली जाने वाले लोग जो मंत्री, सांसद या विधायकों की सिफारिश पर झारखंड भवन में कमरा लेकर ठहरते थे, उन्हें अब वहां कमरा नहीं मिलेगा. राज्य सरकार के कई जूनियर पदाधिकारी और कर्मचारी भी दिल्ली में झारखंड भवन को अपना ठिकाना बनाते थे. उन्हें भी अब कमरा नहीं दिया जाएगा. झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है. सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, डीजीपी, आयुक्तों, उपायुक्तों, एसएसपी और एसपी को इसकी जानकारी दे दी गई है. झारखंड विधानसभा सचिव को भी आदेश की कॉफी भेजकर राज्य के सभी वर्तमान और पूर्व लोकसभा और राज्यसभा सांसदों को इसकी जानकारी देने को कहा गया है.

झारखंड भवन के चालू होने के बाद से राज्य के बाद माननीयों के करीबी और जूनियर सरकारी पदाधिकारी मंत्री, सांसद, विधायकों की सिफारिश से झारखंड भवन में कमरा ले लेते थे. सिफारिश से निजी भुगतान पर कमरा लेने वाले ऐसे लोगों की हर रोज झारखंड भवन में काफी बुकिंग हो रही थी. ऐसे में सरकारी काम से दिल्ली जाने वाले झारखंड के मंत्री, सांसद, विधायकों को झारखंड भवन में आसानी से कमरा मिलने में काफी दिक्कत हो रही थी. इसे देखते हुए सरकार ने यह आदेश निकाला है.

बता दें कि करीब एक महीने पहले झारखंड भवन में एक विधायक को कमरा नहीं मिलने पर हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ था. पांकी के भाजपा विधायक झारखंड भवन पहुंचे थे. सारे कमरे फुल थे. विधायक को कमरा नहीं मिला, तो वे नाराज हो गये और वहीं रिसेप्शन के सामने धरना पर बैठ गये. फर्श पर अपने दोनों शूटकेस रख दिए और वहीं अपना टिफिन निकालकर नास्ता किया. इस दौरान उन्होंने सांसद, मंत्री, सहयोगी विधायकों को भी फोन लगाया और खूब गुस्साए थे.

नया झारखंड भवन प्रथम श्रेणी के गेस्ट हाउस की तरह सुसज्जित है. इसमें दो बेसमेंट और आठ फ्लोर हैं. बेसमेंट में करीब 102 कार पार्किंग की व्यवस्था है. ग्राउंड फ्लोर में रिसेप्शन, लॉबी, 120 लोगों की क्षमता का डाइनिंग हॉल और जिम है. पहले तल्ले पर मुख्यमंत्री और स्थानिक आयुक्त के कार्यालय कक्ष के साथ 90 सीटों का कांफ्रेंस हॉल है. दूसरे, तीसरे और चौथे तल्ले पर 45 गेस्ट रूम की व्यवस्था है. पांचवें व छठे तल्ले पर आठ-आठ यानी कुल 16 वीआइपी सूइट हैं. सातवें तल्ले पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री के सूइट हैं. साथ ही दो वीवीआइपी सूइट रूम होंगे, लेकिन झारखंड से सिफारिश लेकर जाने वाले लोगों की वजह से सभी गेस्ट रूम फुल रहते थे.

## बाबूलाल मरांडी बोले: शिक्षा को भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़ाएं

# स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का ढिंढोरा पीटकर जर्जर स्कूलों से ध्यान न हटाएं...

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए कई पहल किये गये हैं. स्कूलों में बच्चों का ड्रॉप आउट रेट कम करने के लिए लगातार अभियान चल रहे हैं. भले ही विवादों के कारण जरूरत के मुताबिक शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है, लेकिन स्कूल भवन के लिए हर बजट में प्रावधान हो रहा है. इसके बाद भी सरकारी स्कूल खस्ताहाल हैं. झारखंड में शिक्षा की दो तस्वीरें हैं. एक तस्वीर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की है, जहां बच्चों को प्राइवेट स्कूलों वाली सुविधाएं और शिक्षा मिल रही है. यही तस्वीरें शिक्षा विभाग की तरफ से दिखायी जाती हैं, जबकि दूसरी तस्वीर है जर्जर स्कूलों की, जो हम नहीं देख पाते. सुदूर गांवों के इन जर्जर स्कूलों की तस्वीरें कभी-कभार ही सामने आ पाती है. लातेहार जिले से 25 किलोमीटर दूर स्थित तुरूड़ के नव उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय से जर्जर स्कूल की तस्वीर सामने आई है. जहां छत से पानी टपकता है. झारखंड में महीने भर से लगातार बारिश हो रही है. सोचिए महीने भर से इस स्कूल के छात्र कैसे टपकते स्कूल में पढ़ रहे होंगे?



**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपेक्षा करना बेमानी:** झारखंड के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसे लेकर हेमंत सरकार पर हमला किया है. उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, झारखंड में सरकारी स्कूलों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है. हेमंत सरकार कुछ गिने-चुने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस' का ढिंढोरा पीटकर हजारों जर्जर स्कूलों की सच्चाई से लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है. जब सरकार का प्राथमिक उद्देश्य ही किसी भी तरह से भ्रष्टाचार कर अवैध धन अर्जित करना हो, तो ऐसी व्यवस्था से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपेक्षा करना बेमानी है.

### विकास की रोशनी केवल सत्ता के चहेतों तक

बाबूलाल मरांडी ने आगे लिखा, स्कूल जाने वाले सड़कों की हालत इतनी बदतर है कि बच्चे-बच्चियां जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचते हैं, वहां भी जर्जर भवनों में पढ़ाई करना उनकी सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है. झारखंड में विकास की रोशनी केवल मुख्यमंत्री, मंत्रियों और सत्ता से जुड़े चहेते लोगों के बच्चों तक ही पहुंच रही है. गरीब, दलित, आदिवासी समाज के बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो चुका है. राज्य सरकार शिक्षा को अपने भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़ाए और ईमानदारी से शिक्षा व्यवस्था के सुधार की दिशा में कदम उठाए.

## रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे और लाउडस्पीकर पर लगी रोक

शुभम संदेश। रांची

झारखंड सरकार ने ध्वनि प्रदूषण को गंभीरता से लेते हुए रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे, लाउडस्पीकर, एम्प्लीफायर, ड्रम और ट्रंपेट के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगा दी है. यह नियम विशेष परिस्थितियों को छोड़कर सभी जगहों पर लागू रहेगा. इस संबंध में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं. पर्षद के सदस्य सचिव राजीव लोचन बक्शी ने बताया कि विभिन्न औद्योगिक और यांत्रिक गतिविधियों के कारण सार्वजनिक स्थलों पर शोर का स्तर बढ़ गया है, जिससे अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों पर हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है.

राज्य सरकार ने मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले ध्वनि प्रदूषण के प्रभाव को देखते हुए यह फैसला लिया है। अब रात 10 बजे के बाद डीजे, लाउडस्पीकर, और अन्य तेज आवाज वाले उपकरणों के प्रयोग पर कड़ी नजर रखी जाएगी। नियमों के उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।



### अलग-अलग क्षेत्रों के लिए निर्धारित ध्वनि सीमा

**औद्योगिक क्षेत्र:**
- दिन में: 75 डेसिबल
- रात में: 70 डेसिबल

**व्यावसायिक क्षेत्र:**
- दिन में: 65 डेसिबल
- रात में: 55 डेसिबल

**आवासीय क्षेत्र:**
- दिन में: 55 डेसिबल
- रात में: 45 डेसिबल

**शांत क्षेत्र (साइलेंस जोन):**
- दिन में: 50 डेसिबल
- रात में: 40 डेसिबल

**बड़ा सवाल** मानगो चौक से डिमना चौक के बीच की हजारों की आबादी का कष्ट कब दूर होगा?

# एमडी यूआईएसएल: नालों की साफ-सफाई का काम मानगो नगर निगम का

### उप नगर आयुक्त : टाटा स्टील यूआईएसएल नालों की साफ-सफाई कराए

शुभम संदेश। रांची/जमशेदपुर

- 15 साल से सड़क के दोनों तरफ बने नालों की एक बार भी सफाई नहीं हुई है, जिम्मेदार कौन?
- विधायक सरयू राय की ओर से गए प्रतिनिधिमंडल के सामने सफाई के मुद्दे पर एमडी ने हाथ खड़े किए

टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा ने मानगो चौक से डिमना चौक तक निर्मित नालों की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया, लेकिन नालों की साफ-सफाई को लेकर उन्होंने हाथ खड़े कर दिए.सिन्हा ने कहा कि साफ-सफाई का काम मानगो नगर निगम का है, टाटा स्टील यूआईएसएल का नहीं. उधर, पत्रांक संख्या 1029, दिनांक 2 जुलाई 2025 को लिखे पत्र में मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त ने ऋतुराज सिन्हा को लिखे पत्र में साफ-साफ कहा है कि आपके द्वारा निर्मित मानगो चौक से डिमना चौक तक दोनों तरफ के नालों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि वहां रह रहे लोगों को कोई दिक्कत न हो. अब गुरुवार को प्रतिनिधिमंडल के समक्ष ऋतुराज सिन्हा द्वारा साफ-सफाई के लिए इनकार करने के बाद स्थिति बिगड़ने की आशंका है. बड़ा सवाल यह है कि नालों की सफाई करेगा कौन? मानगो नगर निगम का कहना है कि चूंकि नाला बनवाया है टाटा स्टील यूआईएसएल ने तो साफ-सफाई उनकी ही जिम्मेदारी है. इधर टाटा स्टील यूआईएसएल का कहना है कि नाले का निर्माण करना हमारी जिम्मेदारी है, साफ-सफाई करना मानगो नगर निगम की जिम्मेदारी बनती है. ऋतुराज सिन्हा से गुरुवार को विभिन्न समस्याओं के समाधान के संबंध में मिलने गये प्रतिनिधिमंडल के समक्ष यह प्रसंग उजागर हुआ. प्रतिनिधिमंडल में विधायक सरयू राय की तरफ से जनता दल (यू) के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, जनसुविधा प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा व नीरज सिंह शामिल थे.

प्रतिनिधिमंडल ने सिन्हा से कहा कि मानगो चौक से डिमना चौक तक निर्मित फोरलेन सड़क के दोनों ओर जुस्को द्वारा निर्मित नाले की सफाई विगत 15 वर्षों से अधिक समय से नहीं हुई है. ये नाले जगह-जगह से धंस गये हैं, जिसके कारण नाला का पानी सड़क से बहते हुए किनारे स्थित घरों, दुकानों एवं अपार्टमेंट में प्रवेश कर रहा है. इन नालों की सफाई और ध्वस्त हो चुके भाग का शीघ्र मरम्मत कराने की आवश्यकता है. इस पर ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि नालों की मरम्मत बड़ा काम है. इसमें ज्यादा पैसा और ज्यादा वक्त लगेगा. लेकिन वह इसे कराने का प्रयास करेंगे. वह इस संबंध में जरूरी सर्वे कराएंगे. सफाई के संबंध में उन्होंने दो टूक कहा कि यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है. इस पर प्रतिनिधिमंडल ने उनसे कहा कि जब आपने नाला और सड़क बनवाया है, तो सीएसआर के तहत इसके मेंटेनेंस और साफ-सफाई की जिम्मेदारी आपको लेनी चाहिए. लेकिन सिन्हा ने इसे मानने से साफ इनकार कर दिया.

प्रतिनिधिमंडल ने उनका ध्यान साकची के ताप्ती रोड स्थित जर्जर नाले की मरम्मत की ओर दिलाया, तो तत्काल संबंधित पदाधिकारियों से बात की और कहा कि इसे शीघ्र ठीक कर लिया जाएगा. जब प्रतिनिधिमंडल ने उनका ध्यान बिष्टुपुर, बेल्डीह बस्ती स्थित दलमा व्यू पार्क में जुस्को का नाला फटने की तरफ आकृष्ट कराया तो उन्होंने इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करने की बात कही.

सोनारी के वेस्ट ले-आउट 'ई' रोड के अंतिम छोर से नवलक्खा अपार्टमेंट और कृष्णा टावर के सामने से सीवरेज लाइन के पानी बहने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि वह इसे दिखवा लेंगे. उन्होंने सोनारी के बंगाली कॉलोनी में निर्मित नालों के जर्जर होने के मुद्दे पर कहा कि इस नाले की भी मरम्मत करायी जाएगी. सिन्हा ने सोनारी के वेस्ट ले-आउट स्थित रोड नं. 11 और 12 के बीच में खाली पड़े भूखंड पर ओपेन जिम बनवाने को लेकर सकारात्मक विचार करने को कहा. प्रतिनिधिमंडल ने सोनारी एवं कदमा क्षेत्र में खेल मैदान बनवाने का आग्रह किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया.

## एक नजर

### मंत्री चमरा लिंडा व स्टीफन मरांडी ने हेमंत सोरेन से दिल्ली में की मुलाकात, गुरुजी का कुशलक्षेम जाना



**रांची।** राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने गुरुवार को दिल्ली स्थित गंगाराम अस्पताल में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की. इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ विधायक स्टीफन मरांडी और उनकी बेटी उपासना मरांडी भी मौजूद रहीं. यह मुलाकात दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को लेकर हुई, जो इन दिनों दिल्ली में इलाजरत हैं. सभी प्रतिनिधि अस्पताल पहुंचकर गुरुजी का कुशलक्षेम जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. मंत्री चमरा लिंडा ने इस मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा-दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से मुलाकात कर दिशोम गुरु आदरणीय शिबू सोरेन जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली. मां सरना से मेरी यही प्रार्थना है कि झारखंड के इस महान रत्न को जल्द पूर्ण स्वस्थता प्राप्त हो और वह पूर्व की भांति हम सभी का मार्गदर्शन करते रहें. पूरे झारखंडवासियों की तरह मंत्री लिंडा और अन्य नेता भी गुरुजी के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं.

### कल्पना सोरेन का अधिकारियों को निर्देश योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने गिरिडीह परिसदन में एक बैठक आयोजित की. इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय विकास, जनसमस्याओं के समाधान और सरकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श किया. बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की स्थिति की समीक्षा की गई. उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी और हर समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा. कल्पना सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सतर्क और सक्रिय रहें. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है.

### भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने नितिन गडकरी से की शिष्टाचार भेंट



**रांची।** दिल्ली प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने भारत सरकार के केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की. इस अवसर पर अमरप्रीत सिंह काले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे ऐतिहासिक बुनियादी ढांचे के विकास की सराहना करते हुए कहा कि नितिन गडकरी इस परिवर्तन की एक सशक्त धुरी के रूप में कार्य कर रहे हैं. उन्होंने नितिन गडकरी की सादगी, पारदर्शिता, नवाचार और राष्ट्र के प्रति समर्पण को प्रेरणास्रोत बताया. अमरप्रीत सिंह काले ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा, गुरु नानक देव जी महाराज की अपार कृपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और नितिन गडकरी जी पर सदैव बनी रहे. वे इसी तरह देश की सेवा करते रहें, यही अरदास है.

### झारखंड में लूट का खेल, चूहे पी रहे शराब: जेपी

**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के झारखंड प्रदेश संयोजक जेपी पांडेय ने राज्य की हेमंत सरकार पर तीखा हमला किया है. उन्होंने कहा है कि झारखंड में इस समय लूट और भ्रष्टाचार का खुला खेल चल रहा है. गुरुवार को एक बयान में उन्होंने कहा कि हाल ही में धनबाद में सामने आई शराब गायब होने की घटना को लेकर सरकार की मंशा और प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े किए. पांडेय ने निशाना साधते हुए कहा कि अब तो झारखंड में चूहे शराब पी रहे हैं और सरकार केवल बैठकर जांच के आदेश दे रही है. उन्होंने कहा कि यह घटनाएं जनता की उम्मीदों को तोड़ रही हैं और राज्य को विकास की जगह पीछे धकेल रही हैं. जनता गरीबी रेखा के नीचे जीवन जीने को मजबूर है, जबकि झारखंड प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य है. यहां कोयला, लोहा, तांबा, सोना, अबरख और एल्यूमिनियम जैसे खनिजों की भरमार है, और औद्योगिक इकाइयां भी कार्यरत हैं, लेकिन इन सबके बावजूद जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रही है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस लूटतंत्र और भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगी, तो झारखंड के गरीबों के लिए जीवन और भी कठिन हो जाएगा. उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे इन परिस्थितियों को समझें और लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दें. पांडेय ने याद दिलाया कि जब झारखंड का गठन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में हुआ था, तब यह भारत के सबसे समृद्ध राज्यों में गिना जाता था. उस समय का बजट विकासोन्मुख और लाभकारी था, लेकिन आज स्थिति एकदम विपरीत है.

### जेएलकेएम महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनी पम्मी देवी

**रांची/खूंटी।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा(जेएलकेएम) की गुरुवार को हुई बैठक में महिला मोर्चा का विस्तार किया गया. इसमें पम्मी देवी को जिला अध्यक्ष बनाया गया, जबकि प्रखंड एसटी महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी रीना लकड़ा को दी गई. साथ ही महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुदामनी देवी, महिला मोर्चा खूंटी प्रखण्ड अध्यक्ष मुनकी देवी को बनाया गया. इसके अलावा कार्य समिति सदस्य के रूप में नीलम झा, गुंजन कुमारी, गोमा कुमारी, गीता देवी को शामिल किया गया है. कुंदी गांव में सदस्यता अभियानप्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में चलाया गया. मौके पर ग्रामीणों ने बिजली ट्रांसफार्मर , सड़क सहित अन्य समस्याओं से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया. अभियान में जिला अध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर, जिला महासचिव विक्रम महतो, उपाध्यक्ष बजरंग साहू, जिला मीडिया प्रभारी मुन्ना कुमार, जिला संगठन महामंत्री विश्वकर्मा उरांव, बिरेंद्र लुगुन, हर्षित पांडे, राहुल कुमार, सोहराय पहान, संतोष राम सहित अन्य शामिल थे.

### हाईकोर्ट का निर्देश - पारा शिक्षकों के लिए 100 व गैर पारा शिक्षकों के लिए 14 पद रिजर्व रखें

**रांची।** सहायक आचार्य नियुक्ति में नॉर्मलाइजेशन को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. गुरुवार की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने जेएसएससी को पारा शिक्षकों के लिए 100 और गैर पारा शिक्षकों के लिए 14 पद रिजर्व रखने का निर्देश दिया है. इसके साथ ही अदालत ने जेएसएससी को यह निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई तक आयोग से स्पष्ट दिशा निर्देश लेकर आए. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की पीठ में इस मामले की सुनवाई हुई. इस संबंध में रेशमी कुमारी, गिरिधर प्रसाद एवं अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है. प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता शुभम मिश्रा ने बहस की. हाईकोर्ट ने अब इस मामले में अगली और अंतिम सुनवाई के लिए 5 अगस्त की तिथि निर्धारित की है.




# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, शुक्रवार 18 जुलाई 2025 । श्रावण कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082 । रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 101 । मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12




## खूंटी में लोगों की आस्था का केंद्र है पीपल पेड़ पर विराजमान शिवलिंग

**शुभम संदेश । खूंटी**

अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विख्यात खूंटी जिला प्राचीन धार्मिक धरोहरों के कारण अपनी एक अलग पहचान रखता है. यहां आम्रेश्वर धाम, माता नकटी देवी, माता सोनमेर मंदिर, पाट पहाड़ वाले महादेव, बुढ़वा महादेव, बुचा महादेव, बाबा नागेश्वर धाम, सिड़िंग महोदव, जैसे कई पुरातन प्राकृतिक धार्मिक स्थल हैं. खूंटी जिले में बाबा भोलेनाथ हिंदू और सरना दोनों धर्मावलंबियों में समान रूप से पूजे जाते हैं. यही कारण है कि यहां पर पहाड़-पर्वत, नदी और पेड़ो के ऊपर भी शिवलिंग के दर्शन हो जाते है. इन्हीं शिव स्थलों में तोरपा प्रखंड के जरिया महादेव टोली गांव स्थित पीपल के एक पेड़ पर विराजमान शिवलिंग श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आश्चर्य का केंद्र बना हुआ है. इस गांव में इतने अधिक शिवलिंग हैं कि इस गांव का नामकरण ही महादेव टोली हो गया. आज भी पुरातात्विक महत्व के कई शिवलिंग, विभिन्न देवी-देवताओं की प्रस्तर की मूर्तियां और सुदर्शन चक्र, रथ के पहिये उपेक्षित पड़े हैं.

### होती है शिवरात्रि व मंडा पूजा

सावन के महीने के अलावा यहां शिवरात्रि और मंडा पूजा का भी आयोजन होता है. पीपल पेड़ पर विराजमान शिवलिंग की पूजा करने कें लिए लोगों को पेड़ पर लगभग 25-30 मीटर ऊपर चढ़ना पड़ता है. इसलिए सक्षम लोग ही वहां पहुंच पाते हैं, अन्यथा लोग नीचे ही उनका ध्यान करते हैं. महादेव टोली मंदिर के पुजारी लक्ष्मी नारायण चौबे और मंदिर प्रबंध समिति के सचिव बाल गोविंद महतो बताते हैं कि पहले जब पीपल का पेड़ छोटा था, उसी समय से वहां शिवलिंग विराजमान हैं. जैसे-जैस पेड़ बड़ा होता गया, बाबा भोनाथ भी ऊंचाई पर चढ़ते गये. काफीं ऊंचाई में होने के कारण नवयुवक-युवती ही पेड़ पर चढ़कर पूजा-अर्चना कर पाते हैं.

### ग्रामीणों की संरक्षण और विकास की मांग

जरिया महादेवटोली के लोगों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है. लोगों का कहना है कि महादेव टोली का यह स्थान पुरातात्विक महत्व का है. सरकार इसे संरक्षित करे और सड़क निर्माण सहित अन्य विकास योजनाओं का लागू करे.

### खुदाई में मिले थे दर्जनों शिवलिंग

मंदिर के पुजारी लक्ष्मी नाराययण चौबे वहां के पुजारी हैं. उन्होंने बताया कि पिछले सैकड़ों वर्षों से उनका परिवार पीढ़ी दर पीढ़ी यहां भोलेनाथ की पूजा-करते आ रहे हैं. यहां के शिवलिंग कितने प्राचीन हैं, इसकी जानकारी उन्हें तो नहीं, है, लेकिन वे कहते हैं कि खुदाई कें दौरान ही वहां दर्जनों शिवलिंग मिले थे. इनमें कुछ शिवलिंग को अन्य गांवों के लोग ले गये, लेकिन अब भी वहां आठ-दस शिवलिंग हैं. हाल ही में वहां एक मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है. उन्होंने बताया कि पहले गांव के लोगों ने एक शिवलिंग देखा. इसे देखकर ग्रामीणों ने वहां खुदाई की, तो दर्जनों, शिवलिंग, विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां और अन्य अवशेष मिले. कितने वर्ष पहले खुदाई हुई, इसकी जानकारी तो नहीं है, पर गांव वाले बताते हैं कि खुदाई कम से कम 100 साल पहले हुई होगी. पुजारी बताते हैं कि पहले महादेव टोली में काफी भीड़ रहती थी. शिवरात्रि कें दिन बहुत बड़ा मेला लगता था. पहले जनजाति समुदाय के काफी लोग पूजा-अर्चना करने आते थे, लेकिन अब उनकी संख्या घटती जा रही है. पुजारी बताते हैं कि जरिया के जमींदार दुबराज सिंह का पूर्वज सन् 1446 से वहां पूजा का आयोजन कराते आ रहे हैं.

### ब्रीफ न्यूज

#### देवघर में जवान की हार्ट अटैक से हुई मौत

**देवघर।** श्रावणी मेला ड्यूटी पर तैनात एक जवान की हृदयाघात से मौत हो गई, जिससे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है. मृतक जवान की पहचान वरदान उरांव के रूप में हुई है, जो गढ़वा जिला बल से ड्यूटी पर देवघर आया था. मूल रूप से वह रांची जिले के बोडो थाना क्षेत्र स्थित चाचकोपी गांव का निवासी था. जानकारी के अनुसार, 15 जुलाई की रात उसकी ड्यूटी बीएड कॉलेज परिसर में थी. ड्यूटी के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई. तत्काल उसे देवघर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया. रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही जवान की मृत्यु हो गई. घटना के बाद शव को एंबुलेंस के माध्यम से वापस देवघर सदर अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया देवघर पुलिस की निगरानी में की जा रही है. जवान की आकस्मिक मृत्यु से पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक महकमे में गहरा शोक व्याप्त है.

#### जामताड़ा में होटल में युवक ने की आत्महत्या

**जामताड़ा ।** शहर के गांधी मैदान के समीप स्थित प्रभात इन होटल में बुधवार रात एक 21 वर्षीय युवक की लाश मिली. युवक ने होटल के कमरे में जींस पैंट और सीलिंग फैन के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. मृतक की पहचान गुजरात के पंचमहल जिले के रिंचिया गांव निवासी मेघवाल धर्मेश कुमार के रूप में हुई है. जामताड़ा एसडीपीओ विकास आनंद लागोरी ने बताया कि मेघवाल धर्मेश कुमार ने बुधवार दोपहर करीब 2 बजे प्रभात इन होटल के कमरा नंबर 104 बुक कराया था. शाम को, उसका शव कमरे में फांसी से लटका मिला. जानकारी मिलते ही एसडीपीओ विकास आनंद लागोरी और जामताड़ा थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

### झारखंड के सभी तरह के पेंशनधारियों के लिए आ गई खुशखबरी

## अगले हफ्ते आएंगे तीन माह के पैसे!

**शुभम संदेश । रांची**


झारखंड के वृद्ध, विधवा और दिव्यांग पेंशनधारियों के लिए राहत की खबर है. राज्य के 11.75 लाख से अधिक पेंशन लाभुकों को अगले सप्ताह अप्रैल से जून 2025 तक की तीन महीने की पेंशन राशि एक साथ दी जाएगी. इसको लेकर सामाजिक सुरक्षा निदेशालय ने तैयारियां पूरी कर ली हैं.

**3000 की राशि मिलेगी हर पेंशनधारी को :** प्रत्येक लाभुक को तीन माह की पेंशन के रूप में कुल 3000 रुपए मिलेंगे. पेंशन योजना केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में संचालित होती है. केंद्र सरकार ने 119 करोड़ रुपये का अपना हिस्सा राज्य को जारी कर दिया है, जिससे राशि के वितरण की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है.

#### जिलावार पेंशनधारियों की संख्या

| जिला | लाभुकों की संख्या |
|---|---|
| पलामू | 88,136 |
| धनबाद | 83,603 |
| रांची | 66,244 |
| गिरिडीह | 74,561 |
| पूर्वी सिंहभूम | 59,688 |
| दुमका | 57,481 |
| हजारीबाग | 61,068 |
| बोकारो | 44,991 |
| देवघर | 49,293 |
| गढ़वा | 79,919 |
| अन्य जिले | विभिन्न संख्या |

- **नोट : ऊपर दी गई संख्या में वृद्धा, विधवा और दिव्यांग सभी पेंशन योजनाओं के लाभुक शामिल हैं.**



#### लाभुकों का आंकड़ा इस प्रकार है

- 8,99,076 लाभुक : वृद्धा पेंशन
- 2,51,173 लाभुक : विधवा पेंशन
- 25,397 लाभुक : दिव्यांग पेंशन
- कुल लाभुक : 11,75,646

#### किन योजनाओं के तहत मिलती है पेंशन?

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना:** इस योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र के BPL श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों को 1000 प्रति माह पेंशन मिलती है, जिसमें 200 केंद्र सरकार और 800 राज्य सरकार देती है. 80 वर्ष से अधिक उम्र के लाभुकों को केंद्र सरकार की ओर से 500 और शेष राज्य से 500 मिलते हैं.

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना:** इस योजना में राज्य के 2.5 लाख से अधिक विधवा महिलाएं लाभुक हैं. पात्रता के आधार पर उन्हें 1000 रुपए प्रतिमाह पेंशन दी जाती है.

**दिव्यांग पेंशन योजना:** राज्य में करीब 25,000 से अधिक दिव्यांगजनों को मासिक 1000 की पेंशन मिलती है.

**प्रक्रिया अगले सप्ताह तक पूरी होने की उम्मीद :** पेंशन की प्रक्रिया सामाजिक सुरक्षा निदेशालय की निगरानी में चल रही है और सभी लाभुकों के खातों में राशि अगले सप्ताह तक ट्रांसफर कर दी जाएगी. यह भुगतान वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल, मई और जून माह के लिए किया जा रहा है, जो पहले से लंबित था.

### बाबा बैद्यनाथधाम में उमड़ रही भीड़

## तीन दिनों में 4.75,659 लाख श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण

- उपायुक्त ने कंपोजिट कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण, दिए कई आवश्यक दिशानिर्देश

**शुभम संदेश । देवघर**



विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. लोग सावन शुरू होते ही बाबा भोलेनाथ को जलार्पण करने पहुंच रहे हैं. गुरुवार को भी श्रद्धालुओं की सुबह से ही लंबी लाइन रही. लोग श्रद्धालु लाइन में लग कर जलार्पण कर रहे है. जिला प्रशासन के अनुसार सावन की पहली सोमवारी से लेकर बुधवार तक चार लाख 75 हजार 659 श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ पर जलार्पण किया है.

वहीं, सावन मेले के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बुधवार देर रात कंपोजिट कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया. प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को कई दिशा निर्देश दिए. इसके अलावा उपायुक्त ने कंपोजिट कंट्रोल रूम में वायरलेस डिवाइस, चैनल, रेंज सहित अन्य उपकरणों की पूरी जानकारी प्राप्त की तथा उसे बेहतर रूप से संचालित करने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने कंपोजिट कंट्रोल रूम के भवन को लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया. साथ ही बाबा नगरी आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम जलार्पण और व्यवस्थित सुविधा को लेकर आवश्यक निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालु एक सुखद अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें. उन्होंने सीसीआर में प्रतिनियुक्त अधिकारियों से बात कर वहां के कार्यों की जानकारी ली तथा सीसीटीवी की मॉनिटरिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया. साथ ही उपायुक्त ने कहा कि श्रावण मास में बाबा नगरी आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी हो रही है, इस दौरान श्रद्धालुओं की भेष में असामाजिक तत्वों भी घूमते रहते हैं, इसलिए सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखें और लगातार माईकिंग के जरिए श्रद्धालुओं को सचेत और जागरूक करते रहें.

### जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी

## छात्राएं पंचायती राज व्यवस्था विषय पर करेंगी इंटर्नशिप

**संवाददाता । जमशेदपुर**

नेचर संस्था द्वारा जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की छात्राओं को राजनीति विज्ञान के क्षेत्र में इंटर्नशिप का सुनहरा मौका दिया गया है. ऐसे में बागबेड़ा जिला परिषद क्षेत्र में राजनीति विज्ञान की 75 छात्राओं को पंचायती राज व्यवस्था विषयक इंटर्नशिप कराया जा रहा है. ये सभी छात्राएं जिला पार्षद डॉ. कविता परमार के मार्गदर्शन में अपना इंटर्नशिप कर रही हैं. इस दौरान सभी छात्राओं को पंचायत की संरचना, कार्यपद्धति के साथ ही त्रिस्तरीय व्यवस्था को जानने और समझने का अवसर प्रदान किया जा रहा है. छात्राओं की कक्षाएं अनुग्रह नारायण सिंह शिक्षण एवं सेवा संस्थान में कराई जा रही हैं, जहां विभिन्न विषयों के ट्रेनर द्वारा जानकारी दी जाएगी. बागबेड़ा जिला परिषद क्षेत्र के अलग-अलग पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य के साथ-साथ अलग-अलग पंचायतों की कार्यपद्धति और व्यवस्था को देखने और समझने का अवसर दिया जाएगा. इस दौरान उन्हें पर्यावरण से संबंधित जानकारी भी प्रदान की जायेगी. इस संबंध में डॉ. कविता परमार ने बताया कि छात्राएं पंचायती व्यवस्था को जानने और समझने के लिए बहुत इच्छुक हैं. आशा है कि उनका यह इंटर्नशिप भविष्य में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ कैरियर में भी सहयोगी साबित होगा.

## नहाने के क्रम में डूबे किशोर का शव 22 घंटे बाद मिला

**शुभम संदेश । मेदिनीनगर**

जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर नई मुहल्ला स्थित निमियां अहरा में नहाने के क्रम में डूबकर लापता किशोर का शव 22 घंटे बाद बरामद किया गया. गुरुवार सुबह 9 बजे शव मिलने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया. उल्लेखनीय है कि शाहपुर के लालगंज के 16 वर्षीया शाहीद उर्फ कारू खान, पिता फिरोज बुधवार सुबह 11 बजे अपने छह दोस्तों के साथ निमियां अहरा में नहाने के क्रम में डूबकर लापता हो गया था. मिट्टी में धंस जाने की संभावना जताई गई थी. स्थानीय गोताखोर और अन्य माध्यमों से शव खोजने की कोशिश की जा रही थी. नगर निगम से जेसीबी मंगाकर आहार के पानी को बहाया गया था. देर रात तक कुछ आता पता नहीं चल पाया था. गुरुवार सुबह शव आहार में दिखा. सूचना मिलने पर चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया. पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच में भेजा. घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है. शव मिलने के बाद वार्ड नंबर 31 की प्रथम पार्षद प्रमिला देवी प्रभावित परिवार से मिली और शोक संवेदना व्यक्त की. उन्होंने कहा कि प्रशासनिक स्तर से आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाली मुआवजा राशि दिलाने का प्रयास किया जाएगा.

### डुरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन 24 जुलाई को

**जमशेदपुर।** जिले में देश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट डुरंड कप के 134वें संस्करण का उद्घाटन 24 जुलाई को जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जाएगा. यह जानकारी जिला प्रशासन ने गुरुवार को दी. जानकारी के अनुसार यह आयोजन स्थानीय संस्कृति, सैन्य अनुशासन और फुटबॉल उत्साह का संगम प्रस्तुत करेगा. उद्घाटन समारोह में शानदार फ्लाई पास्ट, स्काई डाइविंग, माइक्रोलाइट डेमो जैसे आकर्षक कार्यक्रमों के साथ पाईका, खुकरी नृत्य, झूमर और कलरिपयट्टु जैसी पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा, जो दर्शकों को रोमांचित करेगा. इस कार्यक्रम में राज्य और सैन्य क्षेत्र के अनेक पदाधिकारी शामिल होंगे.

### झारखंड सरकार की बड़ी कार्रवाई

## राजगंज थाना प्रभारी का जाति प्रमाण पत्र रद्द

**शुभम संदेश । धनबाद**



झारखंड सरकार के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने धनबाद जिले के राजगंज थाना प्रभारी अलीशा कुमारी का जाति प्रमाण पत्र रद्द कर दिया है. यह कार्रवाई बोकारो के कालिकापुर निवासी प्रदीप कुमार रे की शिकायत के आलोक में की गई है.

**फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे आरक्षण का लाभ लेने का आरोप :** शिकायतकर्ता ने अलीशा कुमारी द्वारा फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे आरक्षण का लाभ लेने का आरोप लगाया था.

इस मामले को लेकर प्रदीप कुमार रे ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका भी दाखिल की थी. कोर्ट ने मामले को जाति छानबीन समिति को भेजने का निर्देश दिया था. विवादित प्रमाण पत्र संख्या जेएचसीसी /2017/229784 अलीशा कुमारी को तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी द्वारा निर्गत किया गया था. इसमें उन्हें बनिया (पिछड़ा वर्ग-2) के रूप में दर्शाया गया था.जबकि जांच में सामने आया कि अलीशा का परिवार जामताड़ा पंचायत, डुमरी, गिरिडीह का स्थायी निवासी नहीं है. जांच के दौरान यह भी तथ्य सामने आया कि अलीशा के पिता ने वर्ष 1986 में जामताड़ा क्षेत्र में जमीन खरीदी थी, जिस पर दस वर्ष पूर्व मकान बना और उसे किराए पर दे दिया गया. हालांकि परिवार खुद उस स्थान पर कभी स्थायी रूप से निवास नहीं किया. जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने के लिए अलीशा द्वारा स्वयं-घोषित शपथ-पत्र और पुराने दस्तावेजों का सहारा लिया गया था, जिन्हें सत्यापित करने के बाद समिति ने प्रमाण पत्र को अमान्य पाया.

**जांच में जाति प्रमाण पत्र पाया गया अमान्य :** समिति की ओर से अलीशा कुमारी को 10 फरवरी और 25 अप्रैल 2025 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए पत्र भेजा गया था. 25 अप्रैल को अलीशा कुमारी और शिकायतकर्ता प्रदीप रे, दोनों अपने अधिवक्ताओं के साथ समिति के समक्ष उपस्थित हुए और पक्ष रखा. पर्याप्त साक्ष्यों एवं स्थायी निवास प्रमाण के अभाव में झारखंड राज्य की जाति छानबीन समिति ने अलीशा कुमारी को राज्य की स्थानीय निवासी मानने से इनकार करते हुए उनका जाति प्रमाण पत्र रद्द कर दिया. अलीशा कुमारी 2018 बैच की सब इंस्पेक्टर हैं और धनबाद के राजगंज थाना में थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं. इससे पहले गढ़वा और हजारीबाग में महत्वपूर्ण पद पर रह चुकी है.

### चाकुलिया में बनेंगे वंदे भारत ट्रेन के कोच

## 4000 से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार

**शुभम संदेश । जमशेदपुर**

जिले के चाकुलिया प्रखंड में अब वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच तैयार होंगे. इसके लिए यहां एमएस वोल्टास रेल प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी एक बड़ी निर्माण इकाई स्थापित करने जा रही है. इस परियोजना पर लगभग 4000 करोड़ रुपये की लागत आएगी और इसका निर्माण 300 एकड़ से अधिक जमीन पर किया जाएगा. जमशेदपुर परिसदन में बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार मोहंती और कंपनी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं सलाहकार विष्णु गर्ग के बीच बैठक हुई, जिसमें प्रगति और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई.

#### ईस्ट जोन की पहली वंदे भारत कोच निर्माण यूनिट



यह यूनिट पूर्वी भारत की पहली ऐसी निर्माण इकाई होगी, जो देश की महत्वाकांक्षी योजना वंदे भारत ट्रेन के लिए कोच तैयार करेगी. कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, पहले चरण के बाद इसे अतिरिक्त 400 एकड़ भूमि अधिग्रहित कर और अधिक विस्तारित किया जाएगा.

**स्थानीय युवाओं को मिलेगा रोजगार :** इस यूनिट के स्थापित होने से स्थानीय स्तर पर 4000 से अधिक युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है, जिससे इलाके की आर्थिक स्थिति में सुधार और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा.

**जल्द होगा राज्य सरकार और कंपनी के बीच एमओयू :** विधायक समीर कुमार मोहंती ने बताया कि अगले महीने राज्य सरकार और कंपनी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे. उन्होंने इसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली अबुआ सरकार की दूरदर्शिता और जनहितकारी सोच का परिणाम बताया. विधायक ने यह भी कहा कि यह परियोजना बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र और पूर्वी सिंहभूम जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि साबित होगी. इसके धरातल पर उतरते ही बेरोजगारी में कमी और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी.

### 20 जुलाई तक बारिश के आसार येलो अलर्ट जारी

**रांची।** झारखंड में मानसून ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है. मौसम विभाग के अनुसार राज्य में 20 जुलाई तक रुक-रुक कर बारिश जारी रहेगी. कई इलाकों में गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना है. रांची मौसम केंद्र ने येलो अलर्ट जारी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की है.

**अगले चार दिनों तक तेज बारिश की संभावना :** आईएमडी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश से सटे क्षेत्र में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना है, जो अगले 24 घंटों में और प्रभावी होगा. इससे जुड़ा साइक्लोनिक सर्कुलेशन धीरे-धीरे झारखंड की ओर बढ़ रहा है, जिससे अगले चार दिनों तक बारिश की तीव्रता बनी रहेगी. मानसून ट्रफ वर्तमान में बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पुरुलिया, और कोंटाई होते हुए बंगाल की खाड़ी से गुजर रहा है, जिसका सीधा असर झारखंड के मौसम पर पड़ रहा है.

## स्कूल में एस्बेस्टस गिरने से 6 बच्चों को लगी चोट

**शुभम संदेश । कोडरमा**

- स्कूल में चल रही थी पढ़ाई, बच्चे सुरक्षित

जिले के लरियाडीह स्थित रॉयल वैली प्राइवेट स्कूल में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया. स्कूल में निर्माण कार्य के दौरान छत पर लगाया जा रहा एस्बेस्टस अचानक नीचे गिर गया, जिससे कक्षा 6 के छह छात्र और एक मजदूर घायल हो गए. जानकारी के अनुसार, स्कूल के एक कमरे में छत निर्माण का काम चल रहा था. उसी दौरान मजदूर महेश कुमार दीवार पर एस्बेस्टस लगा रहा था, जबकि उसी कमरे में बच्चे पढ़ाई कर रहे थे. अचानक एस्बेस्टस उसके हाथ से फिसल गया और नीचे बैठे बच्चों पर गिर गया. इसके साथ ही कुछ ईंटें भी दीवार से टूटकर गिर पड़ीं. मजदूर महेश भी संतुलन खोकर नीचे गिर गया. घटना में घायल छात्रों में 8 वर्षीय आयुषी कुमारी, रौशन कुमार, नरेश कुमार, 10 वर्षीय मोहम्मद शाहिद, 12 वर्षीय मोहम्मद शहजाद और 9 वर्षीय प्रिंस कुमार शामिल हैं. सभी को प्राथमिक इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. वहीं, कोडरमा थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि इस संबंध में अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है. यदि कोई आवेदन प्राप्त होता है, तो मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी.

## बांसुरी की मंद ध्वनि से कम होगा शरीर का दर्द

**शुभम संदेश । रांची**

- बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर ने किया शोध

अगर आपके शरीर में दर्द है तो राहत पाने का एक नया तरीका सामने आया है. बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर और संगीतज्ञ डॉ. मृणाल पाठक के ताजा शोध में यह बात सामने आई है कि करीब 15 डेसीबल पर बजाई गई बांसुरी की धुन शरीर में प्राकृतिक दर्द निवारक हार्मोन बीटा एंडोर्फिन के स्त्राव को बढ़ा सकती है. इससे दर्द में कमी देखी गई है. इस शोध के तहत स्विस एल्बिनो नस्ल के चूहों को राग भैरवी की धीमी ध्वनि सुनाई गई. नतीजतन, उनके हाइपोथेलेमस-पिट्यूटरी प्रणाली में सक्रियता बढ़ी और बीटा एंडोर्फिन का स्तर ऊपर गया. इसके बाद उनके शरीर में दर्द सहने की क्षमता में भी इजाफा देखा गया. डॉ. मृणाल पाठक का यह शोध हाल ही में अंतरराष्ट्रीय जर्नल 'करेंट साइकियाट्री रिसर्च एंड रिव्यू' में प्रकाशित हुआ है. भारतीय ज्ञान प्रणाली और संगीत चिकित्सा में विशेषज्ञता रखने वाले डॉ. पाठक के अनुसार, यह शोध संगीत चिकित्सा को विज्ञान की दृष्टि से मजबूत आधार प्रदान करता है. डॉ. पाठक का कहना है कि बांसुरी की मधुर ध्वनि शरीर में सकारात्मक जैव रासायनिक परिवर्तन लाती है, जिससे दर्द में राहत मिलती है. भविष्य में यह अध्ययन मानव शरीर पर भी किया जाएगा.

## रांची में कल झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की बैठक



रांची। झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ द्वारा जगह-जगह अवैध वसूली के विरोध में 19 जुलाई को नामकुम सरहुल मैदान में महत्वपूर्ण बैठक होगी. यह बैठक सुबह नौ बजे आयोजित की जाएगी. इसमें नामकुम-रामपुर मार्ग में चलने वाले ऑटो चालक के अलावा झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे.

## एचईसी के अच्छे दिन लौटे!

# जुलाई में स्टील सेक्टर को भेजेगा 10 करोड़ का माल

शुभम संदेश। रांची

रांची स्थित हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है. सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने एचईसी पर से दो साल पुराना प्रतिबंध हटा लिया है. इसके साथ ही एचईसी को एनसीएल से करीब 100 करोड़ रुपए का वर्क ऑर्डर मिलने की उम्मीद बढ़ गई है. एचईसी प्रबंधन के मुताबिक, जुलाई महीने में स्टील और बीएसपी सेक्टर के लिए 10 करोड़ से अधिक के उत्पादों का डिस्पैच किया जाएगा. इससे एचईसी की आर्थिक स्थिति को बल मिलेगा.




**क्यों लगा था प्रतिबंध :** वर्ष 2023 में एचईसी की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह समय पर एनसीएल को क्रशर जैसी ज़रूरी मशीनें नहीं पहुंचा सका. इसके चलते एनसीएल ने एचईसी को अपने टेंडरों से प्रतिबंधित कर दिया था. अब ताजा बैठक में एचईसी अधिकारियों ने एनसीएल को उत्पादन और डिलीवरी समय पर करने का भरोसा दिलाया, जिसके बाद यह प्रतिबंध हटा लिया गया है.

**वर्क ऑर्डर और उत्पादन की स्थिति**
एचईसी को हाल ही में भेल हैदराबाद से करीब 20 करोड़ रुपए के स्पेयर पार्ट्स का वर्क ऑर्डर मिला है. इसके अलावा भेल और अन्य कंपनियों से भी ऑर्डर मिलने लगे हैं. फिलहाल एचईसी के तीनों प्रमुख प्लांट - एफएफपी, एचएमबीपी और एचएमटीपी - में उत्पादन सुचारू रूप से चल रहा है. हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के महामंत्री लीलाधर सिंह ने बताया कि अभी एचईसी के पास 600 करोड़ रुपए से अधिक के वर्क ऑर्डर मौजूद हैं, जिनमें कोल माइंस और डिफेंस सेक्टर शामिल हैं.

### गुणवत्ता बनी भरोसे की वजह

एचईसी द्वारा निर्मित उपकरणों की गुणवत्ता को लेकर हमेशा से उद्योग जगत में सकारात्मक धारणा रही है. यही कारण है कि केंद्र सरकार, सार्वजनिक कंपनियों और रक्षा क्षेत्र की एजेंसियों ने एचईसी के पुनरुद्धार पर विशेष ध्यान देना शुरू किया है. पिछले दो महीनों में संसद की तीन समितियों की बैठकें हुई हैं, जिनमें एचईसी को बंद नहीं करने का आश्वासन दिया गया है और कंपनियों से इसमें वर्क ऑर्डर देने की अपील की गई है.



जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय ने गुरुवार को उप निदेशक जनसंपर्क, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया.

## डॉ. विनीता सिंह बनीं रांची वीमेंस कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य



शुभम संदेश। रांची

रांची वीमेंस कॉलेज में प्रशासनिक बदलाव के तहत डॉ विनीता सिंह को कॉलेज की नई प्रभारी प्राचार्य (प्रोफेसर इंचार्ज) नियुक्त किया गया है. वर्तमान में डॉ विनीता रांची वीमेंस कॉलेज के आर्ट्स ब्लॉक की प्रोफेसर इंचार्ज हैं. यह नियुक्ति तब हुई है जब पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ सुप्रिया का तबादला कर उन्हें पीजी अंग्रेजी विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया है.

**डॉ सुप्रिया बनीं पीजी अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष**

रोटेशन और वरीयता के आधार पर डॉ सुप्रिया को आगामी दो वर्षों के लिए पीजी अंग्रेजी विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. यह पद डॉ सहाय की सेवानिवृत्ति के बाद से रिक्त था.

**डॉ वंदना और डॉ पीके चौधरी पूर्ववत पद पर कार्यरत रहेंगे**

- डॉ वंदना कुमारी, जो पहले पीजी जंतुविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष और साइंस डीन रह चुकी हैं, नई नियुक्ति होने तक साइंस डीन के पद पर बनी रहेंगी.
- इसी तरह, डॉ पीके चौधरी, पूर्व पीजी समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष और सोशल साइंस डीन, भी नई नियुक्ति होने तक अपने पद पर बने रहेंगे.

दोनों की नियुक्तियां 1 जुलाई 2025 से प्रभावी मानी जाएंगी.

**डॉ एसएम अब्बास बने डीएसपीएमयू के सोशल साइंस डीन**

डीएसपीएमयू (डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय) में डॉ एसएम अब्बास को सोशल साइंस संकाय के नए डीन के रूप में नियुक्त किया गया है. डॉ अब्बास वर्तमान में पीजी मानवशास्त्र विभाग के अध्यक्ष भी हैं. यह नियुक्ति रोटेशन के आधार पर दो वर्षों के लिए की गई है. पूर्व डीन डॉ सर्वोत्तम कुमार को डॉ अब्बास को प्रभार सौंपने का निर्देश दिया गया है.

**अन्य स्थानांतरण**

डॉक्टर आदित्येंद्र नाथ शाहदेव को मारवाड़ी कॉलेज, रांची में प्रतिनियुक्त किया गया है. वे पूर्व में मारवाड़ी कॉलेज से स्थानांतरित होकर मांडर कॉलेज गए थे और अब वापस मारवाड़ी कॉलेज में नियुक्त किए गए हैं.

### अवैध वसूली पर रांची नगर निगम का बड़ा कदम

# ऑटो चालकों से जबरन वसूली पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची में ऑटो चालकों से मनमाने ढंग से वसूली करने वाले अब नगर निगम के रडार पर हैं. शहर में अवैध वसूली की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए रांची नगर निगम ने अब कड़ी कार्रवाई का ऐलान किया है. निगम ने साफ कहा है कि रांची में किसी भी व्यक्ति, संस्था या समूह को ऑटो चालकों से किसी भी प्रकार की वसूली का अधिकार नहीं है. यदि कोई ऐसा करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई तय है.नगर निगम के जनसंपर्क पदाधिकारी गौतम कुमार साहू ने बताया कि बीते कई सप्ताह से नगर निगम को यह शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ स्थानों पर चालकों से वसूली के नाम पर अवैध गतिविधियां चल रही हैं. इसके बाद नगर आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लिया और विशेष टीमों को चिन्हित इलाकों में भेजकर स्थिति का जायजा लेने का निर्देश दिया.

**वसूली के नाम पर फर्जी रसीद, ड्राइवरों की परेशानी बढ़ी:** रांची के कई ऑटो चालकों ने नगर निगम अधिकारियों से संपर्क कर बताया कि कुछ लोग रसीद काटकर उनसे पैसे वसूल रहे हैं, लेकिन बाद में पता चला कि वह रसीद मान्य ही नहीं है. खादगढ़ा बस स्टैंड, रातू रोड चौक, लालपुर और हरमू जैसे इलाकों से ऐसी शिकायतें सबसे ज्यादा आ रही हैं.ऑटो चालक मुकेश कुमार बताते हैं कि हमसे हर दिन 20 से 50 रुपए तक वसूला जाता है. न देने पर गाड़ी जब्त करने की धमकी दी जाती है. हम गरीब लोग हैं, इतना पैसा कहां से देंगे?

**तीन अधिकृत पार्किंग स्थल, बाकी सब अवैध :** नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर में केवल तीन स्थानों को ही अधिकृत ऑटो पार्किंग के रूप में अनुमति दी गई है:

- सदर अस्पताल के पास
- रातू रोड न्यू मार्केट
- अरगोड़ा चौक

इन तीन स्थानों को छोड़कर शहर में कहीं भी निगम ने ऑटो स्टैंड या वसूली की अनुमति नहीं दी है. निगम ने कहा है कि जिन स्थानों पर पैसे वसूले जा रहे हैं, वे पूरी तरह अवैध हैं और वहां निगरानी टीम तैनात की जा रही है.




### क्या कहता है प्रशासन?

नगर निगम का मानना है कि यदि यह वसूली बंद नहीं हुई तो न केवल आम लोगों की परेशानी बढ़ेगी, बल्कि शहर की छवि भी खराब होगी. इसलिए अब कार्रवाई के साथ-साथ नियमित मॉनिटरिंग और जांच अभियान भी चलाया जाएगा.निगम का संदेश स्पष्ट है अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी. नाजायज वसूली करने वालों को अब तैयार रहना होगा, क्योंकि कानून अब उनके दरवाजे तक पहुंच चुका है.

### निगम की अपील: जानकारी दें, कार्रवाई होगी

नगर निगम ने ऑटो चालकों और आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं कोई व्यक्ति या संस्था अवैध वसूली करती दिखे तो तुरंत इसकी सूचना नगर निगम कार्यालय या हेल्पलाइन पर दें. शिकायत मिलने पर तत्काल टीम भेजी जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा.नगर निगम ने यह भी संकेत दिया है कि जल्द ही ऐसे मामलों के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर और व्हाट्सएप सुविधा शुरू की जाएगी ताकि चालक बिना डर के अपनी बात कह सकें.



## एक नजर

### रांची में आरपीएफ ने अवैध शराब के साथ बिहार के जहानाबाद के आरोपी को गिरफ्तार किया



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने गुरुवार को अवैध शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है. उसके पास से 30 लीटर शराब बरामद की गई है. एसआई सूरज पांडेय ने बताया कि गुरुवार को आरपीएफ फ्लाइंग टीम ने ऑपरेशन सतर्क के तहत रांची रेलवे स्टेशन और उसके आस-पास के क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया गया. इसी क्रम में प्लेटफार्म संख्या-01 पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में एक ग्रे रंग के ट्रॉली बैग और एक काले रंग के पीठू बैग के साथ खड़ा पाया गया. पूछताछ में आरोपित ने बताया कि दोनों बैग उसी के हैं और इनमें शराब रखी हुई है. तलाशी लेने पर अलग-अलग ब्रांड के अवैध 30 लीटर शराब बरामद हुई. गिरफ्तार आरोपित का नाम चिन्टू कुमार बताया गया. वह बिहार के जहानाबाद का रहने वाला है. आरोपित ने स्वीकार किया कि वह ट्रेन संख्या 18624 एक्सप्रेस से बिहार जा रहा था तथा इन शराब की बोतलों को ज्यादा दाम पर बेचने की मंशा रखता था. बरामद शराब को गवाहों की उपस्थिति में एएसआई अनिल कुमार ने जब्त किया. आरोपित को आरपीएफ पोस्ट रांची लाया गया. जब्त शराब और आरोपित को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सुपुर्द किया जाएगा.

### ओरमांझी में अवैध नकली पनीर की बड़ी खेप



**रांची।** राजधानी रांची के ओरमांझी इलाके से नकली पनीर बरामद किया गया है. गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में ओरमांझी थाना द्वारा बड़ी मात्रा में अवैध नकली पनीर की खेप को पकड़ा गया. यह पनीर टेंपो के माध्यम से रांची लाया जा रहा था. सूचना प्राप्त होते ही खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, रांची के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त नकली पनीर को जब्त कर लिया गया. प्रारंभिक जांच में पनीर के गुणवत्ताहीन एवं मानकविहीन होने की पुष्टि हुई है. इस संदर्भ में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की सुसंगत धाराओं के तहत अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है. खाद्य सुरक्षा विभाग इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कड़ी निगरानी एवं कठोर कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है.

### अपना घर आश्रम में 37 मंदबुद्धि निराश्रितों को मिला भोजन



**रांची।** राजधानी रांची के पुंदाग स्थित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार), मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग में परमहंस डॉ. संत शिरोमणि श्रीश्री 108 स्वामी सदानंद महाराज के सान्निध्य में श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा विगत 18 माह से सेवा जारी है. गुरुवार को अमन कुमार पोद्दार के सौजन्य से 37 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रितों व सेवादारों को आश्रम किचन में बना भोजन प्रसाद खिलाया गया. प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 3 से 17 जुलाई तक 2940 निराश्रितों को अन्नपूर्णा सेवा के तहत भोजन कराया जा चुका है. सेवा के दौरान करण प्रसाद, श्याम शशि वर्मा, प्रह्लाद मुरारका, दीपक खेतान, सुधीर पांडेय, पूजा सिंह, दिया केसरी, निर्मल मानपुरिया सहित कई सेवाभावी जुड़े। अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित रहे.

## आरटीई बैठक से गायब रहे स्कूलों को नोटिस नामांकन नहीं लेने वाले 14 स्कूलों पर भी कार्रवाई

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के रांची जिले में आरटीई (शिक्षा का अधिकार कानून) के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों के नामांकन को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है. डीसी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई थी, जिसमें जिले के कई निजी स्कूलों को शामिल होना था.

**9 स्कूलों ने नहीं ली बैठक में भागीदारी :** बैठक में 9 निजी स्कूलों के प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए. इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) बादल राज ने इन स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. सभी स्कूलों को 19 जुलाई 2025 तक यह बताना होगा कि पूर्व सूचना के बावजूद वे बैठक में क्यों शामिल नहीं हुए.

**14 स्कूलों ने नहीं लिया RTE के तहत नामांकन, अब नोटिस जारी**

इसके साथ ही 14 ऐसे स्कूलों को भी नोटिस भेजा गया है, जिन्होंने आरटीई के तहत सभी अनुमोदित सीटों पर नामांकन नहीं लिया है. जिला प्रशासन ने इन स्कूलों से नामांकन की प्रगति रिपोर्ट भी मांगी है.



**नोटिस प्राप्त करने वाले स्कूल**

- छोटानागपुर पब्लिक स्कूल
- डॉन बॉस्को हेसाग
- एलए गार्डन सामलौंग
- आरबी स्प्रिंगडेल
- आरटीसी मुरी
- संत अलोइस स्कूल
- अरविंदो अकादमी खलारी
- संत कोलंबस मुरगू
- संत जेवियर स्कूल धुर्वा

**नोटिस पाने वाले स्कूलों में शामिल हैं**

- एलए गार्डन स्कूल
- प्रभात तारा मीडिल स्कूल
- डीएवी आलोक
- संत अलोइस स्कूल
- आरुणी पब्लिक स्कूल
- बर्लिन पब्लिक स्कूल कांके
- बेथेनी कॉन्वेंट मखमंदरी
- बीएनएन इंटरनेशनल स्कूल ओरमांझी
- संत जेवियर स्कूल धुर्वा
- छोटानागपुर पब्लिक स्कूल
- डीएवी नंदराज मॉडर्न स्कूल लालपुर
- ज्ञानोदय अकादमी पिस्का
- सेक्रेड मिशन हाई स्कूल नगड़ी
- सेवेन स्टार अकादमी व जगत ज्ञान पब्लिक स्कूल

## अपग्रेड करने के लिए जन अबुआ साथी तीन दिनों के लिए हुआ बंद

**रांची।** जिला प्रशासन की ओर से जन शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए चलाए जा रहे अबुआ साथी सेवा को तकनीकी रूप से और अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से इसका अपग्रेडेशन किया जा रहा है. इस वजह से अबुआ साथी के तहत संचालित व्हाट्सएप नंबर 9430328080 पर सेवा गुरुवार की रात 10 बजे से अगले तीन दिनों तक अस्थायी रूप से बंद रहेगी. इस अवधि के दौरान आमजन अपनी शिकायतें जिला प्रशासन को वैकल्पिक ईमेल आईडी डीसी ऐट दि रेट डीईजीएस रांची डॉट आईएन के माध्यम से भेज सकते हैं. प्रशासन की ओर से प्राप्त शिकायतों को नियमित रूप से संकलित कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया जाएगा और जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने इस संबंध में गुरुवार को बताया कि अबुआ साथी को और अधिक यूज़र-फ्रेंडली, पारदर्शी और तेज़ बनाया जा रहा है. अपग्रेडेशन के बाद सेवा पहले की तुलना में अधिक प्रभावी और सुविधाजनक होगी.

## करमटोली में कर्ज के दबाव से युवक ने की आत्महत्या

### सुसाइड नोट में लिखा- "मैं अच्छा बेटा नहीं बन सका"

शुभम संदेश। रांची

राजधानी रांची के करमटोली इलाके में एक युवक ने कर्ज वसूली के दबाव में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.



मृतक की पहचान रामगढ़ निवासी जय गोस्वामी के रूप में हुई है, जो करमटोली अन्नपूर्णा चौक स्थित संधू लॉज में किराए पर रह रहा था. बुधवार को उसका शव उसके कमरे से बरामद हुआ. मिली जानकारी के अनुसार जय गोस्वामी एक लगेज कंपनी में काम करता था पुलिस को मौके से 3 पन्नों का सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने मोबाइल ऐप से लिए गए कर्ज और रिकवरी एजेंट की प्रताड़ना का जिक्र किया है. सुसाइड नोट में जय ने लिखा कि उसने ऐप से 2 लाख रुपये का कर्ज लिया था, जिसे चुका भी दिया था. इसके बावजूद कथित एजेंट उसे लगातार व्हाट्सऐप कॉल कर पैसे की मांग कर रहा था और पैसे नहीं देने पर जेल भेजने की धमकी देता था.

जय ने अपने माता-पिता के लिए भी संदेश छोड़ा है. उसने अपने सुसाइड नोट में लिखा, मैं अच्छा बेटा नहीं बन सका. पुलिस का मानना है कि कर्ज वसूली की धमकियों से परेशान होकर जय ने यह कदम उठाया. शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

पुलिस को आशंका है कि तनाव में आकर जय गोस्वामी ने आत्महत्या की होगी. जय ने सुसाइड नोट में जिक्र किया है कि एक मोबाइल ऐप के जरिए उन्होंने दो लाख रुपए कर्ज लिए थे. कर्ज अदा भी किया. फिर भी एजेंट लगातार उनसे पैसे मांग रहा था. पैसे नहीं देने पर जेल भेजने की धमकी देता रहता था. जय ने माता-पिता को संबोधित करते लिखा है- मैं अच्छा बेटा नहीं बन सका.

**एक्शन में मंत्री**

### कृषि मं ने लाह शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र का किया औचक निरीक्षण

# काम में सुस्ती पर हुईं नाराज, दिए कई जरूरी निर्देश

शुभम संदेश। रांची

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को भूमि संरक्षण कार्यालय रांची और और नामकुम के सिदरौल स्थित भगवान बिरसा मुंडा लाह मूल्य संवर्द्धन शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा योजनाओं को गति देने और कार्य संस्कृति में बदलाव की बात पर जोर दिया. उन्होंने कार्यालय में कर्मचारियों और अधिकारियों की उपस्थिति, कार्य संस्कृति, योजनाओं से संबंधित कार्य प्रगति रिपोर्ट की भी जानकारी ली. भूमि संरक्षण विभाग के अंतर्गत डीप बोरिंग, परकोलेशन टैंक, तालाब के जीर्णोद्धार से संबंधित विधायकों के अनुशंसा पत्र को देखा. वहीं मंत्री ने ट्रैक्टर वितरण और पंपसेट वितरण की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए सरकारी अनुदान पर लाभुकों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ देने का निर्देश दिया.



इधर, नामकुम के सिदरौल स्थित भगवान बिरसा मुंडा लाह मूल्य संवर्द्धन शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण के क्रम में मंत्री ने प्रशासनिक भवन के साथ-साथ लाह गोदाम का निरीक्षण किया. लाह केंद्र में कच्चा लाह का संग्रहण के साथ-साथ प्रसंस्करण और किसानों को प्रशिक्षण देने का कार्य किया जाता है. मंत्री ने संस्थान में लाह प्रशिक्षण के लिए मौजूद उपकरण और संसाधन के रख-रखाव को लेकर बरती जा रही लापरवाही में सुधार लाने का निर्देश दिया है. मंत्री ने लाह केंद्र में ज्यादा से ज्यादा किसानों को प्रशिक्षित करने की बात कही. ताकि लाह उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण में नई उपलब्धियों को हासिल किया जा सके.

### स्थल निरीक्षण में सुस्ती से मंत्री नाराज

मौके पर मंत्री ने कहा है कि अक्टूबर माह में काम की शुरुआत हो जानी चाहिए. योजना को समय सीमा के अंदर शुरू करने को लेकर भूमि संरक्षण विभाग की ओर से सभी जिलों को भी इससे संबंधित निर्देश जारी किया जाएगा. विधायकों की ओर से अनुशंसित योजना का अधिकारियों के स्तर पर स्थल निरीक्षण में सुस्ती से मंत्री नाराज दिखीं. उन्होंने विभाग के अधीन संचालित योजनाओं को गति देने के लिए समय सीमा का निर्धारण करते हुए टास्क दिया. मंत्री ने कहा कि विधायकों के अनुशंसा पत्र का योजनावार समरी तैयार किया जाएगा. उन्होंने कहा कि विभाग के जेई और एई अगस्त माह के अंत तक योजना स्थल निरीक्षण का कार्य हर हाल में पूर्ण करेंगे. इसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी के समक्ष जांच रिपोर्ट की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. सितंबर माह में योजना से संबंधित सूची तैयार कर जिला उपायुक्त के समक्ष अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा

## 6 साल बाद तरुण कुमार गुप्ता की भाजपा में वापसी, बाबूलाल ने दिलाई सदस्यता

शुभम संदेश। रांची

लगभग 6 वर्षों के निष्कासन के बाद जामताड़ा के वरिष्ठ नेता तरुण कुमार गुप्ता की भारतीय जनता पार्टी में जोरदार वापसी हुई है. नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने गिरिडीह स्थित आवास पर उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई और भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया. तरुण कुमार गुप्ता जामताड़ा जिले की राजनीति में एक जाना-पहचाना नाम हैं. वे 2 बार निर्दलीय और 2 बार भाजपा के प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं. इसके अलावा वे जामताड़ा जिला 20 सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं. भाजपा में पुनः शामिल होने के बाद तरुण कुमार गुप्ता ने कहा, पार्टी ने जिस भरोसे के साथ मुझे पुनः शामिल किया है, मैं उस पर खरा उतरूंगा. संगठन जो भी दायित्व देगा, उसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगा और पार्टी को मजबूती प्रदान करूंगा.



इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि तरुण कुमार गुप्ता जैसे अनुभवी नेता की वापसी भाजपा के लिए सकारात्मक संकेत है. वे कुछ वर्षों के लिए पार्टी से भले ही अलग हो गए थे, लेकिन अब उनकी घर वापसी हुई है, जो हम सभी के लिए हर्ष का विषय है. उनके जुड़ने से न केवल जामताड़ा बल्कि संथाल परगना क्षेत्र में पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी, उन्होंने कहा. गौरतलब है कि संथाल परगना भाजपा के लिए एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र रहा है और इस क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी लगातार प्रयासरत है. ऐसे में तरुण गुप्ता जैसे जमीनी नेता की वापसी से भाजपा को रणनीतिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है.

## ब्रीफ न्यूज

### जंगली हाथियों के झुंड ने घर को किया ध्वस्त

**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ प्रखंड के झाबर पंचायत स्थित कुशी टोला(कोमर) में बनवारी उरांव के घर को बुधवार की रात जंगली हाथियों के झुंड ने ध्वस्त कर दिया. ग्रामीण बनवारी उरांव जिससे बेघर हो गया है. ग्रामीण ने बताया कि घर में जितने अनाज थे सभी हाथियों के द्वारा बर्बाद कर दिया गया. सूचना मिलने पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू ने घटनास्थल का जायजा लिया . प्रदीप गंझू ने परिवार को आश्वासन दिया कि जितना जल्द हो सके सरकार के द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से घर दिलाया जाएगा. मौके पर अबुल मियां, कपिलदेव उरांव, मो साबिर, अमित उरांव, माइकल कुजूर समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे.

### सेविका चयन में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग

**बरवाडीह ( लातेहार)।** प्रखंड के लात पंचायत स्थित ग्राम बेरे के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 68 में सेविका चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आया है. ग्रामवासी सरोज कुमारी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण तिवारी को आवेदन सौंपकर इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है.उन्होने बताया कि 29 मई को ग्राम बेरे में सेविका चयन हेतु प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, पर्यवेक्षी, ग्राम प्रधान और ग्रामीणों की उपस्थिति में बैठक बुलाई गई थी. जिसमें चयन प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया था.इसके बाद 18 जून को एक और बैठक बुलाई गई, जिसमें न तो कोई चयन हुआ और न ही ग्रामीणों से हस्ताक्षर लिए गए. बावजूद इसके अनीता देवी, पति प्रेमचंद सिंह को सेविका के पद पर चयनित कर लिया गया.ग्रामीणों का कहना है कि सेविका चयन में भारी घोटाला हुआ है, जिसमें फर्जी ग्रामीणों के हस्ताक्षर कर और दस्तावेजों में हेराफेरी कर अनीता देवी की नियुक्ति की गई.

### मुखिया की पहल पर जलजमाव की समस्या का हुआ समाधान

**लेस्लीगंज (पलामू)।** लेस्लीगंज प्रखंड की पंचायत की मुखिया रेखा देवी एवं समाजसेवी छोटेलाल सोनी के संयुक्त प्रयास से बाबुदुम्मी गांव में पिछले दो वर्षों से बनी जलजमाव की गंभीर समस्या का समाधान किया गया. समस्या की जानकारी मिलते ही समाजसेवी छोटेलाल सोनी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और इसकी सूचना बीडीओ सुकेशिनी केरकेट्टा व सीओ सुनील कुमार सिंह को दी. दोनों अधिकारी जब स्थल पर पहुंचे तब पाया कि जलजमाव के कारण गांव के कई घरों में पानी घुस गया है. जेसीबी मशीन मंगवाकर नाली खुदवाकर पानी की निकासी पास के नहर में किया गया. बल्कि मुखिया ने गांव में स्थायी समाधान के रूप में पक्की नाली निर्माण का भी आश्वासन दिया. मौके पर दुर्गा प्रसाद तिवारी, मिथिलेश तिवारी, रूपन भुईयां, सकेंद्र पासवान, प्रदीप भुईयां, मनजीत भुईयां, पप्पू सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद थे.

### वाहन जांच के दौरान पकड़ाए 14 दोपहिया

**मेदिनीनगर।** छहमुहान पर यातायात पुलिस ने चारपहिया व दोपहिया वाहन जांच अभियान चलाया. इस दौरान दोपहिया के कुछ चालक बगैर हेलमेट व बगैर लाइसेंस के वाहन चलाते पाए गए. ऐसे 14 दोपहिया वाहन को पकड़ने के साथ ही एक बुलेट जिससे फटाफट की जोरदार आवाज आ रही थी उसमें मॉडिफाइड साइलेंसर लगे होने के कारण उसे भी जब्त किया गया.

## शुभम संदेश में खबर प्रकाशित होने के बाद कुछ ही घंटों में दिखा असर, धनबाद डीआरएम ने लिया संज्ञान

# बरवाडीह रेलवे कॉलोनी की छतों की मरम्मत का काम शुरू

**शुभम संदेश।बरवाडीह**

बरवाडीह रेलवे स्टेशन परिसर और कॉलोनी में जलजमाव, छतों से पानी टपकने और दीवारों में रिसाव जैसी गंभीर समस्याओं को **शुभम संदेश** अखबार ने 17 जुलाई के अंक में प्रमुखता के साथ खबर को प्रकाशित किया था जिसके बाद रेल प्रशासन में हड़कंप मच गई थी.

समाचार के प्रकाशन के बाद धनबाद रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ने त्वरित संज्ञान लेते हुए सीनियर डीईएन धनबाद को मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने का आदेश दिया. वहीं आदेश के बाद सीनियर डीईएन धनबाद ने शुभम संदेश अखबार में छपी खबर पर संज्ञान लेते हुए सोशल मीडिया एक्स पर बरवाडीह रेलवे कॉलोनी की छतों का मरम्मती कार्य का तस्वीर साझा करते हुए जवाब दिया कि आपके द्वारा बताई गई समस्या को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभाग को कार्य के लिए अनुमति दे दी गई है. वहीं डीआरएम के संज्ञान में लेते ही महज कुछ ही घंटों में रेलवे कॉलोनी की छतों का मरम्मत कार्य शुरू करवा दिया गया. रेलवे कॉलोनी के प्रभावित आवासों में छतों की मरम्मत की जा रही है, जिससे रेलकर्मियों और उनके परिवारों को थोड़ी राहत मिलने लगी है. गौरतलब है कि बीते दो दिनों से क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने एसएम ऑफिस, क्रू लॉबी और रेलवे कॉलोनी की स्थिति बेहद दयनीय बना दी थी. कॉलोनी के कई आवासों की छतें टपक रही थीं और कमरों में पानी भर गया था. नतीजतन, कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारी और उनके परिजन खासकर बच्चे और बुजुर्ग—काफी परेशानी का सामना कर रहे थे. क्रू लॉबी की फॉल्स सीलिंग बारिश के पानी से गिर चुकी थी और दीवारों में गहरी दरारें आ चुकी थीं. एसएम ऑफिस और लॉबी में जलजमाव के कारण रेलकर्मियों का कार्य करना भी जोखिम भरा हो गया था. रेलकर्मियों और कॉलोनीवासियों ने रेलवे प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग करते हुए कहा है कि इस तरह की समस्याओं का स्थायी समाधान आवश्यक है, ताकि हर वर्ष बरसात में उन्हें ऐसी पीड़ा ना झेलनी पड़े.रेलकर्मियों ने शुभम संदेश का जताया आभारशुभम संदेश में खबर प्रकाश होने के कुछ ही घंटों में रेलवे कॉलोनी की छतों का मरम्मती कार्य शुरू होने के बाद रेलकर्मियों ने शुभम संदेश अखबार का आभार जताते हुए कहा कि थैंक यू शुभम संदेश हमारी समस्या को गंभीरता से प्रकाशित कर हम सब को इस समस्या से निजात दिलाया.




## पलामू डीसी ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक, कहा

# जिले के अधिकारी अवैध खनन पर रखें विशेष नजर



**शुभम संदेश ।मेदिनीनगर**

समाहरणालय सभाकक्ष में गुरुवार को उपायुक्त समीरा एस ने जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की. बैठक में डीएमओ सुनील कुमार ने बताया कि जून महीने में खनन विभाग स्तर से अब तक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 15 वाहनों को जब्त करने के साथ ही 9.62 लाख रुपये बतौर जुर्माना भी वसूला गया है.

वहीं कुल 8 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है. इसी तरह वन प्रमंडल पदाधिकारी स्तर से अवैध खनन से जुड़े 4 वाद दायर किया गया है. जिला परिवहन कार्यालय की तरफ से 18 वाहनों को जब्त कर 7.89 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया है. इसके अलावे अलग-अलग अंचलों के द्वारा की गई कार्रवाई में 30 वाहन ज़ब्त किये गये है. उन्होंने बताया कि सबसे अधिक पाटन/नवाजयपुर में 6 वाहन ज़ब्त किये गये हैं. विभिन्न अंचलो में अवैध बालू उठाव को रोकने को लेकर 17 स्थानों पर ट्रेंच कटिंग करने के साथ ही 24 चौकीदारों की नियुक्ति की गई है. इसके अलावा पत्थर खनिज से जुड़े 55 लाइसेंस को रद्द किया गया है. वहीं पत्थर खनिज के रद्द किये गये खनन पट्टों की संख्या 9 है. बैठक में जिन अंचलो से संयुक्त कार्रवाई का प्रतिवेदन नहीं भेजा गया है वहां के सीओ से हर माह ससमय रिपोर्ट भेजने की बात कही.

उपायुक्त ने खनिजों के अवैद्य खनन स्थलों को चिन्हित कर तथा जिला खनन टास्क फोर्स टीम से आपस में समन्वय बनाकर अवैद्य खनन एवं परिवहन के मार्गों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया. समीक्षा के क्रम में जिला अंतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण, आदि की भी गहन समीक्षा की गई. बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, एएसपी राकेश सिंह, अपर समाहर्ता कुदन कुमार, छत्तरपुर एसडीओ, हुसैनाबाद एसडीओ, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी सीओ व सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे.

### डीसी ने ससमय साईकिल वितरण का दिया निर्देश

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस ने गुरुवार को कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादित करें. इस मद में प्राप्त राशि का सदुपयोग हो यह भ्ज्ञी सुनिश्चित करें. साथ ही साइकिल वितरण कार्य ससमय कराने पर बल दिया. उन्होंने बिरसा आवास, प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति साइकिल वितरण योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, कब्रिस्तान, सरना मसना घेराबंदी आदि आदर्श ग्राम विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्राओं का जीर्णोद्धार से संबंधित स्वीकृत योजनाओं की प्रगति, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने धुमकुड़िया भवन निर्माण कार्यों तेज़ी लाने का निर्देश दिया. उपायुक्त ने जिले में कल्याण विभाग से संचालित विद्यालयों में जर्जर भवन, शौचालय व पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का भ्ज्ञी निर्देश दिया. उन्होंने विद्यालयों में पेयजल व बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने, जर्जर पड़े भवनों की स्थिति की जांच करने तथा आवसीय विद्यालय में विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं आदि पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए. मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी प्यारेलाल,विभिन्न प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं कल्याण विभाग के कर्मीगण मौजूद थे.

## अधिवक्ता संघ चुनाव

### 12 पदों के लिए 23 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया

**लातेहार।** 26 जुलाई को लातेहार जिला अधिवक्ता संघ के पदधारियों का चुनाव होगा. चुनाव के लिए 16-17 जुलाई को नामांकन प्रपत्रों की बिक्री और नामांकन दाखिल करने की तिथि तय की गयी थी. पहले दिन कुल 13 नामांकन प्रपत्रों की बिक्री हुई और सात अभ्यर्थियों ने अपना परचा दाखिल किया है. जबकि दूसरे और अंतिम दिन 17 जुलाई को 16 नामांकन प्रपत्रों की बिक्री हुई और 16 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया. इस आशय की जानकारी देते हुए चुनाव आयुक्त अनिल कुमार ठाकुर, संतोष रंजन व गणेश प्रसाद ने दी. चुनाव आयुक्त संतोष रंजन ने बताया कि चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव के एक- एक, संयुक्त सचिव के दो व कोषाध्यक्ष व सहायक कोषाध्यक्ष के एक-एक तथा पांच कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान किया जायेगा. उन्होने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए राजमणि प्रसाद व लाल अरविंद नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष के लिए पकंज कुमार व बासुदेव कुमार पांडेय, सचिव के लिए संजय कुमार व विक्रांत कुमार सिंह, संयुक्त सचिव के लिए बनवारी प्रसाद, मनोज कुमार गुप्ता, मो अब्दुल सलाम व मिथिलेश कुमार, संयुक्त सचिव के लिए नरोत्तम कुमार पांडेय व नवीन कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष के लिए धीरेंद्र शुक्ला व प्रमोद पांडेय, सहायक कोषाध्यक्ष के लिए विवेक कुमार गुप्ता व स्वपनिल कुमार सिंह ने अपना-अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है.

## जेएस कालेज में फेयरवेल सह मिलन समारोह का आयोजन

**शुभम संदेश ।मेदिनीनगर**

स्थानीय जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विषय के स्नातक सेमेस्टर 6 के विद्यार्थियों को विदाई देने के लिए फेयरवेल समारोह आयोजित किया गया. कॉलेज परिसर सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई.

इसके पश्चात विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दींकृगीत, नृत्य, कविता पाठ, एकांकी और हास्य अभिनय ने कार्यक्रम को मनोरंजक एवं अविस्मरणीय बना दिया. सीनियर छात्रों की यादों से भरी स्पीच और जूनियरों के भावुक शब्दों ने वातावरण को भावनात्मक भी बनाया. कालेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार पासवान ने कहा कि फेयरवेल सिर्फ विदाई नहीं, बल्कि नए अवसरों के स्वागत का एक द्वार होता है. आप सब हमारे महाविद्यालय के गौरव हैं और भविष्य में देश की सेवा में अपना योगदान अवश्य देंगे. राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ वासुदेव ने भी अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों के प्रति स्नेह प्रकट करते हुए कहा कि इन वर्षों की मेहनत और संबंधों की डोर को हम कभी नहीं भूल सकते. उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सदैव सकारात्मक रहने और सतत् प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी. समारोह की अध्यक्षता डॉ वासुदेव व संचालन छात्रा गीतांजलि तथा शिवम् ने संयुक्त रूप से किया. मौके पर प्रधान सहायक राजीव मुखर्जी, प्राध्यापक डॉ प्रमोद कुमार, डॉ मशरूर, प्रो जयप्रकाश राम, कमलेश कुमार पांडेय, प्रकाश राय समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी एंव हीरा, दीपक, शिवम्, अतुल आदर्श, हिमांशु, अंकित, राघवेन्द्र, गीतांजलि, दीपांशी, अन्नू, तृप्ति, माही प्रिया, अमृता, शीतल, सेजल, वर्षा, गुलनाज, रूबी, कंचन आदि समेत कई लोग उपस्थित थे.

## नगर निगम व लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर का मेगा हेल्थ चेकअप कैंप 20 जुलाई को

**शुभम संदेश ।मेदिनीनगर**

निगम प्रशासन एवं लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के संयुक्त तत्वावधान में 20 जुलाई को स्थानीय टाउन हॉल परिसर में मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया है. शिविर की शुरूआत सुबह 10.30 बजे से होगी और इसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रविश कुमार, डेंटल सर्जन डॉ. निशांत कुमार व डॉ विनीत कुमार सिंह, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. उदय कुमार सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल गौरव व डॉ. अभय कुमार, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अमित कुमार, जनरल फिजिशियन .डॉ राजेश कुमार, पैथोलॉजिस्ट डॉ. श्वेता शेखर एवं डॉ. सृष्टि गुंजन के अलावा स्त्री रोग विशेषज्ञ व हृदय रोग विशेषज्ञ निःशुल्क अपनी सेवा देंगे. लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि यह केवल एक शिविर नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी का प्रतीक है. हमारा उद्देश्य शहर के उन वर्गों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है, जो अक्सर स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रह जाते हैं विशेष रूप से सफाई कर्मी, मजदूर, रिक्शा चालक तथा अन्य जरूरतमंद नागरिक जो दिन-रात समाज के लिए कार्यरत रहते हैं. हमारे सफाईकर्मी (सेवाकर्मी), मजदूर, रिक्शा चालक और अन्य सेवा देने वाले लोग, जो हमारी ज़िंदगी को सुचारु रूप से चलाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, अक्सर अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं. हाल ही में एसपी पलामू महोदया के सहयोग से पुलिस प्रशासन के लिए लगाया गया शिविर इसी सोच का हिस्सा था. लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर सेवा को अपना धर्म मानता है. हम सभी डॉक्टर्स, समाजसेवियों और नगर निगम प्रशासन के साथ मिलकर यह प्रयास कर रहे हैं कि कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित नहीं रह जाए. परियोजना अध्यक्ष सह नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुरवीर सिंह ने बताया कि"स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे मूल क्षेत्रों में लायंस क्लब सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का प्रयास कर रहा है. हमारा उद्देश्य है कि क्लब के माध्यम से ज़मीनी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाया जाए और जनहित कार्यों में हमारी भागीदारी निरंतर बनी रहे. यदि हम अपने प्रयास से एक भी व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें, तो यह हमारे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार होगा. शिविर को सफल बनाने में लायन लिली मिश्रा, प्रियंका आनंद साहू, वरुण जायसवाल, मुकेश अग्रवाल, श्रीकांत कुमार, परिमल प्रसून, ऋषिकेश दुबे, अनूप कुमार, मनोज कुमार सोनी, डॉ अमित कुमार, डॉ निशांत कुमार, डॉ. रवीश कुमार, रंजन अग्रवाल, राघवेंद्र सिंह फिरोजुद्दीन अंसारी, अनूप प्रियदर्शी वं रणजीत मिश्रा जुटे हुए हैं.

## अव्यवस्था | बरवाडीह रेलवे कॉलोनी में पसरी बदहाली: सुरक्षा व स्वच्छता से कोसों दूर

# प्रशासनिक उपेक्षा ने बढ़ाई रहवासियों की मुश्किलें

**शुभम संदेश ।बरवाडीह**

देश के चौथे सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क का हिस्सा होने के बावजूद, बरवाडीह रेलवे कॉलोनी की स्थिति बदतर होती जा रही है.

धनबाद रेल मंडल, जिसने 2024-25 में 26,000 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया, उसी मंडल के अंतर्गत आने वाली यह कॉलोनी आज प्रशासनिक उदासीनता की जीती-जागती मिसाल बन गई है.

**झाड़ियों और गंदगी में घिरी कॉलोनी:** बरवाडीह रेलवे कॉलोनी के चारों ओर घनी झाड़ियां, टूटी-फूटी नालियां और फैली गंदगी लोगों के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है.बरसात में यह स्थिति और भी भयावह हो जाती है.जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा कॉलोनी में रहने वाले बच्चों और महिलाओं के लिए चिंता का विषय है.



**अधिकारियों की चुप्पी बनी समस्या:** रेलवे के वरीय अनुभाग अभियंता (कार्य) और हेल्थ इंस्पेक्टर की निष्क्रियता से स्थिति और भी बिगड़ती जा रही है.जिनका दायित्व कॉलोनी की देखरेख और स्वच्छता सुनिश्चित करना है, वे केवल कार्यालयों में बैठकर आदेश जारी करने तक सीमित हैं.लेकिन हकीकत ये है कि बरवाडीह कॉलोनी में रहने वालों की जिंदगी खतरे में है और यह खतरा सिर्फ जानवरों या बीमारियों से नहीं, बल्कि रेलवे प्रशासन की उदासीनता और गैर जिम्मेदाराना रवैये से है.बरवाडीह स्टेशन, जो धनबाद मंडल की संपत्ति है और जहां से भारी मात्रा में माल ढुलाई होती है, उसकी कॉलोनी की हालत शर्मनाक है.करोड़ों के राजस्व का हिस्सा बनने वाला यह इलाका आज विकास से कोसों दूर है.

**क्या यही है 'विकसित भारत' का सपना:** जहां रेलवे हर साल रिकॉर्ड राजस्व दर्ज कर रहा है, वहीं उसके कर्मचारी असुरक्षा और अव्यवस्था में जीवन जीने को मजबूर हैं.बरवाडीह कॉलोनी की बदहाली रेलवे के जिम्मेदार अधिकारियों की आंखें खोलने के लिए काफी है.

### चार सदस्यीय टीम ने छात्रों की शिकायत की जांच की

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय टीम ने शहर के पहाड़पुरी स्थित संत जेवियर एकेडमी के छात्र व छात्राओं के द्वारा विद्यालय प्रबंधन पर लगाये गये आरोपों की. उन्होने स्कूल पहुंच कर छात्रों एवं शिक्षकों से अलग-अलग बात की. इस जांच दल में श्री गगराई के अलावा जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, उप निवार्चन पदाधिकारी मेरी मड़की व बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी शामिल थे. श्री गगराई ने बताया कि नये प्राचार्य ने पिछले महीने ही योगदान दिया है. विद्यालय में अनुशासन बनाये रखने के लिए छात्र व शिक्षकों को उन्होने कुछ दिशा निर्देश जारी किया था, जिसे अन्य कई लोगों को अच्छा नहीं लगा और ऐसी घटना घटी. उन्होने कहा कि एक शिक्षक ने भी रिजाईन किया था और ठीक उसके दूसरे दिन यह घटना घटी थी.

## एक नजर



### अंचल कार्यालय का एसडीओ ने किया औचक निरीक्षण

**हुसैनाबाद(पलामू)।** अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएएस ओमप्रकाश गुप्ता ने हुसैनाबाद अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया.निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में कर्मियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की.एसडीओ ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी कर्मचारी अपने आवास या डेरा से कार्य का निष्पादन न करें, सभी को कार्यालय में उपस्थित होकर ही कार्य करना अनिवार्य है.उन्होंने चेतावनी दी कि आदेश की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी.उन्होंने अंचलाधिकारी को भी निर्देश दिया कि जमीन से संबंधित मोटेशन जैसे कार्यों को समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से निपटाया जाए.एसडीओ ने उपस्थिति पंजी की जांच की और अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा.उन्होंने यह भी कहा कि कार्यालय में आम लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान करने की कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें कुछ कर्मियों व अंचल नाजीर की संलिप्तता की बात सामने आई है.उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि इस प्रकार की शिकायतें दोबारा मिलीं, तो संबंधित कर्मियों पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी.

### हाइवा ने महिला को लिया चपेट में, रिम्स रेफर, सड़क जाम

**बालूमाथ (लातेहार)।** लातेहार से कुसमाही रेलवे साइडिंग तक कोयला परिवहन में लगे बेकाबू हाइवा ने गुरुवार को बाइक सवार महिला को अपने चपेट में ले लिया. जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. घायलावस्था में महिला को रिम्स रेफर कर दिया. मिली जानकारी के अनुसार गुड़िया देवी, उम्र 30 वर्ष, पति विश्राम गंझू फुलसू से बाइक में सावार होकर बालूमाथ आ रही थी. इसी दौरान बनियों पुल के समीप हाइवा रजिस्ट्रेशन स. JH 19ई 7728 के द्वारा महिला को चपेट में ले लिया. जिससे मौके पर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से घायल महिला को बालूमाथ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. जहां चिकित्सक सुरेंद्र कुमार व एमपीडब्ल्यू गुलाम कुरैशी के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया. उपचार के बाद महिला की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए रांची रेफर कर दिया गया. उधर परिजन और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और बनियों फूल के पास गुस्साए ग्रामीण ने सड़क जाम कर दिया. जाम में दोनों और वाहनों की लंबी कतारे लग गई. जाम की जानकारी मिलते ही बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, एसआई गौतम कुमार अपने दलबल के साथ जाम स्थल पहुंचे. ग्रामीण से वार्ता की. कोयला परिवहन कर रही कंपनी ने महिला का इलाज व मुआवजा देने की बात कही है. इसके बाद जाम हटाया गया. मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू, संदीप उरांव, राजेंद्र उरांव, अब्दुल भाई सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे.

### ज्वेलरी दुकान में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**लातेहार।** शहर के पानी टंकी के पास एक ज्वेलरी दुकान में चोरी की घटना सामने आयी है.घटना 15जुलाई की मध्य रात्रि की है.अज्ञात चोरों ने रूपम ज्वेलरी नामक प्रतिष्ठान का शटर का ताला तोड़ कर चोरी कर ली है. प्रतिष्ठान में लगे सीसीटीवी में यह घटना कैद हो गयी है. भुक्तभोगी नरेश सोनी ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है.उन्होंने बताया कि रात के तरीबन 12.10 बजे तीन चोर दुकान का ताला तोड़ कर अंदर घुसे. लॉकर तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं खुला. चोर काउंटर से चांदी के आभूषण व 50 हजार रूपये नगद ले कर फरार हो गये. सीसीटीवी मे चोरों को दुकान में लगे शटर का ताला तोड़ते और अंदर प्रवेश करते देखा जा सकता है. चोरी की इस घटना से स्वर्णकारों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है. स्वर्णकारों का कहना है कि आये दिन स्वर्णकारों के दुकान व प्रतिष्ठान में चोरी हो रही है.पिछले नौ अप्रैल को शहर के बाजारटांड़ पुल के पास दिन दहाड़े चोरों ने मां शक्ति ज्वेलर्स नामक प्रतिष्ठान के कांउटर मे रखे आभूषणों से भरा बैग ले कर फरार हो गये थे और यह घटना भी सीसीटीवी में कैद हुइ थी.इसके बाद स्वर्णकार संघ ने घटना के विरोध में संघ के अध्यक्ष नारायण सोनी के नेतृत्व में पुलिस उपाधीक्षक व तत्कालीन सदर थाना प्रभारी से मुलाकता कर चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी व आभूषणों की बरामदगी की मांग की थी.स्वर्णकार आशीष सोनी ने कहा कि स्वर्ण आभूषण के दुकानों में आये दिन चोरी हो रही है. उन्होने स्वर्णकारों को सुरक्षा देने एवं रात में गश्त लगाने की मांग की है.

### संत जेवियर्स महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन



**महुआडांड़ (लातेहार)।** विश्व के अन्य राष्ट्रों के संचार, संस्कृति, भाषा तथा विशेषज्ञ और कुशल ज्ञान से विद्यार्थियों व प्रोफेसर्स को अवगत कराने और दुनिया को अपने दायरे से बाहर जाकर एक्सप्लोर व अन्वेषण करने के उद्देश्य से 17 जुलाई को संत जेवियर्स महाविद्यालय के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इस संगोष्ठी के मुख्य रिसोर्स पर्सन ऑस्ट्रेलिया से आए विशेषज्ञ मिस्टर टिम ईकेन और मिस्टर शिव कुमार, फादर बॉब सेलेटरी और सोसायटी ऑफ़ जेसुइट्स के प्रोविंशियल फादर डॉ. विंसेंट हंसदक महाविद्यालय के सभागार में मौजूद थे. मुख्य अतिथियों का स्वागत पूरे महाविद्यालय परिवार ने स्थानीय पारंपरिक रीति रिवाज के साथ किया. इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का थीम इंटरनेशनल कोलेबोरेशन इन हायर एजुकेशनः चैलेंजेस एंड ऑपर्च्युनिटीज इन ए ग्लोबलाइज्ड वर्ल्ड रखा गया था. मुख्य अतिथियों का औपचारिक स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डा फादर एके जोश व उप प्राचार्य डॉ. समीर टोप्पो ने किया. प्राचार्य ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन विभिन्न दृष्टिकोणों, विचारों और विचारधाराओं से जुड़ने, उनसे सीखने, नए रिश्ते बनाने और मौजूदा संबंधों को मजबूत करने के बेहतरीन अवसर हैं. मुख्य वक्ता और विशेषज्ञ मिस्टर टिम इकेन ने कहा कि आज के विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी उच्च संस्कार व व्यवहार की कमी परिलक्षित होती है, शिक्षा का मुख्य उद्देश्य केवल रोज़गार प्राप्त करना नहीं बल्कि उसे आत्मसात करके अपने व्यवहार, विचार व संस्कार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है. असिस्टेंट प्रोफ़ेसर अंशु अंकिता बारा ने रिसर्च प्रेजेंटेशन किया. असिस्टेंट प्रोफ़ेसर रोज़ी सुष्मिता तिर्की ने कॉलेज के प्रति अपना अनुभव साझा किया.

### 19 से शुरू होगा एकलव्य विद्यालय में शैक्षणिक सत्र



**लातेहार।** समेकित जनजाति विकास प्राधिकरण (आईटीडीए) निदेशक प्रवीण कुमार गगराई ने गुरुवार को सदर प्रखंड के नेगाई गांव स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया. उन्होंने नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों की भी जानकारी ली. उन्होंने बताया कि विद्यालय में सत्र की शुरुआत 19 जुलाई को होगी. चतरा सांसद कालीचरण सिंह, विधायक प्रकाश राम और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे. प्रवीण गगराई ने आगे बताया कि नेगाई स्थित विद्यालय में इस बार 155 बच्चों का नामांकन किया गया है.बरवाडीह प्रखंड के मंगरा स्थित विद्यालय में सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा. यहां 166 बच्चों का नामांकन है. गारू प्रखंड के विद्यालय में सत्र 23 जुलाई से शुरू होगा. यहां 144 छात्र नामांकित हैं. उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों में शिक्षकों और कर्मियों की नियुक्ति पूरी हो चुकी है.हर विद्यालय में विषयवार आठ शिक्षक जनवरी में ही बहाल कर दिए गए थे. उन्होंने आगे बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भारत सरकार की विशेष योजना है. इसका उद्देश्य अनुसूचित जनजाति के बच्चों को मुफ्त और आवासीय शिक्षा देना है. इन विद्यालयों में कक्षा छह से 12 तक के बच्चों के लिए निःशुल्क पढ़ाई और रहने की सुविधा है. उन्होंने उम्मीद जताई कि इन विद्यालयों से आदिवासी बच्चों का शैक्षणिक और सामाजिक विकास तेजी से होगा.

## ब्रीफ न्यूज

### कांवड़िया संघ पांडेयपुरा का जत्था देवघर रवाना

**चतरा (हंटरगंज)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पाण्डेयपुरा से 'कांवड़िया संघ पाण्डेयपुरा' का जत्था गुरुवार को बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुआ. जत्थे की शुरुआत गांव के प्रसिद्ध प्राचीन शिव मंदिर तिवारी टोला में पूजा-अर्चना के साथ हुई. तत्पश्चात सभी श्रद्धालु गांव के देवी मंदिर में भी पहुंचे और मातारानी का आशीर्वाद लिया. श्रद्धालुओं ने धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो जैसे जयघोषों और बोल बम के नारों के साथ भक्ति माहौल में यात्रा प्रारंभ की.शिव भक्तों ने बताया कि उनका पहला पड़ाव सुल्तानगंज होगा, जहां से गंगाजल भरकर वे पदयात्रा करते हुए देवघर पहुंचेंगे .

### बिरहोर महिला की तालाब में डूबने से मौत

**चरही ।** चरही थाना क्षेत्र के ग्राम हेंदेगडा पंचायत के स्वास्थ्य केंद्र के में झोपड़ी में फुतुल बिरहोर एंव उसकी पत्नी मंजली बिरहोरानी रहती थी. बुधवार को स्नान करने तालाब गई थी. घर वापस नहीं लौटने के बाद उसका पति काफी खोजबीन किया. पर महिला के संबंध में कोई आता-पता नहीं मिली. 17 जुलाई की सुबह लोगों को पता चला कि एक महिला शव तालाब में तैर रही है. ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी चरही पुलिस और चुरचू प्रखंड के बीडीओ को जानकरी दिया.थाना प्रभारी कुंदन कांत बिमल, प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक पूर्व जिप सदस्य परमेश्वर महतो, संजय कुमार भुवनेश्वर तुरी को घटना सूचना मिलते ही स्थल पर पहुंचे.

### चंदवारा में वज्रपात से एक युवक की मौत

**कोडरमा।** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पीपराडीह स्टेशन रोड के कलाली टांड स्थित अपने खेत में गुरुवार लगभग 4 बजे खेत में कार्य करने के दौरान हुई वज्रपात से एक युवक की मौत हो गयी. वहीं परिवार का एक सदस्य को भी झटका लगने से मामूली घायल हो गया. चंदवारा निवासी गोबिंद साव का पुत्र पवन कुमार (25) अपने घर वालों के साथ खेत में धान रोपने रहा था. इसी दौरान व्रजपात के चपेट में आ गया . लोगों के शोर मचाने के बाद रास्ते में चल रहे एक वाहन वाले ने तुरंत इलाज हेतु सदर अस्पताल कोडरमा ले गये .जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया.

### सऊद हत्याकांड का रामगढ़ पुलिस ने किया खुलासा,मौसेरे भाई समेत तीन गिरफ्तार

# हत्या कर शव ईंट भट्ठा चिमनी के डग में छुपाया



**शुभम संदेश ।रामगढ़**

मोहर्रम के दौरान हुई सऊद हत्याकांड का खुलासा गुरुवार को रामगढ़ पुलिस ने कर दिया. रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सऊद की हत्या उसके खुद के मौसेरे भाई और दो अन्य युवक ने मिलकर की थी.

सऊद के पिता मो सयूब अंसारी ने बरकाकाना ओपी में आवेदन देकर बेटे के लापता होने की सूचना दी थी।जांच के दौरान पीरी स्थित अमान अंसारी के बंद पड़े चिमनी ईट भट्ठा के डग से सऊद की लाश बरामद की गई. पुलिस ने घटना में उपयोग किए गए चाकू, पहने हुए कपड़े और जूते भी जब्त किए हैं.

**मुख्य आरोपी गिरफ्तार :**अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु के नेतृत्व में छापामारी दल ने हत्याकांड में शामिल मुख्य अभियुक्त आबाद उर्फ एबाद और असफाक को पीरी से गिरफ्तार किया. इससे पहले अभियुक्त आफताब अंसारी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है. एबाद का अपराधिक इतिहास भी है.

**हत्या का रहस्य और घटनाक्रम :** एसपी अजय कुमार ने बताया कि 6 जुलाई को मोहर्रम के जुलूस के दौरान तीनों आरोपी सुलेशन का नशा कर रहे थे .सऊद को अपने पास रखे टबों ट्रक को काटवाने से मना करने पर आरोपियों ने उससे विवाद किया. गुस्से में आकर आफताब और एबाद ने सऊद को चाकू से कई बार वार कर हत्या कर दी और शव को छिपा दिया.

**छापामारी दल के सदस्य :**छापामारी दल में एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, सतेन्द्र कुमार, माशंकर वर्मा, निर्भय कुमार, शिवलाल कुमार गुप्ता, ब्रम्हवर्त कुमार, कैलाश कुमार समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।पुलिस अब बाकी आरोपियों की तलाश में छापामारी अभियान जारी रखे हुए है.

### आजादी के 75 साल बाद बदलेगी हजारीबाग के इस गांव की तस्वीर

# जंगली रास्ते से डीसी पहुंचे पुरनपनियां, देखे हालात



**शुभम संदेश ।हजारीबाग**

जिले के इचाक प्रखंड का सुदूरवर्ती पूरन पनिया गांव आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी विकास योजनाओं से काफी दूर है.

जहां आज भी ग्रामीणों के लिए सड़क नहीं है. स्वास्थ्य केंद्र और उच्च शिक्षा के लिए भी उन्हें कई किलोमीटर दूर तक सफर करना पड़ता है. अब उनके दुख दूर होने वाले हैं. हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने पूरन पनिया गांव का स्थल निरीक्षण किया है.

**गांव विकास योजनाओं से कोसों दूर:**भौतिक सत्यापन करने के दौरान उन्होंने लगभग 2 किलोमीटर तक घनघोर जंगल में रास्ता पैदल चलकर पूरा किया और ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनसे संवाद किया. उन्होंने ग्रामीणों से जाना कि आखिर किस परेशानी में वे रह रहे हैं. इस गांव की खबर ईटीवी भारत ने भी कई बार बड़े प्रमुखता के साथ दिखाई थी.आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद कोई गांव अगर विकास योजनाओं से कोसों दूर है तो सवाल उठना लाजिमी है.

हजारीबाग के उपायुक्त ने पूरन पनिया गांव के ग्रामीणों के दुख को समझा और खुद ही भौतिक सत्यापन करने के लिए दुर्गम रास्ता होते हुए गांव पहुंचे. आमतौर पर पदाधिकारी अपने कार्यालय से ही आदेश निर्धारित कर देते हैं. मगर मानसून के झमाझम बारिश होने के बावजूद हाथ में छाता लेकर वह पूरन पनिया गांव पहुंच गए. जहां आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी सड़क नहीं है.

#### विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा: उपायुक्त

उपायुक्त ने गांव के मुखिया और ग्रामीणों से विशेष शिविर के आयोजन की बात कही. उन्होंने कहा कि जिले के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनकी समस्याओं का समाधान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उपायुक्त ने इचाक प्रखंड के भ्रमण के दौरान जन वितरण प्रणाली की दुकानों, अबुआ आवास, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में उपलब्ध मिड डे मील की गुणवत्ता एवं बच्चों की उपस्थिति की भी समीक्षा की. उन्होंने विद्यालय में संधारित शिशु पंजीकृत, मिड डे मील का रजिस्ट्रेशन आदि की जांच की.संथाली बहुल क्षेत्र होने की वजह से प्रधानाध्यापक को हिंदी से संथाली भाषा रूपांतरण की किताब विद्यालय में रखने का निर्देश दिया. उन्होंने विद्यालय में बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में 24 घंटे के अंदर इनवर्टर लगाने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों के पोषण और शिक्षा में किसी प्रकार की कोताही न हो.भ्रमण कार्यक्रम के क्रम में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने पदमा प्रखंड स्थित ऐतिहासिक पदमा किला का भी भौतिक निरीक्षण किया. हाल ही में पदमा किला को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग को हस्तांतरण करने के कार्य को प्रक्रियाधीन किया गया है.

### वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी हुए सस्पेंड

**चतरा ।** एसपी सुमित कुमार अग्रवाल चतरा में पदस्थापना के बाद से हीं काफी सुर्खिया बटोर रहे हैं. एक ईमानदार और कर्तव्य के प्रति जिम्मेवार पुलिस पदाधिकारी के रूप में ये लोगों के चहेते बन गए हैं. चाहे अफीम व अन्य नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई हो या नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई हो, पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता का मामला हो दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शने का तो सवाल हीं नहीं पैदा होता है. इस बीच खबर है कि वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी सुनील कुमार को कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है. जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी सुनील कुमार पर अफीम व बालू तस्करों के साथ सांठगांठ का आरोप था. जिसके बाद एसपी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच टीम गठित किया . टीम ने मामले की जांच की और जांच में मामला सही पाया गया. इसके बाद एसपी ने थाना प्रभारी को सस्पेंड कर दिया. हालांकि एसपी सुमित कुमार ने निलंबन का कारण पुछे जाने पर कुछ भी बताने से इंकार कर दिया. बताते चले कि इसके पूर्व में भी वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी प्रभात कुमार व थाना के एसआई अभय कुमार को सनहा दर्ज करने के नाम पर रिश्वत लेने के आरोप में सस्पेंड किया जा चुका है. इसके बाद बीते छह जनवरी को सुनील कुमार को थाना प्रभारी बनाया गया था और अब छह माह बाद उन्हें भी सस्पेंड कर दिया गया.

## एक नजर



### विद्यालय से चोरी हुए कंप्यूटर बरामद, एक गिरफ्तार

**चतरा।** कुन्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत मेदवाडीह उच्च विद्यालय से चोरी हुए कंप्यूटर और अन्य उपकरणों के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. प्रधानाध्यापक के लिखित आवेदन पर कुन्दा थाना कांड संख्या-18/2025 के तहत 14 जुलाई 2025 को मामला दर्ज किया गया था.पुलिस अधीक्षक सुमीत कुमार अग्रवाल के निर्देश पर कुन्दा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम गठित की गई. कार्रवाई के दौरान अभियुक्त चंदन कुमार (उम्र 19 वर्ष), पिता गुलाबचंद यादव, निवासी मेदवाडीह को गिरफ्तार किया गया. उसकी निशानदेही पर बहेलवाखाप के जंगल में एक सुरंगनुमा पत्थर के नीचे छुपाकर रखे गए 05 मॉनिटर, 05 सीपीयू, 05 की-बोर्ड, 05 माउस, 06 बैटरी, 01 प्रिंटर, 01 स्टेप्लाइजर और 01 यूपीएस बरामद किए गए. अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि उसके अन्य सहयोगियों की शिनाख्त कर ली गई है. फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है. छापामारी दल में पुअनि विक्रम कुमार, पुअनि सुरेन्द्र कुमार सिंह और सअनि अशोक कुमार मंडल सहित सशस्त्र बल शामिल थे.

### चरही में लगा स्वस्थ मेला सह पोषण किट वितरण शिविर



**चरही (मांडू)।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर गुरुवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चरही स्थित सीसीएल ऑफिसर्स क्लब में एक भव्य ₹स्वस्थ मेला-सह-पोषण किट वितरण शिविर₹ का आयोजन किया गया. इस शिविर में चुरचू प्रखंड की 450 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के बीच पोषण किट का वितरण किया गया.सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र के लिए गर्भवती और धात्री माताओं का पोषण अत्यंत आवश्यक है. यह कार्यक्रम गेल (इंडिया) लिमिटेड की 'गेल आरोग्यम योजना' के तहत युथ इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से संचालित किया गया.कार्यक्रम के दौरान मेडिक्योर हॉस्पिटल, रांची के चिकित्सकों द्वारा महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई. इस अवसर पर मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने सांसद की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से 450 महिलाओं को लाभ मिला है. कार्यक्रम की अध्यक्षता चुरचू भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि कुमार ने की, मंच संचालन पुरुषोत्तम पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह ने किया.मौके पर सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, डॉ. अशोक राम, रणजीत पांडेय, जुगनू सिंह, बालदेव बाबू समेत सैकड़ों महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे.

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएस ने किया निरीक्षण



**चौपारण (हजारीबाग)।** हजारीबाग के नवपदस्थापित सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने अपने पदभार ग्रहण के बाद पहली बार चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया. उन्होंने ओपीडी में बैठकर मरीजों को देखा, रजिस्टर की जांच की और अस्पताल के विभिन्न विभागों – मेडिकल स्टोर, ओटी, जांच घर, डिलीवरी लेबर रूम आदि का बारीकी से निरीक्षण किया.मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सिविल सर्जन ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है, जिसे जल्द दूर करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल एक्स-रे मशीन तो उपलब्ध है, लेकिन बिजली की अपर्याप्त आपूर्ति के कारण मशीन पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रही है.अल्ट्रासाउंड सेवा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण फिलहाल सेवा बंद है. साथ ही यह स्पष्ट किया कि वैध रजिस्ट्रेशन वाले ही अल्ट्रासाउंड कर सकते हैं, लेकिन डॉक्टर की मौजूदगी अनिवार्य है.निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधक साजिया खातून, चिकित्सा प्रभारी डॉ. फरहाना महफूज, डीपीएम रविशंकर, बीपीएम जागेश्वर शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे.

### शैक्षणिक समस्याओं को लेकर एआईडीएसओ ने की बैठक

**हजारीबाग।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन की बैठक राज्य सचिव सोहन महतो की उपस्थिति में हजारीबाग में संपन्न हुई. बैठक की शुरुआत उड़ीसा के बालासोर स्थित फकीर मोहन कॉलेज की बीएड छात्रा की आत्महत्या की घटना की निंदा से हुई. संगठन ने यौन उत्पीड़न और प्रशासन की उदासीनता को जिम्मेदार ठहराते हुए दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की. राज्य सचिव सोहन महतो ने कहा कि झारखंड में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। 2008 के बाद विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की बहाली नहीं हुई है और जेटीइटी की परीक्षा 9 वर्षों से नहीं ली गई है। इससे लाखों अभ्यर्थी प्रभावित हैं. सरकारी स्कूलों की दुर्दशा के कारण निजी संस्थान फल-फूल रहे हैं.छात्र नेता रविंद्र पासवान ने कहा कि राज्य सरकार की उपेक्षा के खिलाफ छात्र और युवा जल्द ही विरोध प्रदर्शन करेंगे. जीवन कुमार ने विश्वविद्यालयों में लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की बात कही, वहीं राजेश कुमार ने स्थानीय और राज्यस्तरीय शैक्षणिक समस्याओं पर प्रकाश डाला।बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों पर भी चर्चा हुई। मौके पर जीवन कुमार, राजेश कुमार, रविंद्र पासवान, विनय कुमार, अनिल कुमार और नीरज कुमार उपस्थित थे.

### कटिया से 18 कांवरियों का जत्था बाबाधाम रवाना



**जयनगर (कोडरमा)।** सावन के पवित्र महीने में बाबाधाम देवघर जलाभिषेक के लिए कांवरियों का उत्साह चरम पर है. गुरुवार को कटिया गांव से बाबाधाम एक्सप्रेस कांवरिया समिति के बैनर तले 18 कांवरियों का जत्था हर-हर महादेव के नारों के बीच रवाना हुआ. जत्थे के सदस्यों ने गांव स्थित शिवालय, देवी मंडप,राम जानकी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना कर देवी देवताओं से मंगल यात्रा की कामना की. जत्था पहले सुल्तानगंज से जल ले कर पैदल यात्रा करते हुए देवघर पहुंच कर बाबा बैद्यनाथ के दरबार में जल अर्पित करेगा. जत्था में प्रियंका देवी,सूरज मोदी,राहुल मोदी, बाबू राय,पिंटू राय,विनोद यादव,मुन्ना यादव, सुभाष यादव,शिवेश कुमार,रंजन कुमार, कृष्ण मिश्रा, बीरेंद्र यादव,सूरज यादव,पीयूष यादव, श्रवण पासवान सहित अन्य लोगों रवाना हुए.

### सड़क बनी परेशानी का सबब, चलना हुआ मुश्किल

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के योगियाटिल्हा पंचायत के गरचांच पीडब्लूडी से कर्बला तक जाने वाली मुख्य सड़क की हालत इस कदर जर्जर हो गई है कि बारिश के मौसम में ग्रामीणों का चलना दूभर हो गया है. सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिसमें बारिश का पानी जमा रहने से हादसे की आशंका बनी रहती है. ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क कई पंचायतों को जोड़ती है और बाजार, स्कूल, अस्पताल जाने का प्रमुख मार्ग है. लेकिन लंबे समय से इसकी मरम्मत नहीं होने के कारण लोग परेशान हैं, ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है .

## कंटेनर के चपेट में आने से तीन लोगों की हुई मौत, एक घायल



**शुभम संदेश ।कोडरमा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवा घाटी के बंदर चुआं घाटी में कंटेनर के चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया. मिली जानकारी के अनुसार कालीमंडा मेघातरी की ओर से रहे एक मोटरसाइकिल पर चार लोग सवार होकर ताराघाटी को ओर जा रहे थे.

इसी क्रम में कोडरमा की ओर आ रहे ब्रेक फेल कंटेनर ने मोटरसाइकिल को अपने चपेट में लेते हुए खाई में जा गिरा. इस घटना में अकबरपुर बिहार निवासी 30 वर्षीय राहुल भुइया व मेघातरी कुशहना निवासी 13 वर्षीय अमित कुमार, पिता संदीप भुइया की घटना स्थल पर मौत हो गई. वहीं घटना बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को आनन फानन में दो घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां इलाज के दौरान काली मंडा निवासी 18 वर्षीय मोहित कुमार पिता विजय सिंह की मौत गई. वहीं गंभीर रूप से घायल मेघातरी कुशहना निवासी 30 वर्षीय अमर भुइया पिता अमरीका भुईयां को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है. घटना में कंटेनर चालक को मामूली रूप में चोटें आई.

## यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के नवनियुक्त कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**शुभम संदेश ।कोडरमा**

जिले में यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नवनियुक्त कर्मियों (डीपीएस, पीपीएम, लेखापाल, एसटीएस, एसटीएलएस, टीबीएचवी) को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण का आयोजन जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार की अध्यक्षता में किया गया. तीसरे दिन कर्मियों को निक्षय पोर्टल, टीबी मुक्त पंचायत, प्रचार-प्रसार की विधियां, निक्षय ऐप, दवा पोर्टल, डाटा इंट्री आदि विषयों पर जानकारी दी गई.प्रशिक्षण में राज्य यक्ष्मा कार्यालय, रांची से डॉ. पुलत्स्य थवैत, श्री प्राण रंजन मिश्रा और हिमांशु शेखर ने विभिन्न मॉड्यूल का संचालन किया. डॉ. रमण कुमार ने बताया कि जिले के लगभग 490 टीबी मरीज इलाजरत हैं, जिनकी निगरानी और नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने टीबी मुक्त पंचायत अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों, सीएचओ और सहियाओं के समन्वय पर बल दिया.डॉ. थवैत ने निक्षय पोर्टल पर मरीजों की ऑनलाइन प्रविष्टि, दवा और जांच से जुड़ी प्रक्रिया समझाई. श्री मिश्रा ने निक्षय मित्र योजना, टीबी मुक्त भारत अभियान और जनसहभागिता की जानकारी दी. वहीं, हिमांशु शेखर ने टीबी की दवाओं और मरीजों की निगरानी से संबंधित तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला.प्रशिक्षण में डीपीसी अखिलेश कुमार, प्रकाश कुमार रवि समेत नवनियुक्त कर्मी उपस्थित रहे.

## खबर का असर, बारिश से क्षतिग्रस्त मकान की जांच में जुटा प्रशासन



**शुभम संदेश ।जयनगर**

पत्रकारिता का उद्देश्य जब समाज की समस्याओं को समाधान तक पहुंचाता है, तब उसकी सार्थकता सिद्ध होती है. ऐसा ही उदाहरण सामने आया है करियावा पंचायत से, जहां गुरुवार को शुभम संदेश दैनिक अखबार में प्रकाशित खबर का त्वरित असर हुआ है. बीते दिन अखबार में यह खबर प्रकाशित हुई थी कि करियावा पंचायत अंतर्गत प्रीति देवी का कच्चा मकान लगातार हो रही बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है. खबर के प्रकाशित होते ही प्रशासन हरकत में आया. प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संबंधित कर्मियों से स्थल जांच करवाया. जांच में पाया गया कि लाभुक का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की सर्वे सूची में दर्ज है, लेकिन प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाने के कारण अब तक उन्हें आवास की राशि नहीं मिल पाई है.बीडीओ गौतम कुमार ने कहा कि लाभुक का नाम सर्वे सूची में है, लेकिन योजना का लाभ देने के लिए सत्यापन, ग्राम सभा की संस्तुति और अन्य कागजी प्रक्रिया अनिवार्य है. पात्रता की पुष्टि होते ही आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. फिलहाल पीड़ित परिवार किसी तरह अपने क्षतिग्रस्त मकान में ही रह रहा है, जहां छत टपकने और दीवार गिरने का खतरा बना हुआ है. गांव के लोगों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि बारिश के इस मौसम में उन्हें तत्काल राहत दी जाए ताकि उनके जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके.

**निरीक्षण**

### वेल्स ग्राउंड के निरीक्षण के लिए बीसीसीआई टीम पहुंची हजारीबाग

# वेल्स ग्राउंड को स्टेडियम की मिल सकती है मान्यता

### हजारीबाग का वेल्स ग्राउंड बनेगा क्रिकेट हब क्रिकेट प्रेमियों में खुशी



**शुभम संदेश ।हजारीबाग**

जिले सहित पूरे प्रमंडल के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है. शहर का प्रतिष्ठित वेल्स ग्राउंड, जिसे अब संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम के रूप में विकसित किया जा रहा है, जल्द ही बीसीसीआई से मान्यता प्राप्त स्टेडियम बन सकता है.

इस स्टेडियम का निरीक्षण करने के लिए गुरुवार को बीसीसीआई की तीन सदस्यीय टीम हजारीबाग पहुंची. इस टीम में ऑपरेशनल डिप्टी मैनेजर अमित सिद्धेश्वर, बीसीसीआई मेंबर जेएसी के माध्यम से आए थे. उनके साथ जेएसई के प्रतिनिधि राजेश वर्मा और जेएसी के अधिकारी राजू कुमार भी उपस्थित रहे.निरीक्षण के दौरान टीम ने स्टेडियम की फील्ड, चेंजिंग रूम, बाथरूम, और खिलाड़ियों के ठहरने की होटल व्यवस्था व फूडिंग फैसिलिटी का भी बारीकी से जायजा लिया. उन्होंने कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता बताई और कहा कि अगली प्रक्रिया में और भी कई स्तरों पर जांच की जाएगी. इसके बाद ही इस स्टेडियम को बीसीसीआई की मैच कैटेगरी में शामिल किया जा सकेगा. इस अवसर पर हजारीबाग क्रिकेट एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट आशीष चौधरी सहित एसोसिएशन के कई अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे.बीसीसीआई के टीम की निरीक्षण हजारीबाग में राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट मैचों की संभावनाओं को और मजबूत करता है, और आने वाले समय में यहां बड़े टूर्नामेंटों का आयोजन भी संभव हो सकेगा.

### वाहन जांच अभियान में वसूला 15 हजार जुर्माना

**जयनगर (कोडरमा)।** यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराने को लेकर गुरुवार को जयनगर थाना गेट के समीप यातायात प्रभारी सलाउद्दीन खान के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले दर्जनों वाहन चालकों से मौके पर ही चालान काटते हुए करीब 15 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया. यातायात प्रभारी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले में वाहन जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है. उन्होंने कहा लोगों से बार-बार आग्रह किया जाता है कि वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग जरूर करें लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग लापरवाही कर रहे हैं. प्रभारी ने वाहन चालकों से अपील की कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए हेलमेट का उपयोग करें,

## ब्रीफ न्यूज

### 3 दुकानों में की छापामारी तंबाकू जब्त, लगाया अर्थदंड

**गुमला।** जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने गुरुवार को छारदा स्कूल के समीप केसरी स्टोर की छापामारी करते हुए तंबाकू उत्पादों को जब्त किया और कोटपा अधिनियम के तहत अर्थदंड करते हुए चेतावनी दी कि स्कूल परिसर के सौ गज की दूरी पर निकोटिन व तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध है. नशा उन्मूलन के दिशा में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने गुरुवार को सिसई प्रखंड में विशेष छापामारी अभियान चलाया. अभियान में केसरी स्टोर, अनिल केसरी स्टोर एवं सगीर अंसारी के प्रतिष्ठानों की जांच की गई. केसरी स्टोर में निकोटीन एवं तंबाकू युक्त उत्पादों की बिक्री करते हुए दुकानदार को रंगे हाथों पकड़ा गया.

### धनरोपनी जोरशोर से बारिश से किसान खुश

**इटकी।** इटकी प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों धान रोपाई का कार्य जोरों पर है. सुबह होते ही किसान अपने खेतों में पहुंचकर हल-बैल और ट्रैक्टर की मदद से खेतों को तैयार करने में जुट जा रहे हैं. इस बार मानसून समय पर आया है और लगातार अच्छी बारिश हो रही है, जिससे खेतों में पर्याप्त पानी उपलब्ध है. हालांकि बारिश के कारण कुछ सब्जी की फसलें जरूर बर्बाद हो गईं, जिससे किसानों को नुकसान हुआ, लेकिन समय पर धान रोपाई होने से किसानों में खुशी का माहौल है. प्रखंड के प्रगतिशील किसान नंदलाल महतो ने बताया कि इस बार भारी वर्षा के कारण सुखा बिजड़ा न करके गिलावा किया गया, जिससे धान की रोपाई समय पर शुरू हो सकी.

### 53वें फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 15 अगस्त से

**रातू।** प्रखंड के तिगरा पंचायत स्थित तिगरा ग्राम के फुटबॉल मैदान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त से 53वां फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू हो रहा है. इस प्रतियोगिता का आयोजन सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था 'पुना हीरा नागपुर' के तत्वावधान में किया जा रहा है. आयोजन समिति के अध्यक्ष विदेश तिर्की ने जानकारी दी कि झारखंड फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए हमेशा से उर्वरा भूमि रहा है. इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं की खेल प्रतिभा को उभारना, फुटबॉल को बढ़ावा देना और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करना है. प्रतियोगिता में झारखंड के कोने-कोने से प्रसिद्ध, अनुभवी व उभरते हुए खिलाड़ी व टीमें हिस्सा लेंगी. इससे न केवल प्रतियोगिता का स्तर ऊंचा होगा, बल्कि खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का अनुभव भी मिलेगा.

### पानी निकासी विवाद: 34 ग्रामीणों को मिला कोर्ट का नोटिस

**रामगढ़।** चितरपुर प्रखंड अंतर्गत बड़कीपोना गांव में पानी निकासी को लेकर लंबे समय से जारी विवाद ने अब गंभीर रूप ले लिया है. हाल ही में गांव के 34 महिला-पुरुषों को न्यायालय द्वारा नोटिस भेजा गया है, जिसे लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने तेतर टोला में एक आपात बैठक की. बैठक में मुखिया अरविंद सिंह, पंसस शंभू कुमार, पूर्व प्रत्याशी पनेश्वर कुमार महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे. बैठक में सभी ने रामप्रसाद महतो द्वारा कराए गए झूठे प्राथमिकी का विरोध किया. ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से गांव का बारिश और नाली का पानी अखरा टोला, तेतर टोला होते हुए रेलवे लाइन की ओर बहता रहा है. लेकिन अब रामप्रसाद महतो इस प्राकृतिक जल निकासी को रोक कर ग्रामीणों को परेशान कर रहे हैं. आरोप है कि रामप्रसाद महतो ने न केवल 34 ग्रामीणों पर गंभीर आरोप लगाए है.

## लोहरदगा में नीति आयोग की राशि से योजनाओं का काम पूरा

# अभी तक हैंडओवर नहीं, लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

**संजय मुखर्जी। लोहरदगा**




आकांक्षी जिला में शामिल लोहरदगा में बेहतर कार्य के लिए नीति आयोग द्वारा अवार्ड मनी दिया गया था. अवार्ड मनी की राशि का उपयोग लोहरदगा जिला प्रशासन ने अलग-अलग योजनाओं में किया है. महत्वपूर्ण बात यह है कि नीति आयोग ने जो अवार्ड मनी लोहरदगा जिला प्रशासन को दी थी उससे कई योजनाओं पर काम शुरू किया गया था, लेकिन वर्तमान में कई योजनाएं क्रियान्वित नहीं है. इस कारण स्थानीय लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है.हालांकि योजनाओं का कार्य 10 माह पहले पूरा हो चुका है, फिर भी अब तक न तो योजनाओं को हैंडओवर लिया गया और न ही योजनाएं क्रियाशील हो सकी. परिणामस्वरूप सरकारी राशि की बर्बादी हो रही है. जबकि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से न सिर्फ लोहरदगा, बल्कि लातेहार और रांची जिला के भी कई गांव के लोगों को फायदा होता.

**नीति आयोग की प्राइज मनी से शुरू हुआ था काम :** लोहरदगा जिला प्रशासन द्वारा नीति आयोग के अवार्ड मनी से लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड में दो बड़ी योजनाओं पर काम शुरू कराया गया था. जिसमें से एक योजना है कुडू प्रखंड के जीमा में. यहां 77 लाख रुपये की लागत से डेयरी प्रोजेक्ट की योजना पर काम शुरू हुआ था. जबकि दूसरी योजना नेशनल हाईवे 143 में दीदी कैफे नामक योजना है.

**डेयरी प्रोजेक्ट की बड़ी योजना पड़ी है बेकार:** पहली योजना की बात करें तो इस योजना के चालू होने से न सिर्फ लोहरदगा, बल्कि लातेहार के चंदवा और रांची के चान्हों आदि क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलता. दरअसल, 77 लाख रुपये की लागत से जिला प्रशासन ने निविदा के माध्यम से कुडू प्रखंड के जीमा में एक डेयरी प्रोजेक्ट की स्थापना की है. यहां पर न सिर्फ दूध उत्पादन और पैकिंग का काम किया जाना है, बल्कि यहां पेड़ा, घी, खोवा सहित कई डेयरी प्रोडक्ट तैयार करने की योजना है.

जिसे बाजार में बेचना है और इससे होने वाला मुनाफा दूध उत्पादकों और समूह के सदस्यों के बीच वितरित किया जाना है.

**डेयरी प्रोजेक्ट के शुरू होने से लोगों को मिलता लाभ :** इस डेयरी प्रोजेक्ट के शुरू होने से लातेहार के चंदवा और रांची के चान्हों सहित सीमावर्ती क्षेत्र के किसान यहां पर उत्पादित दूध को बेचकर अच्छा मुनाफा कमा सकते थे. उनसे प्राप्त दूध के माध्यम से खोवा, घी और पेड़ा सहित कई डेयरी प्रोडक्ट तैयार किए जाते. जिससे इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बेहतर काम हो पाता, लेकिन योजना पूरा हुए 10 माह बीत जाने के बावजूद आज भी इस योजना को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई है.

# बालू खनन और परिवहन पर सख्ती से करें कार्रवाई : डीसी

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न




**शुभम संदेश। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई. इधर बैठक में जिला में बालू का अवैध खनन, उठाव व परिवहन रोके जाने का सख्त निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिया गया. उपायुक्त ने कहा कि एनजीटी के आदेशों का सख्ती से पालन किया जाए. इस अवधि में किसी भी क्षेत्र से अगर बालू के अवैध खनन, उठाव व परिवहन की सूचना मिलती है तो त्वरित गति से नियमानुसार कार्रवाई की जाए. साथ ही बालू घाटों पर नियमित रूप से छापेमारी भी की जाए. उपायुक्त डॉ ताराचंद ने सख्त निर्देश दिया है कि अवैध बालू का परिवहन पर उसके चालान की जांच आवश्यक रूप से करें. साथ ही प्रशासनिक पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें. इस बीच बैठक में बालू के अवैध खनन, उठाव व परिवहन के मामले में पिछले कुछ माह में किये गये एफआईआर व आर्थिक दण्ड पर चर्चा की गई. खनन पदाधिकारी को लक्ष्य के अनुरूप राजस्व की उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया गया. बैठक में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, सहायक खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे.

# अधिकारियों ने काटा राशन कार्ड, बचाव में उतरी कांग्रेस



**शुभम संदेश। गुमला**

बसिया प्रखंड के ससिया गांव में छह गरीब परिवार का राशन कार्ड बिना कारण रद्द किए जाने की घटना को जिला कांग्रेस के अध्यक्ष चैतु उरांव ने गंभीरता से लिया है. उन्होंने अधिकारियों व कर्मियों पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए गरीब परिवार के राशन कार्ड के बचाव के लिए गुरुवार को गांव पहुंचे और गरीब परिवारों से मिलकर हकीकत जाना. उन्होंने कहा कि राशन कार्ड रद्द किए जाने की जानकारी उन्हें समाचार पत्र से मिली है. जिला अध्यक्ष ने ससिया गांव में टेकमन प्रधान, दुरमनी देवी, मकरवती देवी, सुलोचनी देवी, ललिता देवी एवं बंधनी देवी से मुलाकात की. इनके जानकारी के बिना ही इनका राशन कार्ड को रद्द कर दिया गया है. इन लोगों ने चैतु उरांव को बताया कि वे लोग जब अनाज उठाव के लिए दुकान गए तब दुकानदार से पता चला कि उनका कार्ड को रद्द कर दिया गया है. कार्ड रद्द किए जाने के कारण जानने के लिए वे लोग प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, उपायुक्त का जनता दरबार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी कार्यालय से जानकारी मांगने का प्रयास किया गया है लेकिन कहीं से कोई जवाब नहीं मिला. इस संबंध में कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा है कि गरीब परिवार का राशन कार्ड बगैर सूचना और बिना कारण रद्द किया जा रहा है इसमें अधिकारियों व उनके कर्मियों के कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहा है. उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए किसी का कार्ड रद्द करना पड़ता है इसके लिए नया कार्ड धारी से कर्मचारी मोटी रकम वसूलते हैं. इस तरह का मामला जिला आपूर्ति कार्यालय में पहले भी देखने व सुनने को मिला है. उन्होंने पूरे मामले को लेकर उपायुक्त से मुलाकात करने और सार्थक पहल करने का गरीब परिवारों को भरोसा दिलाया.

## गुंडाबिहार एंड से चांडिल तक रेल फ्लाईओवर सहित बाईपास लाइन निर्माण कार्य की स्वीकृति

**शुभम संदेश। रांची/कोलकाता**

रेल मंत्रालय ने दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत गुंडाबिहार एंड से चांडिल तक रेल फ्लाईओवर सहित नई बाईपास रेल लाइन के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है. इस बाईपास रेल लाइन परियोजना की कुल लंबाई 10.6 किमी होगी और इसकी अनुमानित लागत 343.97 करोड़ है. प्रस्तावित बाईपास लाइन के अंतर्गत चांडिल स्टेशन पर एक रेल फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा, जहां गुंडाबिहार से आने वाली ट्रेनों के लिए क्रॉसिंग की आवश्यकता होती है. वर्तमान में चांडिल से नीमडीह (आद्रा की दिशा में) के बीच सभी अप और डाउन ट्रेनें सतह क्रॉसिंग के कारण रोकी जाती हैं. ट्रेनों के इस ठहराव और क्रॉसिंग से बचने के लिए चांडिल और गुंडाबिहार के बीच फ्लाईओवर का निर्माण आवश्यक है.

परियोजना पूर्ण होने के पश्चात, यह पहले से संतृप्त एकल-लाइन खंड की क्षमता को बढ़ाएगा और अगले दशक में अनुमानित रूप से बढ़नेवाले माल और यात्री यातायात की आवश्यकताओं को पूरा करेगा. यह रेल फ्लाईओवर चक्रधरपुर-आद्रा और चक्रधरपुर-रांची गलियारों के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करेगा और पहले से स्वीकृत तृतीय एवं चतुर्थ लाइन परियोजनाओं से भी एकीकृत रहेगा, जिससे संपूर्ण रेल नेटवर्क का समग्र विकास संभव हो सकेगा. इस प्रकार, यह परियोजना रेलवे के क्षमता विस्तार, दक्षता, सुरक्षा और क्षेत्रीय विकास जैसे रणनीतिक उद्देश्यों के अनुरूप है.

### बाइक सवार नाली में गिरकर गंभीर रूप से घायल

**चान्हो।** चान्हो थाना क्षेत्र के एनएच-39 चटवल मोड़ पर एक अनियंत्रित बाइक सवार नाली में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के लिए चान्हो स्थित स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है.घायल व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायल के परिवार से संपर्क करने की कोशिश कर रही है.

### डायट चिरी में पलाश-बहुभाषी शिक्षा पर शिक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ

**लोहरदगा।** पलाश-बहुभाषी शिक्षा (एमएलई) के तहत जिला स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कुड़ू प्रखंड स्थित डायट चिरी में हुआ. यह प्रशिक्षण दो बैचों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के 50 चिन्हित विद्यालयों के चयनित शिक्षक भाग ले रहे हैं.प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिजीत कुमार, एपीओ तथा डाइट फैकल्टी के द्वारा किया गया. उद्घाटन सत्र में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए एनसीएफ-एफएस, एनसीएफ और एफएलएन के संदर्भ में पलाश कार्यक्रम की महत्ता को रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षा बच्चों की सीखने की क्षमता को विकसित करने में सहायक है और यह एफएलएन लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. उन्होंने पाठ्य सामग्री के प्रभावी उपयोग पर बल दिया और कहा कि इसका आकलन आगामी फील्ड विजिट के दौरान किया जाएगा. यह प्रशिक्षण लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (एलएलएफ) के तकनीकी सहयोग से संचालित हो रहा है.

## शारीरिक शोषण करने के आरोपी लोहरदगा के प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह निलंबित

**शुभम संदेश। धनबाद/रांची**

शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने होटलों में प्रवेश के लिए फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल करने के आरोपी लोहरदगा के प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है. निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय डीआईजी रांची के कार्यालय में होगा. इस अवधि में उन्हें केवल जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा. उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी चलेगी. गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है.

जारी अधिसूचना के अनुसार एक युवती ने ई-मेल के माध्यम से प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह के विरुद्ध उक्त शिकायत की थी. इस शिकायत की जांच झारखंड पुलिस की एडीजी प्रशिक्षण सह अधुनिकीकरण ने की थी. जांच में आरोपों को सत्य पाया गया.यह तथ्य भी सामने आया कि आरोपित प्रशिक्षु डीएसपी ने शिकायतकर्ता पर अपनी शिकायत वापस लेने और साक्ष्य मिटाने के लिए दबाव बनाया था. एडीजी ने जांच में उनके कृत्य को निंदनीय माना और अपनी जांच रिपोर्ट में लिखा है कि आरोपी डीएसपी ने अपने पद की गरिमा को भी धूमिल किया है. यही वजह है कि उन्हें झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2016 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है.

### अस्पताल परिसर में नहीं लगेंगी दुकाने और अनाधिकृत एंबुलेंस

**गुमला।** जशपुर रोड डेली मार्केट के बाद अब सदर अस्पताल परिसर के दुकानदारों पर भी गाज गिरना तय हो गया है. उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर गुरुवार को एसडीओ राजीव नीरज,अंचल अधिकारी हरीश कुमार थाना प्रभारी महेंद्र करमाली पहुंचे और सदर अस्पताल परिसर में लगे दुकानों और अनाधिकृत एम्बुलेंस को हटाने का निर्देश दिया. अधिकारियों ने बताया कि आम नागरिकों की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है. आम सूचना थी कि सदर अस्पताल परिसर में लगने वाले दुकानों में गांजा व शराब का लोग सेवन करते हैं. सड़क किनारे दुकान लगने से आवागमन बाधित होता है. एसडीओ ने सदर अस्पताल परिसर में लगने वाले एंबुलेंस की जानकारी ली.

## एक नजर

### सांसद ने पर्वतारोही बहादुर पाहन को किया सम्मानित



**लोहरदगा।** ककरगढ़ के रहने वाले सूबेदार बहादुर पाहन जो अभी नेहरू इंस्टीट्यूट आफ मॉनिटरिंग में पदस्थापित है . ये 7 सदस्यों के साथ 23 मई 2025 को माउंट एवरेस्ट पर चढ़े थे .ये लोहरदगा के पहले व्यक्ति हैं जो माउंट एवरेस्ट पर चढ़े हैं . दिल्ली में लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत ने बहादुर पाहन को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. मौके पर सांसद ने कहा कि सूबेदार बहादुर पाहन माउंट एवरेस्ट पर फतह कर लोहरदगा ही नहीं पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है . सांसद मौके पर उन्हें बधाई दिए.

### कोहापीट, चीरोडीह व हेलता में नए पंचायत भवन का उदघाटन



**गुमला।** घाघरा व बिशुनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोहीपाट, चीरोडीह और हेलता गांव के नव निर्मित पंचायत भवन का गुरुवार को जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा और उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने संयुक्त रूप से किया. उद्घाटन कार्यक्रम में जिला परिषद के सदस्य, प्रखंड प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, एवं जिला अभियंता भी उपस्थित थे. उद्घाटन के बाद पंचायत भवन मुखिया को समर्पित कर दिया गया है.जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल आठ पंचायत भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है जिनमें से तीन पंचायत पूर्ण कर लिया गया. भरनो पंचायत भवन एवं पालकोट प्रखंड के डहुपानी पंचायत भवन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है. उसका भी जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा. रायडीह प्रखंड के परसा पंचायत भवन एवं फसिया पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर उद्घाटन कराया जा चुका है. शेष एक पंचायत भवन का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है.

### आज से 26 जुलाई तक स्कूलों में विशेष सफाई अभियान

**गुमला।** लगातार हो रही वर्षा के कारण विद्यालय भवनों के छतों व दीवारों में हो रहे रिसाव और जर्जर विद्यालय भवनों में स्कूली बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से उपायुक्त ने विद्यालयों में अभियान चलाकर साफ सफाई कराने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया है. उपायुक्त कार्यालय से जारी आदेश के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो व जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम ने 18 जुलाई से 26 जुलाई तक स्कूलों में विशेष सफाई अभियान चलाने का अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मियों व साधन सेवियों को निर्देश दिया है. अभियान में विशेष कर विद्यालय भवन के छत की पर्याप्त साफ कराने का निर्देश दिया है. ज्ञात हो कि छत में जल जमाव व गंदगी के कारण तर्री स्कूल का भवन खराब हो गया है. डीएसई ने तर्री स्कूल का निरीक्षण कर एचएम को फटकार लगाते हुए कार्रवाई की है. इसके बाद जिले के पूरे विद्यालयों में विशेष सफाई का आदेश जारी किया गया है. छत में जल जमाव, गंदगी, छत से जल निकासी की व्यवस्था करने, विद्यालय परिसर की प्रतिदिन साफ-सफाई करने और कचरों का सुरक्षित निपटान करने, विद्यालय परिसर में झाड़ियों एवं पौधे आदि की नियमित छंटनी करने तथा विद्यालय भवन की बाहरी दीवारों की साफ-सफाई,वर्ग कक्ष के अंदर समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. अधिकारियों ने प्रतिदिन की साफ सफाई का जियो टैग फोटोग्राफ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है.

### असाक्षरों के लिए स्कूलों में खुलेगा जन चेतना केंद्र

**गुमला।** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिले के स्कूलों में जन चेतना केंद्र की स्थापना करने और पोषक क्षेत्र के असाक्षर महिला पुरुषों को साक्षर करने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने सभी सरकारी एवं सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालयों के एचएम को विशेष निर्देश जारी किया है. कहा है कि विद्यालय के पोषक क्षेत्र में 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर लोगों की पहचान करने और स्वयं सेवकों के साथ टैग कर सुविधा के अनुसार केंद्र संचालन किया जाना है. उन्होंने 10 दिनों के भीतर सर्वे का काम पूर्ण कराने और स्वयंसेवकों के साथ टैग करने करने का निर्देश दिया है. जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि सर्वेक्षण प्रक्रिया की ऑनलाइन एंट्री अनिवार्य रूप से करना है. यदि किसी विद्यालय के पोषक क्षेत्र में अब कोई असाक्षर नहीं है, तो उस विद्यालय द्वारा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा. डीएसई ने कहा कि 26 जुलाई 2025 तक सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करना होगा और माह के अंत तक चिन्हित असाक्षरों के लिए जन चेतना केंद्र के माध्यम से साक्षरता कक्षा प्रारंभ करना है.

### मोर पुलिस मोय पुलिस कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

**सिमडेगा।** कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान 'मोर पुलिस मोय पुलिस' के तहत सिमडेगा जिले में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम गिरदा ओपी के रायकेरा, रेंगारीह थाना क्षेत्र के बाघचट्टा तथा बानो थाना अंतर्गत पाबुड़ा पंचायत में आयोजित हुआ. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं को सीधे सुनना और त्वरित समाधान की दिशा में पहल करना था. पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं, हालांकि इस दौरान किसी प्रकार का लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ. कार्यक्रम के दौरान पुलिस द्वारा जनजागरूकता पर विशेष बल दिया गया. मानव तस्करी, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, महिला उत्पीड़न, तथा डायन प्रथा जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया. पुलिस अधिकारियों ने इन मुद्दों पर विस्तार से जानकारी देते हुए लोगों को सतर्क और सहयोगी बनने की अपील की. स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास एवं सहयोग की भावना सुदृढ़ होती है.

### महिला नेत्रियों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला



**सिमडेगा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत पंचायती राज विभाग, सिमडेगा द्वारा 'सशक्त पंचायतः नेत्री अभियान' विषय पर महिला जनप्रतिनिधियों के सशक्तिकरण हेतु एकदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त कंचन सिंह, उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ. कार्यक्रम में जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार की 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' योजना के अंतर्गत महिला प्रतिनिधियों को नेतृत्व, नीति निर्माण एवं स्थानीय शासन में भागीदारी हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही समावेशी विकास संभव है. उपायुक्त सिंह ने महिला नेत्रियों से अपने स्त्रीत्व के गुणों को प्रशासनिक कार्यों में अपनाने की अपील की और कहा कि सशक्त महिलाएं ही समाज को संतुलित दिशा दे सकती हैं.

### नाली निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**इटकी।** गुलाम टोली के दर्जनों ग्रामीणों ने गुरुवार को त्रिविन्धा चौक पर नाली निर्माण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. सईद अंसारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बताया कि साहेब मोड़ से चनगनी तक सड़क का निर्माण तो हो गया है, जिसमें सड़क की ऊंचाई लगभग दो फुट की है, लेकिन नाली न बनने के कारण बारिश का पानी दर्जनों घरों में घुस रहा है. इस वजह से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सईद अंसारी ने बताया कि ग्रामीणों ने कई बार अंचल अधिकारी समेत उच्च अधिकारियों को आवेदन देकर अतिक्रमित जमीन मुक्त कराकर नाली निर्माण की मांग की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है.

## जर्जर भवन — प्राथमिक विद्यालय घुटुवा में अव्यवस्था के बीच बच्चों का स्थानांतरण

# अभिभावकों व शिक्षकों को गहरी चिंता में डाला

**शुभम संदेश। रामगढ़**



राजकीय मध्य विद्यालय नया नगर के जर्जर भवन को असुरक्षित मानते हुए गुरुवार को वहां पढ़ रहे 265 छात्र-छात्राओं को पास के राजकीय प्राथमिक विद्यालय घुटूवा में अस्थायी रूप से स्थानांतरित कर दिया गया. यह स्थानांतरण झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़ की रिपोर्ट और जिला प्रशासन की सहमति के बाद किया गया. हालांकि, बिना पर्याप्त तैयारी के किए गए इस निर्णय ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को गहरी चिंता में डाल दिया है. बच्चों के स्थानांतरण के पीछे कारण बताया गया है कि मध्य विद्यालय नया नगर का भवन बेहद जर्जर हालत में है और वहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है. नया भवन डीएमएफटी फंड से निर्माणाधीन है, जिसे भवन निर्माण विभाग द्वारा बनाया जा रहा है. तब तक के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत 300 मीटर दूर स्थित प्राथमिक विद्यालय घुटूवा को अस्थायी केंद्र बनाया गया है. बीइइओ पतरातू के प्रतिवेदन अनुसार प्राथमिक विद्यालय घुटूवा में कुल 5 कमरे उपलब्ध हैं, जिनमें पढ़ाई कराई जा सकती है. लेकिन मौके पर सुविधाओं की भारी कमी देखने को मिली है. छत पर बने कमरों में डेस्क-बेंच टूटी हुई है, फर्श फिसलन भरी है और रेलिंग का अभाव बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बन गया है. वहीं, नीचे के कमरे में प्लास्टर गिर रहा है और पानी टपक रहा है. स्थिति को देखते हुए स्थानीय अभिभावकों में नाराजगी है. उनका कहना है कि बिना जरूरी संसाधनों के बच्चों को यहां भेजना उनके भविष्य और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है.

स्थानांतरित विद्यालय में मध्याह्न भोजन की जिम्मेदारी मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक को दी गई है. प्रशासन को चाहिए कि वह जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारें, ताकि अस्थायी रूप से स्थानांतरित छात्रों को सुरक्षित और अनुकूल वातावरण मिल सके.

### बड़कीपोना में मुखिया ने किया औचक निरीक्षण

**रामगढ़।** बड़कीपोना पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार सिंह ने गुरुवार को राजकीय मध्य विद्यालय बड़कीपोना का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था, मूलभूत सुविधाएं और मिड डे मील की गुणवत्ता की जांच करना था. मुखिया ने सबसे पहले विद्यालय परिसर का भ्रमण कर शौचालय, पेयजल, भवन की स्थिति एवं साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया. उन्होंने बच्चों से संवाद कर उन्हें मिल रही शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी ली. बच्चों ने पढ़ाई की स्थिति को लेकर असंतोष जाहिर किया, जिस पर मुखिया ने चिंता जताई. निरीक्षण के दौरान दो कक्षाओं में शिक्षक अनुपस्थित पाए गए. लगभग साढ़े ग्यारह बजे प्रभारी शिक्षक रश्मि बारला एक कक्षा में पहुंचीं. जब मुखिया ने उनसे सवाल किया तो उन्होंने शिक्षक की कमी और कार्यालयी कार्यों की व्यस्तता का हवाला दिया. उन्होंने बताया कि मात्र पाँच शिक्षक ही विद्यालय में पदस्थापित हैं और ऑनलाइन रिपोर्टिंग सहित कई अतिरिक्त कार्य भी करने पड़ते हैं. मुखिया ने प्रभारी शिक्षक को निर्देश दिया कि शिक्षकों को समय पर कक्षा में उपस्थित रहकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें. साथ ही मिड डे मील में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और रोस्टर के अनुसार नियमित भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए.

### डीसी ने आपूर्ति विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में धान अधिप्राप्ति योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत जून-जुलाई 2025 का राशन उठाव एवं वितरण, झारखंड खाद्य सुरक्षा योजना, नवीन राशन कार्ड वितरण, चना दाल वितरण, राशन कार्डधारियों का इकेवाइसी, पीएमजीएस पोर्टल पर लंबित मामलों आदि की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. बैठक में उपायुक्त ने एनएफएसए के तहत जून और जुलाई में जिले में किए गए खाद्यान्न वितरण की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप खाद्यान्न वितरण करने का निर्देश दिया. उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण में लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी.

## मंथन

# अनुशासनहीनता पर मंत्री ने दिया सख्ती का संदेश

झारखंड के उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के औचक निरीक्षण के दौरान पाई गई लापरवाही न केवल प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि जनता की आवश्यक सेवाओं के प्रति कुछ कर्मचारियों का रवैया कितना गैर-जिम्मेदाराना हो चला है. मंत्री का यह निरीक्षण खासतौर पर उल्लेखनीय इसलिए भी है क्योंकि वे पारिवारिक शोक के क्षणों से लौटते ही कार्यभार में जुट गए. यह व्यवहार स्वयं में एक उदाहरण है, जो दर्शाता है कि जनप्रतिनिधियों को कैसे जिम्मेदारी निभानी चाहिए. निरीक्षण के दौरान सात कर्मचारियों की अनुपस्थिति और समय पर कार्यालय नहीं पहुंचना, साथ ही फाइलों के निस्तारण में ढिलाई जैसे मामले यह स्पष्ट करते हैं कि विभागीय अनुशासन की स्थिति चिंताजनक है. मंत्री द्वारा कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगना और विभागीय सचिव को जांच का निर्देश देना एक सही और समयोचित कदम है. यह कदम केवल व्यक्तिगत अनुशासन की बात नहीं करता, बल्कि एक व्यापक संदेश देता है कि अब ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी. पेयजल एवं स्वच्छता जैसी मूलभूत सेवाओं में लापरवाही का सीधा असर आमजन पर पड़ता है. ऐसे में यह आवश्यक है कि विभाग शून्य सहनशीलता की नीति अपनाए और जवाबदेही तय की जाए. मंत्री द्वारा कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, समयबद्ध उपस्थिति और जिम्मेदारी से कार्य करने की जो अपेक्षा जताई गई है, वह प्रशासनिक सुधार की दिशा में मजबूत पहल है. यह उम्मीद की जानी चाहिए कि अन्य विभाग भी इस अनुशासनात्मक दृष्टिकोण को अपनाते हुए जनता की सेवा में तत्परता दिखाएंगे.

## नजरिया

# झारखंड की शिक्षा व्यवस्था में नई ऊर्जा का मिला संकेत

झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया राज्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए एक सकारात्मक कदम है. करीब 8200 शिक्षकों की नियुक्ति-जिसमें 5600 प्राथमिक और 2600 विज्ञान शिक्षक शामिल हैं-स्कूलों में शिक्षण गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगी. विशेष रूप से प्राथमिक स्तर पर उन स्कूलों को प्राथमिकता देना, जहां मात्र एक शिक्षक कार्यरत है, सरकार की उस गंभीरता को दर्शाता है जो वह आधारभूत शिक्षा को लेकर रखती है. एक शिक्षक के भरोसे चल रहे स्कूलों की स्थिति शिक्षा के अधिकार अधिनियम की भावना के भी प्रतिकूल रही है. अब ऐसे स्कूलों में अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति न केवल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराएगी, बल्कि शिक्षकों पर से कार्यभार भी कम होगा. जेएसएससी द्वारा तय समयसीमा में परिणाम जारी करना, और उसके एक महीने के भीतर दस्तावेज सत्यापन एवं पदस्थापन की प्रक्रिया पूरी करना, प्रशासन की तत्परता और पारदर्शिता का परिचायक है. साथ ही, ज़िला स्तर पर शिक्षकों की तैनाती और वास्तविक जरूरत के अनुसार नियुक्ति सुनिश्चित करेगी कि संसाधनों का उपयोग हो. ये नियुक्ति प्रक्रिया यदि तय समय पर बिना किसी व्यवधान के पूरी हो जाती है, तो यह झारखंड की सरकारी शिक्षा व्यवस्था को नई ऊर्जा दे सकती है. ज़रूरत है कि नियुक्त शिक्षकों को उचित प्रशिक्षण, संसाधन और सहयोग उपलब्ध कराया जाए ताकि वे बच्चों के भविष्य को गढ़ने में सफल हो सकें.

# खतरनाक है जाति और मजहब की सियासत

अरविंद जयतिलक



**सुप्रीम कोर्ट की एआईएमआईएम के खिलाफ याचिका पर टिप्पणी गौर करने लायक है**

देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआइएम) का पंजीकरण रद्द करने की अनुरोध वाली एक याचिका पर सुनवाई करते यह कहा जाना सर्वथा उचित है कि जातिगत निर्भरता वाले राजनीतिक दल देश के लिए खतरनाक हैं. गौर करें तो सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है, जब सियासी दलों द्वारा जातिगत और मजहबी गोलबदी को खुलकर धार दी जा रही है. याद होगा गत वर्ष पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने जाति, धर्म, भाषा और समुदाय की आड़ में कुत्सित सियासत को जनप्रतिनिधित्व की धारा 123 (3) का उलंघन करार देते हुए कहा था कि चुनाव एक धर्मनिरपेक्ष प्रक्रिया है और इसे इसी रुप में बनाए रखना होगा. तब समझा गया था कि देश के सियासतदान जाति व मजहब के नाम पर वोट की सियासत बंद करेंगे. लेकिन ऐसा नहीं हुआ.

अक्सर देखा जाता है कि जब भी देश में चुनाव आता है राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए जाति, धर्म, भाषा और समुदाय के नाम पर वोट मांगना शुरू कर देते हैं. उनकी मजहबी व जातिवादी राजनीति से न केवल ध्रुवीकरण को बढ़ावा मिलता है बल्कि कई बार तो तनाव व हिंसा का माहौल भी उत्पन होता है. देश के सियासी दल सत्ता संधान के निमित्त मजहब व जाति अस्मिता के सवाल को किस तरह उछालकर जातियों की गोलबंदी कर व्यवस्था का जातीयकरण करते हैं यह किसी से छिपा नहीं है. सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद अब भी उम्मीद बेमानी ही होगी कि राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए अपने भाषणों में और अपील के जरिए धर्म, जाति व समुदाय के लोगों को लुभाने और उनका ध्रुवीकरण कराने की हिमाकत नहीं करेंगे. सच तो यह है कि वे अब भी रुकने वाले नहीं हैं. जबकि सभी राजनीतिक दल इस सच्चाई से भलीभांति अवगत हैं कि वोटयुक्ति के लिए मजहबी लासेबाजी से देश अनगिनत बार चुनावी दंगे की भेंट चढ़ चुका है. सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है. हजारों करोड़ की संपत्ति नष्ट हो चुकी है.

हद तो तब हो जाती है जब राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव जीतने के लिए मजहबी लोगों को आगे कर अपने पक्ष में फतवा जारी कराया जाता है. अपने चुनावी घोषणापत्रों में मजहबी आधार पर आरक्षण का वादा किया जाता है. जबकि उन्हें अच्छी तरह पता है कि यह संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत है. संविधान के अनुच्छेद 15 व 16 (4) में स्पष्ट उल्लेख है कि शैक्षणिक और सामाजिक पिछड़ापन ही आरक्षण का आधार हो सकता है न कि मजहब. हद तो तब होती है जब दल चुनाव जीतने के लिए मजहब और जाति को आधार बनाकर दलीय उम्मीदवार तय करते हैं. भारत में स्वतंत्रता आंदोलन ने जब जोर पकड़ा तो ऐसा लगा कि कुछ वर्षों में जाति-व्यवस्था का प्रभाव पूर्णतया समाप्त हो जाएगा. लेकिन सन् 1957 के आमचुनाव के बाद देश ने महसूस किया कि भारत में जातिगत भावनाएं एक बार पुनः उभरने लगी है. अनेक क्षेत्रों में इनके बढ़ते हुए प्रभाव से देश की राजनीति के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है.

वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में मजहब व जाति को इसके दो पक्षों के रूप में समझा जा सकता है-एक इसका सामाजिक-सांस्कृतिक पक्ष है जो दिन-प्रतिदिन कमजोर होता जा रहा है. दूसरा पक्ष राजनीतिक पक्ष है जो अपनी पूरी ताकत से मजहब और जाति के प्रभाव को बनाए रखने का जतन हो रहा है. हालांकि देश का जनमानस मजहब और जातिय ध्रुवीकरण के विपरीत एक साथ मिलजुलकर रहना चाहता है. लेकिन चुनाव के दौरान राजनीतिक दल प्रत्येक व्यक्ति को याद दिलाते नजर आते हैं कि वह अपने ही मजहब और जाति के हित में किसी उम्मीदवार को वोट दें. इसी का नतीजा है कि मजहब और जाति व्यवस्था ने मजहबवाद और जातिवाद का रूप लेकर सामाजिक व राजनीतिक जीवन को विघटित किया है. यदि पिछले आमचुनावों पर ध्यान टिकाए जाएं तो राज्य तथा केंद्र स्तर पर विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अपने जिनको चुनाव के लिए मैदान में उतारा गया उनमें से 75% से भी अधिक के चयन का आधार उनकी जाति और मजहब था. आज की तारीख में राजनीति में अब व्यक्ति की योग्यता का आधार उनकी जातिगत व मजहबी सदस्यता भर रह गया है.

**उचित होगा कि देश के सभी सियासी दल जाति, मजहब और भाषा की सियासत को तिलांजलि देकर जनसरोकारी मसले पर अपनी आवाज को धार दें. उन्हें समझना होगा कि कोई भी जातिगत और मजहबी भावना राष्ट्र के भविष्य से बढ़ कर नहीं है.**

आश्चर्य की बात यह कि जो दल राजनीति में जातिवाद के खिलाफ आवाज उठाकर अपनी पहचान निर्मित की वे भी आज जाति की ही राजनीति करते देखे जा रहे हैं. उसका नतीजा यह है कि राजनीतिक दलों के लिए जाति व्यवस्था एक उपयोगी संस्था के रुप में तब्दील हो चुकी है जिसका वे भरपूर दोहन कर रहे हैं. लेकिन इसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ रहा है. प्रजातंत्र के लिए गंभीर संकट उत्पन हो गया है. काका कालेलकर ने राजनीति में जातिवाद को देश के लिए खतरा बताते हुए लिखा था कि जातिवाद एक अंधी तथा उच्च सत्ता प्राप्त वफादारी है जो कि स्वस्थ न्याय के सामाजिक स्तर, समानता और व्यापक भाईचारे का तिलांजलि देती है. जाति की विद्रूप सियासत का ही नतीजा है कि आज संपूर्ण देश जातियों का खौलता हुआ कुंड बन चुका है व समूची व्यवस्था का जातीयकरण हो रहा है.

जातिवादी राजनीति ने समाज को टुकड़े-टुकड़े में बांट दिया है और जातियां एकदूसरे को शक की नजर से देखती हैं. दरअसल व्यवस्था के जातीयकरण ने सत्ता में दुबारा वापसी की इस हद तक गारंटी दे दी है कि सभी सियासी दल जातिवादी राजनीति को खाद-पानी मुहैया करा रहे हैं. धर्म व जाति की घटिया राजनीति की तरह भाषा को लेकर भी देशतोड़क राजनीति की जा रही है. महाराष्ट्र इसका ताजा उदाहरण है जहां गैर मराठियों का भाषा के नाम पर उत्पीड़न हो रहा है. भाषा पर कुत्सित सियासत का ही नतीजा है कि आज भारत में भाषावाद की समस्या भयंकर रुप धारण कर ली है. उचित होगा कि देश के सभी सियासी दल जाति, मजहब और भाषा की सियासत को तिलांजलि देकर जनसरोकारी मसले पर अपनी आवाज को धार दें. उन्हें समझना होगा कि कोई भी जातिगत और मजहबी भावना राष्ट्र के भविष्य से बढ़कर नहीं है.

## आज का इतिहास

- 1290: इंग्लैंड के किंग एडवर्ड ने यहूदियों के निष्कासन का आदेश दिया.
- 1743: साप्ताहिक अखबार न्यूयार्क में दुनिया में पहली बार विज्ञापन प्रकाशित हुआ.
- 1857: बंबई विश्वविद्यालय की स्थापना.
- 1918: नोबेल से सम्मानित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला का जन्म.
- 1947: ब्रिटिश संसद द्वारा पारित भारत स्वतंत्रता एक्ट को सम्राट द्वारा मंजूरी दी गई.
- 1951: उरुग्वे ने संविधान स्वीकार किया.
- 1963: सीरिया में सैन्य तख्तापलट विफल.
- 1977: वियतनाम संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बना.
- 1980: भारत में निर्मित उपग्रह 'रोहिणी-1' पृथ्वी की कक्षा में स्थापित.
- 2012: किम जोंग उन को आधिकारिक तौर पर उत्तर कोरिया का सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया.
- 2012: भारत के पहले सुपर स्टार अभिनेता राजेश खन्ना का निधन.

## शिवाजी महाराज ने पत्थर मारने वाली बुढ़िया को दिया ईनाम

**चिंतन**

एक बार छत्रपति शिवाजी महाराज जंगल में शिकार करने जा रहे थे. अभी वे कुछ दूर ही आगे बढ़े थे कि एक पत्थर आकर उनके सिर पे लगा. शिवाजी क्रोधित हो उठे, और इधर-उधर देखने लगे, पर उन्हें कोई भी दिखाई नहीं दे रहा था, तभी पेड़ों के पीछे से एक बुढ़िया सामने आई और बोली, ये पत्थर मैंने फेंका था.

आपने ऐसा क्यों किया? शिवाजी ने पूछा.

क्षमा कीजिएगा महाराज, मैं तो आम के इस पेड़ से कुछ आम तोड़ना चाहती थी, पर बूढ़ी होने के कारण मैं इस पर चढ़ नहीं सकती इसलिए पत्थर मारकर फल तोड़ रही थी, पर गलती से वो पत्थर आपको जा लगा. बुढ़िया बोली.

निश्चित ही कोई साधारण व्यक्ति ऐसी गलती से क्रोधित हो उठता और गलती करने वाले को सजा देता, पर शिवाजी तो महानता के प्रतीक थे, भला वे ऐसा कैसे करते.

उन्होंने सोचा, यदि यह साधारण सा एक पेड़ इतना सहनशील और दयालु हो सकता है जो की मारने वाले को भी मीठे फल देता हो तो भला मैं एक राजा हो कर सहनशील और दयालु क्यों नहीं हो सकता?

और ऐसा सोचते हुए उन्होंने बुढ़िया को कुछ स्वर्ण मुद्राएं भेंट कर दीं.

मित्रों सहनशीलता और दया कमजोरों नहीं बल्कि वीरों के गुण हैं. आज जबकि छोटी-छोटी बातों पर लोगों का क्रोधित हो जाना और मार-पीट पर उतर आना आम होता जा रहा है ऐसे में शिवाजी के जीवन का यह प्रसंग हमें सहिष्णु और दयालु बनने की सीख देता है.

श्री चैतन्य महाप्रभु ने कहा भी है :

तृणादपि सुनीचेन तरोरिव सहिष्णुना।

अमानिना मानदेन कीर्तनीयो सदा हरिः ।।

हमें भगवान का पवित्र नाम विनम्रता के साथ लेना चाहिए, ये सोचते हुए कि हम रास्ते में पड़े तिनके से भी निम्न हैं. हमें पेड़ से भी अधिक सहनशील होना चाहिए. झूठी प्रतिष्ठा की भावना से मुक्त और दूसरों को सम्मान देने के लिए तत्पर होना चाहिए. ऐसी मनोस्थिति में हमें भगवान के नाम का निरंतर जप करना चाहिए.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग




1. #WorldEmojiDay
2. #BoostSelfConfidence
3. #InternationalJusticeDay
4. Perplexity Pro
5. #BrahmaMuhurta
6. Amrit Vela
7. Airtel
8. Time of Inner Illumination
9. पारस अस्पताल
10. #FreeElectricity

# बहुरंग



# साठ की उम्र में दमदार एक्शन सीन को अंजाम देना पहले से कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण : सलमान खान

बॉलीवुड के तीनों दिग्गज, सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान अब अपने जीवन के साठवें दशक में प्रवेश कर चुके हैं. सलमान खान इस साल 60 साल के हो जाएंगे, लेकिन उम्र सिर्फ एक संख्या है, क्योंकि इन तीनों सितारों की लोकप्रियता आज भी उतनी ही जबरदस्त है, जितनी उनके करियर के शुरुआती दौर में थी. सलमान इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की तैयारियों में जुटे हैं, जिसमें वह एक भारतीय सेना अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं. फिल्म में कई दमदार एक्शन सीन होंगे, जिन्हें लेकर सलमान ने कहा है कि अब साठ की उम्र में इन दृश्यों को अंजाम देना पहले से कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है.

फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' भारत और चीन के बीच गलवान घाटी में हुए ऐतिहासिक टकराव पर आधारित है. इस देशभक्ति से भरी फिल्म में सलमान खान एक भारतीय सेना अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं और इस किरदार के लिए वह जी-जान से मेहनत कर रहे हैं. फिल्म को लेकर सलमान ने खुलासा किया, इस बार का रोल शारीरिक रूप से काफी डिमांडिंग है. हर दिन चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं. पहले ऐसी फिल्मों के लिए मैं सिर्फ़ एक-दो हफ्ते की ट्रेनिंग करता था, लेकिन इस बार मामला अलग है. मुझे कार्डियो, रनिंग और किक बॉक्सिंग जैसी एक्टिविटीज़ पर ज़्यादा वक्त देना पड़ रहा है. किरदार की ईमानदारी बनाए रखने के लिए ये ज़रूरी है. सलमान ने इस फिल्म के लिए अपना वजन भी खासा कम किया है. उन्होंने कहा कि यह रोल उनके करियर के सबसे कठिन किरदारों में से एक है. उन्होंने आगे कहा, जब मैं सिकंदर फिल्म कर रहा था, तब की एक्शन सीन्स और मेरी भूमिका काफी अलग थी. लेकिन बैटल ऑफ गलवान पूरी तरह से एक अलग स्तर की चुनौती है. इसमें मुझे ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों पर चढ़ना है और लद्दाख के जमा देने वाले पानी में शूटिंग करनी है. फिल्म साइन करते समय मैं बेहद उत्साहित था और लगा कि पहले की तरह ही आसानी से सब हो जाएगा. लेकिन जब असल ट्रेनिंग शुरू हुई, तो महसूस हुआ कि यह फिल्म कितनी कठिन होने वाली है. मुझे 20 दिनों तक लद्दाख में रहना है. हम इसी महीने वहां शूटिंग शुरू करने वाले हैं. अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो यह फिल्म जनवरी में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है.

## डिप्टी सीएम शिंदे ने देखी फिल्म 'सितारे जमीन पर'



अमीर खान की 'सितारे ज़मीन पर' को रिलीज़ के बाद से ही दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है. फिल्म में प्यार, भावनाओं और हास्य का खूबसूरत संतुलन देखने को मिला, जिसने हर उम्र के दर्शकों को छू लिया है. बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के झंडे गाड़े हैं. इसी कामयाबी का जश्न मनाते हुए शिवसेना की प्रमुख प्रवक्ता शाइना एनसी ने एक खास स्क्रीनिंग का आयोजन किया. इस आयोजन में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और फिल्म के मुख्य अभिनेता आमिर खान ने शिरकत की. मुंबई के इनॉक्स थिएटर में आयोजित 'सितारे ज़मीन पर' की स्पेशल स्क्रीनिंग को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला. यह खास आयोजन शिवसेना की प्रमुख प्रवक्ता शाइना एनसी द्वारा रखा गया था. फिल्म ने अपनी भावनात्मक और प्रेरणादायक कहानी से न सिर्फ दर्शकों का दिल जीत लिया, बल्कि हर किसी की आंखें नम कर दीं. इस मौके पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुपरस्टार आमिर खान की मौजूदगी ने इवेंट को और भी खास बना दिया. फिल्म को सराहना मिलने से इसकी सफलता में और निखार आ गया है. 'सितारे ज़मीन पर' आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी एक प्रेरणादायक और भावनात्मक फिल्म है, जिसमें आमिर खान और जेनेलिया देशमुख प्रमुख भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं. फिल्म का संगीत शंकर-एहसान-लॉय ने तैयार किया है, जबकि इसके दिल को छूने वाले गीत अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं. फिल्म की कहानी को स्क्रीन पर दिव्य निधि शर्मा ने बखूबी उतारा है, वहीं इसका निर्देशन आर. एस. प्रसन्ना ने संभाला है, जो पहले 'शुभ मंगल सावधान' जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बना चुके हैं.




## 'सन ऑफ सरदार-2' की स्टारकास्ट बनी कपिल शर्मा के शो की मेहमान

कॉमेडी का जबरदस्त तड़का लगाने वाला 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने तीसरे सीजन में भी दर्शकों को खूब हंसा रहा है. अब शो का नया प्रोमो रिलीज हो चुका है, जिसमें अजय देवगन की अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार-2' की स्टार कास्ट नजर आ रही है. प्रोमो में अजय देवगन के साथ-साथ संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा और अरशद वारसी भी दिखाई दे रहे हैं. ये सभी सितारे शो में मस्ती और हंसी का जबरदस्त माहौल बनाएंगे. इस खास एपिसोड में फिल्म से जुड़े कई किस्से, पर्दे के पीछे की मजेदार बातें और कपिल शर्मा की जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग आपको भरपूर हंसी से सराबोर कर देगी. 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो-3' का नया प्रोमो सामने आ चुका है, जिसमें अजय देवगन के साथ मृणाल ठाकुर और रवि किशन की भी झलक देखने को मिली है. प्रोमो में सभी कलाकार कपिल शर्मा और उनकी टीम के साथ जमकर मस्ती करते नजर आ रहे हैं. हंसी के इस तूफानी सफर में दर्शकों को भरपूर मनोरंजन मिलने वाला है. इस खास एपिसोड का प्रसारण 19 जुलाई को रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर किया जाएगा. यह एपिसोड अजय देवगन की आने वाली फिल्म 'सन ऑफ सरदार-2' के प्रमोशन का हिस्सा है. 'सन ऑफ सरदार-2' सिनेमाघरों में 25 जुलाई को दस्तक देने जा रही है.




## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे. किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. जल्दबाजी में कोई भूल संभव है. आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी. शुभांक-5-7-8

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें. निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है. भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी. एकाकी प्रवृति का त्याग करें. यात्रा न करें. शुभांक-4-6-7

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. शुभांक-4-6-8

**कर्क :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. मान-सम्मान में वृद्धि होगी. हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें. मन प्रसन्न बना रहेगा. शुभांक-3-6-9

**सिंह :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. अतः आलस्य का त्याग करें. शुभांक-4-6-8

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी. धार्मिक कार्य शुभ रहेगा. शुभांक-2-4-6

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. सफलता मिलेगी. सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें. शुभांक-3-6-7

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं. समय व्ययकारी सिद्ध होगा. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. मनोरथ सिद्घि का योग है. शुभांक-2-5-7

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. धार्मिक यात्रा का योग बना है. शुभांक-2-5-7

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्घि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें. पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी. शुद्घ गोचर का लाभ. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा. शुभांक-3-6-8

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. शुभांक-6-8-9

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी. अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा. शुभांक-5-8-9



# क्या एप्पल साइडर विनेगर सेहत को पहुंचाता है नुकसान?

एप्पल साइडर विनेगर का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। परफेक्ट फिगर से लेकर चमकदार स्किन पाने के लिए लोग इसका सेवन कर रहे हैं। एप्पल साइडर विनेगर को कुछ लोग वजन कम करने के लिए सुबह-सवेरे खाली पेट भी पी रहे हैं। लेकिन क्या आप जानती है रोजाना एप्पल साइडर विनेगर का सेवन करना आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। एप्पल साइडर विनेगर का लंबे समय तक सेवन करने से आपकी हेल्थ को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा सकता है। क्योंकि एप्पल साइडर विनेगर में बहुत ही स्ट्रांग एसिड होता है, जिसका लिमिट से ज्यादा सेवन नुकसानदायक हो सकता है। अगर आपको एप्पल साइडर विनेगर का फायदा लेना है तो उसका सेवन पर्याप्त मात्रा में ही करने की सलाह दी जाती है। एप्पल साइडर विनेगर के नुकसान क्या-क्या हैं?

## दांतों की समस्या

एप्पल साइडर विनेगर बहुत ही ज्यादा एसिडिक होता है, यह ऐसे तो नुकसादायक नहीं लगता है। लेकिन इसका हद से ज्यादा सेवन करना आपके दांत खराब कर सकता है। दांतों पर एक लेयर होती है, जो लिमिट से ज्यादा एप्पल साइडर विनेगर का सेवन करने से हट सकती है। लेयर हटने से दांतों में सेंसटिविटी और सड़न जैसी समस्या हो सकती है। अगर आपको अपने दांतों से प्यार है तो एप्पल साइडर विनेगर को पानी में मिलाकर और स्ट्रा से पी सकते हैं।

## दवाइयों पर असर

अगर आपकी किसी तरह की दवा चल रही है, तो एप्पल साइडर विनेगर का सेवन करते समय ज्यादा सावधानी की जरूरत है। क्योंकि इसमें मौजूद एसिड, दवाइयों के असर पर प्रभाव डाल सकता है। जिससे अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। अगर आप किसी तरह की दवा ले रही हैं और एप्पल साइडर विनेगर को भी अपने रूटीन में शामिल करने के बारे में सोच रही हैं तो पहले डॉक्टर की सलाह अवश्य ले लेनी चाहिए।

## पेट की समस्या

एप्पल साइडर विनेगर को डाइजेशन के लिए अच्छा माना जाता है, लेकिन इसका लिमिट से ज्यादा सेवनपेट की समस्या हो सकती है। बहुत ज्यादा मात्रा में एसिड का सेवन करने से आपके पेट में जलन हो सकती है। खासकर, अगर आपका गट सेंसिटिव, खट्टे डकार या एसिडिटी की समस्या रहती है तो एप्पल साइडर विनेगर को एक लिमिट में ही लेना चाहिए।

## स्किन इरिटेशन

एप्पल साइडर विनेगर का स्किन केयर ट्रीटमेंट्स में भी इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन, इसे स्किन पर डायरेक्ट लगाने से बचना चाहिए क्योंकि इससे जलन और इरिटेशन की समस्या हो सकती है। स्किन के लिए एसिड बहुत हार्ड हो सकता है, ऐसे में इसे डायलियूट करके ही लगाए। अगर आप एप्पल साइडर विनेगर का टोनर या फेस पर इस्तेमाल कर रही हैं, तो पहले थोड़े एरिया पर लगाकर चेक करें।

## हड्डियों पर असर

क्या आप जानती हैं एप्पल साइडर विनेगर का बहुत ज्यादा सेवन करने से आपकी हड्डियों पर असर पड़ सकता है? एप्पल साइडर विनेगर का लिमिट से ज्यादा सेवन, शरीर में पोटैशियम की मात्रा को कम करने से लिंक हो सकता है जिसकी वजह से बोन डेनसिटी भी समय के साथ कम हो सकती है। ऐसे में एप्पल साइडर विनेगर का लिमिट में ही सेवन करना चाहिए।

एप्पल साइडर विनेगर के फायदे अनेक हैं, लेकिन किसी भी चीज का अति में सेवन करना सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में एप्पल साइडर विनेगर को अपनी डाइट में शामिल करने से पहले उसके फायदे और नुकसान, दोनों के बारे में जान लेना चाहिए। अगर आपको एप्पल साइडर विनेगर का सेवन करने से किसी तरह का रिएक्शन होता है, तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।



वैरिकोज वेंस या स्पाइडर वेंस नसों से जुड़ी समस्या है। वैरिकोज वेंस ज्यादातर लोगों के लिए खतरनाक नहीं होती है लेकिन कई बार ये गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती हैं। वैरिकोज वेंस हाथ, पैर, एड़ी, टखने और पंजों में ज्यादा दिखाई देती हैं। इस स्थिति में नीली नसें या नसों के गुच्छे साफ नजर आने लगते हैं। अधिकतर मामलों में लोगों को वैरिकोज वेंस की समस्या में दर्द नहीं होता है लेकिन कई लोगों के लिए यह दर्द, खड़े होने में परेशानी और जलन जैसी परेशानी की वजह हो सकती है। अगर आपको भी वैरिकोज वेंस की समस्या है, तो अपने लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करके आप इस समस्या से राहत पा सकती हैं।

# लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करके वैरिकोज वेंस की समस्या से पा सकते हैं राहत

वैरिकोज वेंस या स्पाइडर वेंस नसों से जुड़ी समस्या है। वैरिकोज वेंस ज्यादातर लोगों के लिए खतरनाक नहीं होती हैं लेकिन कई बार ये गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती हैं। वैरिकोज वेंस हाथ, पैर, एड़ी, टखने और पंजों में ज्यादा दिखाई देती हैं। इस स्थिति में नीली नसें या नसों के गुच्छे साफ नजर आने लगते हैं। अधिकतर मामलों में लोगों को वैरिकोज वेंस की समस्या में दर्द नहीं होता है लेकिन कई लोगों के लिए यह दर्द, खड़े होने में परेशानी और जलन जैसी परेशानी की वजह हो सकती है।

कई बार इन नसों में ब्लीडिंग भी हो जाती है। वैरिकोज वेंस के कारण क्या हैं और किन आसान तरीकों की मदद से इन्हें मैनेज किया जा सकता है। इस बारे में हमने डाइटीशियन, पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट से बात की और उनसे इसे मैनेज करने के कुछ टिप्स जाने। आइए आपको बताते हैं।

## वैरिकोज वेंस के कारण

- लंबे वक्त तक खड़े रहना
- वजन अधिक होना
- प्रेग्नेंसी
- नसों पर अधिक दबाव
- हार्मोनल इंबैलेंस
- बढ़ती उम्र

## इस बात का ख्याल

पुराने वक्त में घरों में खाना बनाने के लिए चूल्हे का प्रयोग होता था। महिलाएं बैठकर खाना बनाती थी लेकिन आज के वक्त में खड़े रहकर ही खाना बनाया जाता है। ये भी वैरिकोज वेंस की एक बड़ी वजह है। जब महिलाएं बैठकर खाना बनाती थी तो वे लंबे वक्त तक खड़ी नहीं रहती थी जिससे वैरिकोज वेंस की समस्या कम देखने को मिलती थी। इससे पेल्विक मसल्स को भी फायदा होता था।

## इन टिप्स को करें फॉलो

- अगर आपको वैरिकोज वेंस की समस्या है तो कुछ आसान टिप्स को फॉलो करके आप इसे मैनेज कर सकती हैं।
- लंबे समय तक खड़ी ना रहें। कुछ देर खड़ी रहने के बाद बैठ जाएं।
- पैरों पर अधिक प्रेशर न डालें।
- अगर आपका वजन अधिक है तो इसे कम करने की कोशिश करें।
- ज्यादा पानी पिएं।
- अपनी डाइट में ताजे फल और सब्जियों को शामिल करें।
- डॉक्टर से सलाह लेकर कम्प्रेशन स्टॉकिंग्स पहनें। इससे वैरिकोज वेंस को बढ़ने से रोका जा सकता है।
- अगर समस्या ज्यादा है तो डॉक्टर से ट्रीटमेंट जरूर करवाएं।

# वैरिकोज वेंस होने पर न करें ये 5 काम, बढ़ सकती है मुश्किल



**वैरिकोज वेंस या स्पाइडर वेंस नसों से जुड़ी समस्या है। यह कई कारणों से हो सकती है। अगर आपको यह समस्या है, तो कुछ कामों को करने से बचें वरना आपकी मुश्किल बढ़ सकती है।**

वैरिकोज वेंस के बारे में काफी लोग नहीं जानते हैं। लेकिन, यह नसों से जुड़ी एक समस्या है। आपने कुछ लोगों के हाथ, पैर, एड़ी, पंजे या टखनों में नीली नसें या नसों के गुच्छे देखे होंगे। ये वेरिकोज वेंस होती हैं। इन्हें स्पाइडर वेंस भी कहा जाता है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं और यह समस्या पुरुषों से ज्यादा महिलाओं में देखने को मिलती है। आमतौर पर इनसे कोई खतरा नहीं होता है। लेकिन, कई बार ये मुश्किल खड़ी कर सकती हैं। इनकी वजह से कई बार, टांगों में खून की सप्लाई पर असर होता है। कई लोगों को इनकी वजह से खड़े होने में परेशानी हो सकती है। वहीं, कई बार इनमें दर्द और जलन भी होती है। अगर आपको यह समस्या है, तो आपको कुछ कामों को पूरी तरह अवॉइड करना चाहिए।

## वेरिकोज वेंस होने पर बिल्कुल न करें ये काम

- अगर आपको वेरिकोज वेंस की समस्या है, तो ज्यादा देर बिल्कुल खड़े न रहें। इससे आपकी दिक्कत बढ़ सकती है। ज्यादा देर खड़े रहने के कारण, नसों में खून जमने लगता है इससे नसों पर अधिक प्रेशर पड़ता है।
- वेरिकोज वेंज होने पर, आप भारी वजन न उठाएं। दरअसल, भारी वजन उठाने से नसों पर दबाव पड़ता है और इससे नसों में खिंचाव पैदा होता है। इसकी वजह से नसें कमजोर होने लगती हैं।
ऐसा नहीं है कि आप बिल्कुल वजन नहीं उठा सकती हैं। लेकिन, अधिक भारी चीजों को उठाने से बचें।
- हाई हील्स वाले सैंडिल न पहनें। इससे ब्लड फ्लो बाधित होता है और नसों पर दबाव पड़ता है।
- वेरिकोज वेंस होने पर, आपको मुलायम और आरामदायक चप्पलें पहननी चाहिए।
- अगर आपको वैरिकोज वेंस हैं, तो आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आपको कब्ज न हो। अगर आपका पेट ठीक से साफ नहीं हो रहा है, आपको कब्ज है, तो इसकी वजह से पेट साफ होने पर नसों पर दबाव आता है और परेशानी बढ़ सकती है।
- अधिक कठोर या खुरदुरी जगह पर न चलें। इससे भी नसों पर प्रेशर आता है।



# ट्रेवल के दौरान खराब नहीं होगा डाइजेशन अपनाएं ये टिप्स

**क्या ट्रैवलिंग के दौरान आपका भी पेट गड़बड़ हो जाता है,गैस और कब्ज से परेशान हो जाते हैं तो आप इन टिप्स को फॉलो करके इसमें आराम पा सकते हैं।**

ट्रेवल करना मजेदार और रोमांच से भरा होता है, लेकिन अक्सर ट्रैवलिंग के दौरा पेट साथ नहीं देता है, अक्सर लोगों को एसिडिटी, कब्ज, जैसी दिक्कत हो जाती है जिसके कारण सफर का मजा किरकिरा हो जाता है, फ्रेशनेस महसूस नहीं होती है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो हम आपको एक्सपर्ट के बताए कुछ टिप्स बता रहे हैं जिसे फॉलो करने से ट्रैवलिंग के दौर आपको दिक्कत नहीं होगी

- ट्रैवल के दौरान डाइजेशन को सही रखना है तो खाली पेट कैफीन का सेवन करने से बचे, इससे एसिडिटी बढ़ाने की संभावना रहती है।
- रात को सोते वक्त नाभि में तेल जरूर लगाएं, इससे मेटाबॉलिज्म में सुधार होता है। पाचन बेहतर होता है और गैस की समस्याएं कम होती है। यह एक बेहद सरल और प्रभावी उपाय है।
- सूर्य नमस्कार करना ना भूलें, इससे न सिर्फ फिटनेस को बढ़ावा मिलता है बल्कि आपके पाचन तंत्र को भी सक्रिय करने में मदद मिलती है। यह पेट के अंगों में रक्त प्रवाह को बढ़ाता है और पाचन क्रिया को मजबूत करता है।
- रोज सुबह एक चम्मच शहद का सेवन करें, यह नेचुरल लैक्सेटिव गुणों वाला होता है जो कब्ज और गैस की समस्याओं में मदद करता है।
- ट्रेवल के दौरान ठंडा खाना खाने से बचें, ठंडा खाद्य पदार्थ पाचन को धीमा कर सकते हैं, कोशिश करें कि आपके भोजन का तापमान सामान्य गर्म हो ताकी पाचन प्रक्रिया सुचारू बनी रहे।
- फलों और दूध को एक साथ ना खाएं, इससे ब्लोटिंग और असुविधा हो सकती है। फल जल्दी पचते है जबकि दूध में अधिक समय लगता है।
- सोने से पहले वज्रासन में जरूर बैठें, इससे पेट पर दबाव पड़ता है जो पाचन अंगों को सक्रिय करता है और भोजन को सही से पचने में मदद करता है।
- रात को सोने से पहले कैफीन का सेवन न करें, इससे आपकी नींद खराब हो सकती है और पाचन में बाधा आ सकता है।
- रात का खाना जल्दी खाने से आपके शरीर को भोजन पचाने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। इसे पोषक तत्वों का बेहतर अवशोषण होता है और असुविधा की संभावना कम होती है।



# उम्र बढ़ने के साथ कमजोर होने लगती है पास की नजर

प्रेसबायोपिया यानी पास की नजर का कमजोर होना है। यह बीमारी उम्र के साथ होने वाले सामान्य बदलाव के कारण होती है जोकि 40 की उम्र के बाद देखने को मिलती है। हालांकि मोबाइल फोन और इसी तरह के अन्य गैजेट्स के इस्तेमाल करने से कई बार यह बीमारी उम्र से पहले ही नजर आने लगती है। इसमें नजर को पास में केंद्रित कर पाने में परेशानी होती है। खासकर छोटे अक्षरों और कम रोशनी में। शुरू में तो व्यक्ति मोबाइल या किताब को दूर कर पढ़ लेता है लेकिन बाद में दिखाई नहीं देता है।

**कारण** - इसका मुख्य कारण उम्र का अधिक होना है। यह बीमारी 40वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में आम है, लेकिन मोबाइल, कम्प्यूटर और टेबलेट्स के अत्यधिक इस्तेमाल से लोगों को जल्द ही चश्मा लग जाता है। एस्टीमैटिज्म (दृष्टिवैषम्य), नियरसाइटेडनेस (निकटदृष्टि दोष) और फारसाइटेडनेस (दूरदृष्टि दोष) के रूप में प्रेसबायोपिया में अंतर पाया जा सकता है, जो कि आंखों की पुतलियों के आकार से संबंधित है और आनुवांशिक व पर्यावरणीय कारणों से होते हैं।

**लक्षण-इलाज** - प्रेसबायोपिया के मरीजों को नजदीक का काम करने जैसे कढ़ाई या हाथों से लिखने पर सिरदर्द, आंखों पर दबाव या थकान महसूस होने लगता है। अगर बीमारी की पहचान शुरुआती चरण में हो जाती है तो दिनचर्या में कुछ बदलाव कर इसको नियंत्रित किया जाता है, लेकिन बीमारी बढ़ने पर सर्जरी की जाती है। इसके लिए कंडक्टिव कैरेटोप्लास्टी या कॉर्नियल इन-लेज आदि सर्जरी की जाती है।

**चश्मा** - बायफोकल या प्रोग्रेसिव लैंस लगे चश्मे प्रेसबायोपिया में सुधार के लिए सबसे अच्छे होते हैं। बायफोकल का मतलब है, जिसमें दो फोकस होते हैं। चश्मे के लैंस का प्रमुख भाग दूरदृष्टि दोष के सुधार के लिए होता है जबकि लैंस का निचला हिस्सा निकट दृष्टि दोष के लिए होता है। प्रोग्रेसिव प्रकार के लैंस बायफोकल लैंस के समान होते हैं लेकिन उनके बीच कोई लकीर नजर नहीं आती। इसको पहन सकते हैं।

**जांचें** - इसकी जांच भी आंखों की दूसरी बीमारियों की तरह ही होती है। डॉक्टर, पहले आंखों में दवा डालकर पुतलियों को फैलाते हैं। इसके बाद तेज रोशनी में आंखों की जांच करते हैं। इस प्रक्रिया में करीब एक घंटे का समय लगता है। इसके अलावा भी डॉक्टर कुछ अन्य टेस्ट भी करवाते हैं।



### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम घोषित

# ज्वेल एंड्रू और जेदियाह ब्लेड्स को पहली बार मौका

**एजेंसी। जमैका**



वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी 20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है. यह सीरीज 20 जुलाई से 28 जुलाई के बीच जमैका के सबीना पार्क और सेंट किट्स के वॉर्नर पार्क में खेली जाएगी.टीम में आयरलैंड के खिलाफ हाल ही में सीरीज जीतने वाले मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है, जबकि दो युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों—ज्वेल एंड्रू और जेदियाह ब्लेड्स—को पहली बार टी 20 अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है.

18 वर्षीय ज्वेल एंड्रू, जो एक उभरते हुए बल्लेबाज और बैकअप विकेटकीपर हैं, ने खासकर स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपने आक्रामक खेल से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया है. उन्हें क्षेत्र का भविष्य का सितारा माना जा रहा है.वहीं, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेदियाह ब्लेड्स ने 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था. उन्होंने वेस्टइंडीज ब्रेकआउट लीग में पावरप्ले ओवरों के दौरान शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा.शाई होप टीम की कप्तानी बरकरार रखेंगे, जबकि जेसन होल्डर, अकील होसेन, और रोवमैन पॉवेल जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी टीम में शामिल हैं.टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा कि टीम का मुख्य फोकस रैंकिंग सुधारने और 2026 में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी 20 विश्व कप की तैयारी करना है.

उन्होंने कहा,हमारी रणनीति और लक्ष्य स्पष्ट हैं—2026 में टी 20 वर्ल्ड कप जीतना. इस सीरीज में हम अपनी शैली और खेल के ब्रांड को और निखारने का प्रयास करेंगे.

**वेस्टइंडीज टी 20 टीम इस प्रकार है**

शाई होप (कप्तान), ज्वेल एंड्रू, जेदियाह ब्लेड्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन,अलजारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, आंद्रे रसेल शेर्फ़न रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड.

**वेस्टइंडीज बनाम ऑस्ट्रेलिया शेड्यूल**

| | | |
|---|---|---|
| पहला | टी- 20: 20 जुलाई | सबीना पार्क, जमैका |
| दूसरा | टी -20: 22 जुलाई | सबीना पार्क, जमैका |
| तीसरा | टी- 20: 25 जुलाई | वॉर्नर पार्क, सेंट किट्स |
| चौथा | टी -20: 26 जुलाई | वॉर्नर पार्क, सेंट किट्स |
| पांचवां | टी- 20: 28 जुलाई | वॉर्नर पार्क, सेंट किट्स |

# भारतीय दल की अगुआई करेंगे प्रज्ञानंद, गुकेश नहीं होंगे शामिल

**एजेंसी। लास वेगास**

लास वेगास फ्री स्टाइल शतरंज



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद लास वेगास फ्री स्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय दल की अगुआई करेंगे. वहीं, विश्व चैंपियन डी गुकेश इस प्रतियोगिता में शामिल नहीं होंगे क्योंकि उन्हें एक महीने के अंदर ग्रैंडमास्टर टूर के मुख्य टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है. प्रज्ञानंद को 16 खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है. अर्जुन एरिगेसी और विदित गुजराती दूसरे पूल में साथ होंगे. दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस बार भी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे. प्रत्येक ग्रुप में आठ खिलाड़ी हैं और शीर्ष चार खिलाड़ी अगले चरण में पहुंचेंगे जबकि इसके बाद निचले स्थान पर रहने वाले आधे खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगे. 19 वर्षीय प्रज्ञानंद अपने अभियान की शुरुआत उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ करेंगे. कार्लसन अपने शुरुआती दौर में पहले चरण के विजेता जर्मनी के विन्सेंट कीमर से भिड़ेंगे.अमेरिका के हैंस नीमन फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में पहली बार भाग लेंगे और पहली बाजी में एरिगेसी के सामने होंगे. वहीं गुजराती का सामना अमेरिका के फैबियानो कारुआना से होगा. पहली बार एक महिला खिलाड़ी कजाखस्तान की बिबिसारा असाऊबुयेवा को विश्व के शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए टीम में शामिल किया गया है.

# स्ट्राइकर दीपिका ने मैजिक स्किल पुरस्कार जीता

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



भारतीय महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर दीपिका ने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के भुवनेश्वर चरण के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ किए गए अपने मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार जीता है. एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया गया.दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था. कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था, जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया. भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया. उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया.दीपिका ने कहा, 'यह पुरस्कार पाकर मैं सचमुच सम्मानित महसूस कर रही हूं. नीदरलैंड जैसे कड़े प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गोल करना मेरे लिए सचमुच में विशेष पल था और अब यह सम्मान पाना मेरे लिए बहुत मायने रखता है. मैं अपने साथियों, कोचों, परिवार और दोस्तों का शुक्रिया अदा करती हूं जो हर दिन मेरा हौसला बढ़ाते रहते हैं.'उन्होंने कहा, 'यह पुरस्कार सिर्फ़ मेरा नहीं है, यह भारतीय हॉकी का है. आइए हम सब मिलकर आगे बढ़ते रहें.' दीपिका को इस पुरस्कार के लिए स्पेन की पैट्रिशिया अल्वारेज़ के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किए गए गोल तथा ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के इंग्लैंड के खिलाफ सामूहिक प्रयास से किए गए गोल के साथ नामांकित किया गया था. पुरुष वर्ग में यह पुरस्कार बेल्जियम के विक्टर वेगनेज़ को मिला जिन्होंने स्पेन के खिलाफ गोल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी.

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : जो रूट ने किया तख्तापलट

# बने विश्व के नंबर-1 बल्लेबाज

**एजेंसी। नई दिल्ली**



इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का ताज अपने नाम कर लिया है. रूट ने लॉर्ड्स में अपने टेस्ट करियर का 37वां शतक जड़ा, वह 888 रेटिंग के साथ बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक पायदान उठते हुए आठवीं बार टॉप पर पहुंच गए हैं. वहीं, रूट के हमवतन हैरी ब्रूक को दो स्थान का नुकसान हुआ है. ब्रूक 862 रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर लुढ़क चुके हैं. ब्रूक पिछले हफ्ते टेस्ट फॉर्मेट के नंबर-1 बल्लेबाज बने थे.जो रूट ने तीसरे टेस्ट में 104 और 40 रनों की पारी खेलते हुए इंग्लैंड को 22 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी. मेजबान टीम पांच मुकाबलों की सीरीज में 2-1 से बढ़त हासिल कर चुकी है.

टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन दूसरे स्थान पर हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ (816 रेटिंग) भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को पछाड़कर चौथे स्थान पर आ गए हैं.

लॉर्ड्स में 72 और नाबाद 61 रनों की पारी की बदौलत भारत के रवींद्र जडेजा पांच स्थान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि सलामी बल्लेबाज केएल राहुल 100 और 39 रनों की पारी की बदौलत पांच स्थान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर हैं.भारतीय कप्तान शुभमन गिल 16 और छह रन की पारी के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान नीचे, नौवें स्थान पर खिसक गए हैं, जबकि इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 42वें और गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 45वें स्थान पर पहुंच गए. स्टोक्स ने लॉर्ड्स टेस्ट में कुल 77 रन बनाने के साथ पांच विकेट चटकाए. वह 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे थे.

लॉर्ड्स में जसप्रीत बुमराह ने सात विकेट अपने नाम किए, जिसने उन्हें कगिसो रबाडा पर 50 अंकों की बढ़त बनाए रखने में मदद की है. भारत के ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने लॉर्ड्स में 22 रन देकर 4 विकेट लिए, जिससे वह गेंदबाजी रैंकिंग में 58वें से 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं.ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ हैट्रिक चटकाई. वह छह पायदान ऊपर चढ़कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं.बोलैंड के साथ उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन और मिचेल स्टार्क अब एक अनोखी उपलब्धि हासिल कर चुके हैं. ऑस्ट्रेलिया के यह पांच गेंदबाज अब शीर्ष 10 टेस्ट रैंकिंग में शामिल हैं.

### ओल्ड ट्रैफर्ड में कभी टेस्ट नहीं जीता भारत

# इंग्लैंड की रही 'बादशाहत'



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के खिलाफ पांच मुकाबलों की सीरीज में इंग्लैंड फिलहाल 2-1 से आगे हैं. शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथा टेस्ट खेलने उतरेगी. लॉर्ड्स में खेले गए रोमांचक टेस्ट में भारत को 22 रनों के करीबी अंतर से शिकस्त झेलनी पड़ी. अब सीरीज में एक बार फिर बराबरी के लिए टीम इंडिया को ओल्ड ट्रैफर्ड में यह मैच हर हाल में जीतना होगा.भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड के इस मैदान पर साल 1936 में पहली बार टेस्ट मैच खेला था, जो ड्रॉ रहा. टीम इंडिया ने अब तक यहां कुल नौ टेस्ट खेले हैं, जिसमें एक भी जीत हासिल नहीं की.टीम इंडिया ने ओल्ड ट्रैफर्ड में सभी मैच इंग्लैंड के खिलाफ खेले, जिसमें चार मुकाबले गंवाए, जबकि पांच ड्रॉ रहे.भारत ने आखिरी बार अगस्त 2014 में इस मैदान पर टेस्ट मैच खेला था, जिसमें उसे पारी और 54 रन से हार का सामना करना पड़ा.टीम इंडिया करीब 11 साल बाद यहां टेस्ट खेलने उतरेगी. इसका मतलब है कि मौजूदा भारतीय टीम के अधिकांश सदस्यों के लिए मैनचेस्टर में एक नया अनुभव होगा.इंग्लैंड ने ओल्ड ट्रैफर्ड में 84 टेस्ट खेले हैं, जिनमें से 33 जीते, 15 हारे और 36 मैच ड्रॉ रहे.भारत के लिए इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को रोकना बेहद जरूरी होगा, जिनका ओल्ड ट्रैफर्ड में रिकॉर्ड शानदार रहा है.जो रूट ने इस मैदान पर 11 टेस्ट मैचों में 978 रन बनाए हैं, जिसमें एक दोहरा शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं. यहां उनका सर्वोच्च स्कोर 254 रन है. लॉर्ड्स में 37वां टेस्ट शतक लगाने के बाद रूट ओल्ड ट्रैफर्ड में एक बार फिर इंग्लैंड की उम्मीद होंगे.सीरीज में बने रहने के लिए टीम इंडिया के लिए चौथा टेस्ट मैच जीतना जरूरी है. वहीं, इंग्लैंड की टीम एक और जीत के साथ सीरीज में अजेय बढ़त हासिल कर लेगी.

### रियल मैड्रिड के बेलिंगहैम ने करायी कंधे की सर्जरी

# ला लीगा के शुरुआती मैच से बाहर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



रियल मैड्रिड के मिडफील्डर जूड बेलिंगहैम ने अपने कंधे की सफल सर्जरी करवाई है. ऐसे में अब बेलिंगहैम को कम से कम छह हफ्तों के लिए मैदान से दूर रहना होगा. वह ला लीगा के शुरुआती मुकाबले नहीं खेल सकेंगे.बेलिंगहैम को नवंबर 2023 से कंधे में तकलीफ थी. ला लीगा मैच के दौरान उनका कंधा खिसक गया था. तभी से बेलिंगहैम अपनी जर्सी के नीचे सपोर्ट ब्रेस पहनकर खेलते रहे.

बेलिंगहैम ने क्लब वर्ल्ड कप के बाद ही सर्जरी कराने का फैसला किया था, ताकि रियल मैड्रिड के लिए उस टूर्नामेंट में खेल सकें. हालांकि, उनकी टीम सेमीफाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन से हारकर बाहर हो गई थी.रियल मैड्रिड ने अपने बयान में कहा,बार-बार होने वाले खिसकाव की समस्या के इलाज के लिए जूड बेलिंगहैम के कंधे की सर्जरी हुई. यह ऑपरेशन डॉक्टर मैनुएल लेयेस और एंड्र्यू वालेस ने रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज की निगरानी में किया. अब बेलिंगहैम रिहैबिलिटेशन से गुजरेंगे, जिसके बाद ट्रेनिंग शुरू कर सकेंगे.स्पेनिश क्लब रियल मैड्रिड अब नए मैनेजर शाबी अलोंसो के नेतृत्व में है. टीम 19 अगस्त को ओसासुना के खिलाफ घरेलू मैच से ला लीगा सीजन की शुरुआत करेगी.बेलिंगहैम न सिर्फ शुरुआती लीग मुकाबलों से बाहर रहेंगे, बल्कि कुछ चैंपियंस लीग मुकाबले और सितंबर में इंग्लैंड के अंडोरा और सर्बिया के खिलाफ होने वाले वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स भी मिस कर सकते हैं.जूड बेलिंगहैम ने बोरुसिया डॉर्टमंड से रियल मैड्रिड आने के बाद अब तक सभी प्रतियोगिताओं में क्लब के लिए 100 मुकाबले खेले हैं.अपने डेब्यू सीजन 2023-24 से अब तक उन्होंने 38 गोल दागने के साथ 27 असिस्ट दिए, जिससे वह रियल मैड्रिड के लिए एक अहम खिलाड़ी बन चुके हैं. बेलिंगहैम के अक्टूबर के अंत में होने वाले सीजन के पहले 'एल क्लासिको' में बार्सिलोना के खिलाफ वापसी की उम्मीद है.

बेलिंगहैम के अक्टूबर के अंत में बार्सिलोना के खिलाफ सीजन के पहले क्लासिको में वापसी करने की उम्मीद है. हालांकि, वह 29 सितंबर को एटलेटिको मैड्रिड के खिलाफ होने वाला डर्बी मुकाबला मिस कर सकते हैं.

### सबालेंका ने मॉन्ट्रियल टूर्नामेंट से नाम वापस लिया

# यूएस ओपन की तैयारी के लिए आराम को दी प्राथमिकता

**एजेंसी। नई दिल्ली**



शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने नेशनल बैंक ओपन (मॉन्ट्रियल टूर्नामेंट) से नाम वापस ले लिया है. उन्होंने यह फैसला अमेरिकी ओपन के लिए खुद को बेहतर ढंग से तैयार करने और अतिरिक्त आराम के लिए लिया है.सबालेंका ने एक बयान में कहा,मैं नॉर्थ अमेरिकन हार्ड-कोर्ट सीज़न की शुरुआत को लेकर उत्साहित हूं, लेकिन इस सीज़न में बेहतर प्रदर्शन के लिए यह फैसला किया है कि मॉन्ट्रियल नहीं खेलना ही मेरे लिए सही रहेगा.

गौरतलब है कि सबालेंका हाल ही में विंबलडन के सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, जहां उन्हें अमांडा अनीसीमोवा के हाथों हार का सामना करना पड़ा.नेशनल बैंक ओपन 27 जुलाई से शुरू होगा, लेकिन अब उम्मीद की जा रही है कि सबालेंका अगस्त की शुरुआत में सिनसिनाटी ओपन में वापसी करेंगी. यूएस ओपन की शुरुआत 24 अगस्त से होनी है, जिसे साबालेंका ने 2024 में पहली बार अपने नाम किया था. इस टूर्नामेंट से 10वीं रैंकिंग की पाउला बडोसा ने भी चोट के कारण नाम वापस ले लिया है. सबालेंका और बडोसा की जगह कैटी मैकनेली और मोयूका उचिजिमा को मुख्य ड्रॉ में शामिल किया गया है.

### बांग्लादेश ने श्रीलंका को 8 विकेट से पराजित किया

# टी-20 सीरीज 2-1 से जीती

**एजेंसी। कोलंबो**




तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के निर्णायक मुकाबले में बुधवार को बांग्लादेश ने श्रीलंका को 8 विकेट से हराकर सीरीज़ 2-1 से अपने नाम कर ली. इस जीत में सलामी बल्लेबाज़ तंजीद हसन तमीम की करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 73 रन की पारी निर्णायक रही.श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फैसला किया और 20 ओवरों में सात विकेट पर 132 रन बनाए. जवाब में बांग्लादेश ने 2 विकेट पर 133 रन बनाकर 21 गेंद शेष रहते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया.बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और पारी की पहली ही गेंद पर परवेज़ हुसैन इमोन (0) नुवान तुषारा की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए. इसके बाद तमीम और कप्तान लिटन दास ने मिलकर 50 गेंदों में 74 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला. लिटन ने 32 रन बनाए और कामिंदु मेंडिस की गेंद पर कुसल परेरा को कैच थमाया.इसके बाद तमीम और तौहीद हृदय ने मिलकर नाबाद 59 रन की साझेदारी की और टीम को जीत तक पहुंचाया. तमीम ने 47 गेंदों पर 6 छक्के और 1 चौका लगाकर नाबाद 73 रन बनाए. यह उनका टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है, जो इससे पहले उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 67 रन बनाए थे. हृदय 27 रन बनाकर नाबाद रहे.इससे पहले बांग्लादेश के ऑफ स्पिनर मेहदी हसन ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और 4 ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 4 विकेट लिए. इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वेस्टइंडीज के खिलाफ 4/13 था.श्रीलंका ने तेज़ शुरुआत की और पहले ओवर में 14 रन बनाए, लेकिन शोरीफुल इस्लाम ने ओवर की आखिरी गेंद पर कुसल मेंडिस (6) को हृदय के हाथों डीप स्क्वेयर लेग पर कैच करवा दिया.इसके बाद श्रीलंका की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई. कुसल परेरा (0) को मेहदी हसन ने स्लिप में तमीम के हाथों कैच कराया, वहीं दिनेश चांदीमल (4) और कप्तान चरिथ असलंका (3) भी सस्ते में पवेलियन लौट गए. पथुम निसांका ने 46 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली और टीम के टॉप स्कोरर रहे.

**फुटबॉल**

### मेजर लीग सॉकर: एफसी के एवेंडर ने दो गोल दागे, मेसी रहे बेअसर

# एफसी सिनसिनाटी ने इंटर मियामी को 3-0 से हराया

**एजेंसी। ओहियो**



एफसी सिनसिनाटी के स्टार मिडफील्डर एवेंडर ने लगातार पांचवें मैच में गोल करते हुए क्लब रिकॉर्ड बनाया और अपनी टीम को इंटर मियामी के खिलाफ 3-0 की बड़ी जीत दिलाई. यह मुकाबला बुधवार देर रात ( भारतीय समयानुसार गुरुवार) को सिनसिनाटी के घरेलू मैदान टीक्यूएल स्टेडियम में खेला गया.दूसरे हाफ की शुरुआत में एवेंडर ने बॉक्स के बीच से बाएं पैर से शानदार शॉट मारते हुए गेंद को गोलपोस्ट के निचले दाएं कोने में पहुंचाया और टीम की बढ़त 2-0 कर दी. यही नहीं, एवेंडर ने इस हाफ में दूसरा गोल भी किया, जबकि पहले हाफ में उनकी कई कोशिशें नाकाम रही थीं. इन दो गोलों के साथ एवेंडर के एमएलएस रेगुलर सीजन में कुल 15 गोल हो गए हैं.इस जीत के साथ एफसी सिनसिनाटी (14 जीत, 6 हार, 3 ड्रॉ – 45 अंक) ने मियामी की लगातार 5 जीत की लय को तोड़ते हुए उन्हें 18 मई के बाद पहली बार हार का स्वाद चखाया. सिनसिनाटी की दमदार डिफेंस और गोलकीपर रोमन सेलेनटानो के प्रदर्शन ने मियामी के हमलों को पूरी तरह विफल कर दिया.मैच का पहला गोल 16वें मिनट में गेरार्डो वैलेनजुएला ने किया. उन्होंने बॉक्स के बाएं किनारे से बाएं पैर से शॉट लगाते हुए गेंद को निचले दाएं कोने में पहुंचाया.

यह उनका इस सीजन का चौथा गोल था.पहले हाफ में सिनसिनाटी का दबदबा साफ दिखा. टीम ने 45 मिनट और 6 मिनट के इंजरी टाइम में कई बार बॉक्स में प्रवेश किया और गोल की कोशिशें कीं. सिनसिनाटी ने पहले हाफ में 7 शॉट्स (4 ऑन टारगेट) और पूरे मैच में कुल 11 शॉट्स (6 ऑन टारगेट) लिए.दूसरी ओर, इंटर मियामी (11 जीत, 4 हार, 5 ड्रॉ – 38 अंक) की आक्रामक रणनीति को सिनसिनाटी की बैकलाइन ने पूरी तरह से निष्क्रिय कर दिया. सु

परस्टार लियोनेल मेसी के दो प्रयास भी गोल में नहीं बदल पाए. पहला शॉट डिफेंडर लुकास एंगल ने ब्लॉक किया, जबकि दूसरा प्रयास गोलकीपर सेलेनटानो ने शानदार डाइविंग सेव के साथ रोका. सेलेनटानो ने इस मैच में दो शानदार सेव करते हुए सीजन का सातवां क्लीन शीट दर्ज किया. वहीं मियामी के दो गोलकीपर ऑस्कर उस्तारी और रोको रियोस नोवो ने कुल मिलाकर चार सेव किए, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके.

# जापान ओपन से बाहर हुए लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग शेट्टी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय खिलाड़ियों का जापान ओपन में निराशाजनक प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा. लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी दूसरे दौर में हारकर इस सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई. विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को पुरुष एकल में जापान के कोडाई नाराओका के हाथों 19-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा. यह मुकाबला करीब एक घंटे तक चला.इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग पर 21-11, 21-18 से जीत दर्ज की थी, लेकिन वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख सके. इससे पहले पुरुष युगल में सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी को चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 44 मिनट तक चले मुकाबले में 22-24, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा.इस जीत से पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता वेई केंग और वांग चांग ने भारतीय जोड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 7-2 कर लिया. सात्विक और चिराग ने धीमी शुरुआत की लेकिन जल्द ही लय हासिल करके पहले गेम में 18-14 से बढ़त बना ली. भारतीय जोड़ी हालांकि अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाई और चीन की जोड़ी ने वापसी करते हुए पहला गेम अपने नाम कर दिया. दूसरे गेम में भारतीय टीम आक्रमण और रक्षा दोनों में लड़खड़ा गई और उसे वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा

## ब्रीफ न्यूज

### बदमाशों ने धारदार हथियार से युवक की हत्या कर दी

**पटना।** अपराधियों ने दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के हथियाकांध में एक युवक की घर के पास धारदार हथियार से हत्या कर दी. मृतक की शिनाख्त स्थानीय निवासी राकेश सिंह के बेटे शिवम उर्फ बंटी के तौर पर की गई है. मिली जानकारी के अनुसार अपराधियों ने शिवम पर उसके ही घर के पास घात लगाकर हमला किया और धारदार हथियार से उसकी निर्मम हत्या कर दी. हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. स्पॉट पर पहुंची पुलिस ने बॉडी को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है.फिलहाल हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है.

### नवादा में युवती से गैंगरेप के आरोपी सहित चार गिरफ्तार

**नवादा।** ई-रिक्शा से घर जा रही एक युवती के साथ चालक और तीन अन्य ने अपनी दरिंदगी का शिकार बनाया. एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि घटना में शामिल सभी चार बलात्कारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. बताया कि युवती लखनऊ से इलाज करा कर अपने घर रह जा रही थी. नवादा में बस से उतरी इसके बाद ऑटो रिक्शा चालक ने उसे अपने ऑटो पर बैठाकर रोह बस स्टैंड पहुंचाने के लिए चला. रास्ते में अन्य साथियों के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. एसआईटी ने विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर ई रिक्शा चालक समेत चार युवकों को गिरफ्तार किया है.

### खेत में पानी को लेकर विवाद, मारी गोली

**सहरसा।** खेत में पानी के बहाव को लेकर हुआ विवाद हिंसक रूप ले लिया. इस दौरान रिटायर्ड होमगार्ड सुरेंद्र प्रसाद यादव को गोली मार दी गई. गोली उनके दाहिने कंधे और सीने के बीच लगी. उन्हें सहरसा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. घटना सौरबाजार थाना क्षेत्र के महेशपुर से है. उनके भतीजे विकास यादव ने बताया कि पड़ोसियों मंजेश और सुजीत ने आरोप लगाया कि सुरेंद्र के खेत से पानी उनके खेत में बह रहा है, जबकि पानी बारिश के कारण खेत की आड़ से आया था. विवाद पहले गाली-गलौज और फिर मारपीट में बदल गया.

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया 11,346 ग्रामीण पथों का शिलान्यास, कहा

# गांव-गांव तक बिछेगा सड़कों का जाल

**शुभम संदेश।पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास 'संकल्प' से ग्रामीण कार्य विभाग के तहत 11,346 पथों और 730 पुलों के निर्माण व उन्नयन कार्य का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास और कार्यारंभ किया. इन सभी योजनाओं पर कुल 21,406.36 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गांव-गांव तक पक्की सड़कों और मजबूत पुलों का जाल बिछाया जा रहा है ताकि लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सके. उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए सड़क और पुल जैसी आधारभूत संरचनाएं अत्यंत आवश्यक हैं.



मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाएं तय समय-सीमा में पूरी की जाएं. उन्होंने कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा पहले भी योजनाएं अच्छे तरीके से पूरी की गई हैं और इस बार भी गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाना चाहिए.

कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के नए अवयव की शुरुआत की गई है. इसके तहत 5,047 पथों (लंबाई 8,893 किलोमीटर) पर 6,198 करोड़ रुपये की लागत से कार्य शुरू किया गया. वहीं 4,079 पथों (6,484 किलोमीटर) पर 5,627 करोड़ रुपये की लागत से कार्यों का शिलान्यास किया गया. मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में सुगम संपर्कता के लिए 409 पुलों (1,859 करोड़ रुपये) और राज्य योजना के तहत 5 योजनाओं (48 करोड़ रुपये) का कार्यारंभ हुआ. इसके अलावा 295 पुलों (1,792 करोड़ रुपये) और 24 योजनाओं (279 करोड़ रुपये) का शिलान्यास किया गया.

मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष) के तहत कुल 301 पथों (490 किलोमीटर) के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया, जिस पर 618 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. साथ ही 1,908 पथों (3,397 किलोमीटर) के निर्माण हेतु 4,884 करोड़ रुपये की स्वीकृति के साथ शिलान्यास भी किया गया. इसके अलावा सुलभ सम्पर्कता योजना के तहत 8 योजनाओं में 101 करोड़ रुपये की राशि से कार्यारंभ और शिलान्यास किया गया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार लगातार प्रयासरत है कि चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण, हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं मिले. उन्होंने कहा कि आज जिन योजनाओं की शुरुआत हुई है, उनके पूरा होने पर राज्य के ग्रामीण इलाकों में आवागमन और जीवन स्तर में महत्वपूर्ण सुधार आएगा.

## अपराधियों ने हॉस्पिटल में घुस कर मारी गोली, इलाज के दौरान मौत

**शुभम संदेश।पटना**

पटना के शास्त्री नगर थाना क्षेत्र में स्थित पारस हॉस्पिटल में अपराधियों ने गुरुवार की सुबह बेऊर जेल से पैरोल पर इलाज कराने आए चंदन मिश्रा की गोली मार कर हत्या कर दी. अपराधी पांच की संख्या में आए थे. घटना के बाद मौके पर शास्त्री नगर थाने की पुलिस और पटना एसएससी कार्तिकेय के शर्मा पहुंचे और मामले की जांच की. गोलीबारी की आवाज सुनकर मरीजों, कर्मचारियों और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई. स्थानीय लोगों ने तुरंत शास्त्री नगर थाना पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है.

एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने कहा, बक्सर जिला केनिवासी अपराधी चंदन मिश्रा पर हत्या के दर्जनों केस दर्ज थे और एक में ये सजायाफ्ता भी हैं. इनको बक्सर से भागलपुर जेल भेजा गया था. इलाजरत होने के कारण इनको पैरोल दिया गया था. संभवतः इनके विरोधी गुटों के लोगों ने इसे गोली मारी है. बक्सर पुलिस की मदद से गैंग के लोगों की पहचान की जा रही है. शूटर की तस्वीर मिल गई है. आगे की कारवाई की जा रही है. पटना में हुई इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार को बर्खास्त करने और राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने की. उन्होंने पटना के पारस हॉस्पिटल में गुरुवार की सुबह सुबह बक्सर के कुख्यात अपराधी चंदन मिश्रा की हत्या के बाद नीतीश सरकार को आड़े हाथों लिया. पप्पू यादव ने आज पारस अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की. उन्होंने कहा कि बिहार में पुलिस मुख्यालय के बगल में स्थित पारस हॉस्पिटल में दूसरे तल्ले पर चढ़ शूटर गोलियों से भून देता है. बिहार में महा गुंडाराज है. उन्होंने पुलिस पर तंज कसते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, 'एडीजी मुख्यालय का बहाना, बिहार में अभी अपराध का मौसम है, मानसून तक खून बहता रहेगा! वह क्या कर सकते हैं बिहार में मई, जून जुलाई हत्या करने का महीना है! चुल्लू भर पानी में डूब मरो सरकार'. मृतक अपराधी बक्सर के राजेंद्र केसरी हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था. पिछले 15 दिनों से वो पारस अस्पताल में भर्ती था. तबीयत खराब होने पर पैरोल पर कुख्यात अपराधी बाहर निकला था.

## नीतीश कुमार ने 125 यूनिट मुफ्त बिजली का किया ऐलान

# विपक्ष ने इसे 'घोषणाओं की डकैती' करार दिया

**शुभम संदेश।पटना**

बिहार की राजनीति इन दिनों दिलचस्प मोड़ पर है. मैदान में हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के तेज तर्रार नेता तेजस्वी यादव. लेकिन मुद्दा है—वादों की होड़ का, जहां तेजस्वी की हर घोषणा पर नीतीश सरकार अपनी सरकारी मुहर लगाती नज़र आ रही है. विपक्ष इस रवैये को 'घोषणाओं की डकैती' करार दे रहा है, तो सत्तापक्ष इसे जनता की ज़रूरत बताते हुए अपने पक्ष में भुना रहा है. हाल ही में तेजस्वी यादव ने 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया. इसके जवाब में नीतीश कुमार ने 125 यूनिट मुफ्त बिजली का ऐलान कर दिया, जिससे 1.67 करोड़ परिवारों को फायदा होगा और सरकार पर 5000 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा. साथ ही राज्य में 10,000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन और छतों पर सोलर पैनल लगाने की योजना भी घोषित की गई. तेजस्वी की 100% डोमिसाइल नीति का भी असर दिखा जब नीतीश सरकार ने महिलाओं के लिए आरक्षित 35% सरकारी पदों पर इसे लागू कर दिया. इस तरह कुल



- इससे प्रदेश में 1.67 करोड़ परिवारों को फायदा होगा.
- सरकार पर ₹5000 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा.

डोमिसाइल लागू होने का आंकड़ा 74% तक पहुंच गया है. इसके अलावा कलाकारों के लिए 3000 की पेंशन और युवाओं को इंटर्नशिप के दौरान 4000-6000 मानदेय की योजना भी तेजस्वी के एजेंडे से मेल खाती है.

तेजस्वी का नया वादा 'माई बहिन मान योजना' है, जिसमें महिलाओं को 2500 मासिक सहायता देने की बात है. अब सभी निगाहें नीतीश सरकार की अगली कैबिनेट बैठक पर टिक गई हैं—क्या अगली घोषणा फिर तेजस्वी की ही होगी? गौरतलब है कि 24 जून को नीतीश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 से बढ़ाकर 1100 कर दी, जबकि तेजस्वी 1500 देने की बात कह चुके हैं. 13 जुलाई को नीतीश ने एक करोड़ नौकरी और रोजगार का वादा किया, जिसे 15 जुलाई को कैबिनेट में मंजूरी भी मिल गई. तेजस्वी इस घोषणा को अपनी ₹राजनीतिक जीत₹ बताकर सियासी बढ़त का दावा कर रहे हैं. फिलहाल बिहार की सियासत में घोषणाओं का यह संघर्ष जितना जनता को राहत दे रहा है, उतना ही सत्ता और विपक्ष की रणनीतिक लड़ाई को भी दिलचस्प बना रहा है.

## न्यूज अपडेट

### नवादा में बाढ़ के तेज बहाव में बहकर बुजुर्ग की मौत

**नवादा।** कादिरगंज थाना क्षेत्र की सकरी नदी से एक बुजुर्ग का शव बरामद किया गया है, जिसकी पहचान गोविंदपुर थाना क्षेत्र के शेखोपुर गांव निवासी विष्णुधारी प्रसाद के रूप में हुई है. यह घटना 15 जुलाई की शाम को हुई, जब विष्णुधारी प्रसाद सब्जी बेचकर घर लौट रहे थे. सूत्रों के अनुसार, विष्णुधारी प्रसाद सकरी नदी पार कर रहे थे तभी अचानक आई बाढ़ की तेज धार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. वे नदी की तेज़ धार में बह गए. देर रात तक जब वे घर नहीं पहुंचे, तो उनके परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की. परिजनों को आशंका थी कि वे नदी में बह गए हैं. इसके बाद गुरुवार की सुबह कादिरगंज पुल के पास उनका शव मिला, जिसे देखकर परिजन शोक में डूब गए. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. थाना प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि शव की पहचान के लिए कोई भी प्रमाण पत्र नहीं मिला था, इसलिए पुलिस ने मृतक की फोटो खींचकर स्थानीय लोगों की मदद से उसे सभी जगह साझा किया.

### पुलिस में चालक सिपाही के 4,361 पदों पर भर्ती

**पटना।** बिहार पुलिस एवं बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस में चालक सिपाही के 4,361 रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है. अपर पुलिस महानिदेशक सह अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) जितेंद्र कुमार ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी. इन पदों का वेतनमान लेवल-3 के तहत 21,700 से 69,100 तक होगा. इनमें गैर आरक्षित (यूआर) श्रेणी के लिए 1,772 पद हैं, जिनमें 620 पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 436 पदों में 153 महिलाओं के लिए हैं. अनुसूचित जाति में 632 पद हैं, जिनमें 221 महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं, जबकि अनुसूचित जनजाति के 24 पदों में 8 महिलाओं के लिए आरक्षण है. अत्यंत पिछड़ा वर्ग के कुल 757 पदों में 265 पद महिलाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं. पिछड़ा वर्ग में 492 पद हैं, जिनमें 172 महिलाओं के लिए आरक्षित पद शामिल हैं, जिसमें 9 ट्रांसजेंडर उम्मीदवार भी सम्मिलित हैं. इसके अतिरिक्त पिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिए 248 पद रखे गए हैं. कुल मिलाकर, महिलाओं के लिए कुल 1,439 पद आरक्षित हैं.

### अभिनेता क्रांति व नीतू बने राज्य स्तरीय स्वीप आइकॉन

**पटना।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव में इस बार मतदाता जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए चुनाव आयोग ने बिहार के दो लोकप्रिय कलाकारों को राज्य स्तरीय स्वीप आइकॉन के रूप में नियुक्त किया है. इस पद के लिए अभिनेता क्रांति प्रकाश झा और अभिनेत्री नीतू चंद्रा को चयनित किया गया है. बिहार निर्वाचन विभाग की इस पहल को भारत निर्वाचन आयोग की औपचारिक स्वीकृति भी मिल चुकी है. इस नियुक्ति का मुख्य उद्देश्य राज्य में मतदाता शिक्षा और जागरूकता को नई दिशा देना और चुनाव प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी बढ़ाना है. क्रांति प्रकाश झा और नीतू चंद्रा विभिन्न प्रचार माध्यमों, सामाजिक कार्यक्रमों और जनसभाओं के जरिए मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करेंगे. खासतौर पर वे युवा वर्ग और पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को प्रेरित करने पर जोर देंगे. चुनाव आयोग का मानना है कि इन दोनों लोकप्रिय कलाकारों की सक्रिय भागीदारी से मतदाता जागरूकता बढ़ेगी और चुनाव में मतदान प्रतिशत में इजाफा होगा.

### बिहार में सावन में मटन पार्टी ने बढ़ाया सियासी तनाव

**पटना।** बिहार की सियासत में सावन के पवित्र महीने को भी विवादों का रंग चढ़ गया है. मुंगेर जिले के सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री और जदयू अध्यक्ष ललन सिंह द्वारा आयोजित मटन पार्टी ने राजनीतिक हलकों में भूचाल ला दिया. जदयू संवाद कार्यक्रम के दौरान एनएच-80 किनारे पेट्रोल पंप के पास आयोजित इस भोज में ललन सिंह ने खुद मंच से कहा, मटन और सादा भोजन दोनों की व्यवस्था है, जो चाहें खाएं! इस बयान ने सावन के धार्मिक माहौल में सियासी कटुता पैदा कर दी. कार्यक्रम में राज्य के वरिष्ठ मंत्री अशोक चौधरी की मौजूदगी के बावजूद एनडीए के अन्य सहयोगी दलों की अनुपस्थिति ने राजनीतिक सवाल खड़े कर दिए हैं. राष्ट्रीय जनता दल (ने इस मटन पार्टी को शिवभक्ति के पवित्र महीने में धार्मिक भावना के साथ खिलवाड़ करार देते हुए तीखा हमला किया. राजद ने फेसबुक पर ललन सिंह को धर्म-परंपरा का ढोंगी ठेकेदार बताया, तो कवयित्री रोहिणी आचार्य ने भी सोशल मीडिया पर कटाक्ष किया कि जो दूसरों के खान-पान पर उंगली उठाते हैं, वे खुद जब मौका पाते हैं तो धर्म भूल जाते हैं.

## कारोबार

### एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) गुरदीप सिंह के कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ा दिया है. अब वे 31 जुलाई, 2026 तक इस पद पर बने रहेंगे. पहले उनका कार्यकाल 31 जुलाई, 2025 को समाप्त होने वाला था. मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने विद्युत मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए गुरदीप सिंह को पुनः सीएमडी नियुक्त करने का निर्णय लिया है. इस संबंध में गुरुवार को एक आधिकारिक अधिसूचना भी जारी कर दी गई है. गौरतलब है कि एनटीपीसी भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी है और यह विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करती है. गुरदीप सिंह के नेतृत्व में एनटीपीसी ने कई अहम परियोजनाओं में प्रगति की है और अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में भी विस्तार किया है. कार्यकाल बढ़ने के बाद अब कंपनी को अगले एक साल तक उनके अनुभव का लाभ मिलता रहेगा.

### रांची से टाटा कंज्यूमर फंड में 15 करोड़ रु का निवेश

**नयी दिल्ली।** ग्रामीण इलाकों में आय में वृद्धि और सामान्य मानसून की संभावना ने देश में खपत आधारित निवेश (कंजम्प्शन थीम) को एक नई गति दी है. खासतौर पर कंजम्प्शन पर आधारित म्यूचुअल फंडों में 2024 में निवेशकों की रुचि में उल्लेखनीय इज़ाफा हुआ है. 2025 की शुरुआत में थोड़ी सुस्ती के बाद मार्च से इस थीम ने फिर से मजबूती पकड़ी है. टाटा इंडिया कंज्यूमर फंड, इस श्रेणी में एक प्रमुख विकल्प बनकर उभरा है. 30 जून तक इस फंड की औसत मासिक प्रबंधनाधीन संपत्ति बढ़कर 2,457.4 करोड़ हो गई, जो मार्च 2024 में 1,457 करोड़ थी—इस प्रकार इसमें 69% की वृद्धि दर्ज की गई है. टाटा म्यूचुअल फंड के आंतरिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2024 से जून 2025 के बीच रांची से इस फंड में 15 करोड़ का निवेश हुआ है.

## अनिल अंबानी अब वापसी को तैयार, शेयरों में आया उछाल

# रिलायंस पावर जुटाएगी 18,000 करोड़

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

कभी देश के शीर्ष उद्योगपतियों में शुमार रहे अनिल अंबानी की कंपनियों के अच्छे दिन लौटते दिख रहे हैं. हाल के वर्षों में संघर्ष का सामना कर रहीं उनकी दो प्रमुख कंपनियों—रिलायंस पावर और रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर—ने अब नया मोड़ लेते हुए कुल 18,000 करोड़ रुपये जुटाने का फैसला किया है.

दोनों कंपनियों के बोर्ड ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और यह रकम क्यूआईपी, एफपीओ और और डिबेंचर जैसे माध्यमों से जुटाई जाएगी. रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने बुधवार को हुई बोर्ड मीटिंग में कुल 9,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना को मंजूरी दी. इसमें से 6,000 करोड़ रुपये इक्विटी शेयरों या इक्विटी से जुड़े इंस्ट्रूमेंट्स के जरिये जुटाए जाएंगे, जबकि शेष 3,000 करोड़ रुपये रिडीमेबल, नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर के जरिए लाए जाएंगे, जिन्हें प्राइवेट प्लेसमेंट के माध्यम से बेचा जाएगा.



मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में कंपनी ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 4,387 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में उसे 221 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था. पूरे वित्त वर्ष 2024-25 की बात करें तो कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा 4,938 करोड़ रुपये रहा, जो कि पिछले साल के 1,609 करोड़ रुपये के घाटे की तुलना में बड़ी छलांग है. रिलायंस इन्फ्रा के शेयर ने पिछले 12 महीनों में 106% की बढ़त दर्ज की है और 2025 की शुरुआत से अब तक इसमें 25% की तेजी आ चुकी है. बुधवार को कंपनी का शेयर 3.37% बढ़कर 400.35 रुपये पर बंद हुआ. रिलायंस पावर लिमिटेड ने भी बुधवार को घोषणा की कि वह 6,000 करोड़ रुपये तक की पूंजी जुटाने की योजना बना रही है. यह रकम भी क्यूआईपी या एफपीओ के जरिए लाई जाएगी. एफपीओ का उद्देश्य मौजूदा शेयरधारकों को अतिरिक्त शेयर खरीदने का मौका देना होता है. इसके अलावा, कंपनी 3,000 करोड़ रुपये तक के डिबेंचर जारी करने की भी तैयारी में है. ये डिबेंचर भी प्राइवेट प्लेसमेंट के माध्यम से जारी किए जाएंगे. मौजूदा समय में रिलायंस पावर के शेयर अपने 50 दिन और 200 दिन के एसएमए से ऊपर ट्रेड कर रहे हैं, जो तकनीकी रूप से एक मजबूत संकेत माना जाता है. बुधवार को कंपनी का शेयर 2.39% की तेजी के साथ 66.06 रुपये पर बंद हुआ. दोनों कंपनियों ने पिछले कुछ समय में अपने कर्ज को तेजी से घटाया है, जिससे बाजार में निवेशकों का भरोसा बढ़ा है. शेयरों में लगातार आ रही तेजी और तगड़े मुनाफे ने अनिल अंबानी के बिजनेस साम्राज्य को एक नई उम्मीद दी है. इन बड़े निवेशों और पूंजी जुटाने की योजनाओं से संकेत मिलता है कि अनिल अंबानी अब अपने व्यापारिक सफर को फिर से ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं. रिलायंस पावर और रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की इस रणनीतिक पूंजी जुटाने की योजना से अनिल अंबानी की वापसी की चर्चाएं एक बार फिर तेज हो गई हैं. निवेशक और बाजार दोनों ही अब इन कंपनियों की अगली चाल पर नजर बनाए हुए हैं.

### सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की घटी कीमत



**नयी दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है. कीमत में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,270 रुपये से लेकर 99,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,990 रुपये से लेकर 91,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,13,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है. दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

### रांची एयरपोर्ट पर रैपिडो ने शुरू की सस्ती पिक-अप



**रांची।** देश के प्रमुख राइड-शेयरिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची से सस्ती और सुविधाजनक एयरपोर्ट पिक-अप और ड्रॉप सेवा की शुरुआत की है. इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को तेज, सुरक्षित और किफायती यात्रा विकल्प उपलब्ध कराना है. इसके तहत एयरपोर्ट परिसर में एक कैब बुकिंग काउंटर भी शुरू किया गया है, जहां यात्री तत्काल सेवा का लाभ ले सकते हैं. सेवा के शुभारंभ कार्यक्रम में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी जैसे आर.आर. मौर्य (डायरेक्टर जनरल, एएआई रांची), श्री मनोज प्रसाद सिंह (डीजीएम), शुहावन लकरा (टर्मिनल हेड) और रैपिडो प्रतिनिधि मौजूद रहे. रैपिडो ने रांची-जमशेदपुर के बीच इंटरसिटी कैब सेवा भी शुरू की है, जिससे झारखंड में यात्रा के नए विकल्प खुलेंगे. इसके अलावा रैपिडो जल्द ही ₹पिंक ऑटो₹ योजना की शुरुआत करने जा रही है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और महिला चालकों को प्रोत्साहित कर रोजगार देना है.

### विश्व कौशल दिवस पर साइबर सुरक्षा श्वेत पत्र लॉन्च

**नयी दिल्ली।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर डेलनेट (डेवलपिंग लाइब्रेरी नेटवर्क) और साइबरपीस फाउंडेशन ने मिलकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया. दोनों संस्थाओं ने संयुक्त रूप से 'बेहतर साइबर सुरक्षा के लिए एआई कौशल' विषय पर आधारित एक श्वेत पत्र का ऑनलाइन विमोचन किया. इस पहल का उद्देश्य युवाओं को एआई आधारित साइबर सुरक्षा कौशल से लैस करना और भारत को इस क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर करना है. साइबरपीस फाउंडेशन के संस्थापक व वैश्विक अध्यक्ष मेजर विनीत कुमार ने श्वेत पत्र के मुख्य बिंदुओं पर विशेषज्ञ सत्र लिया. कहा, साइबर खतरे लगातार बदल रहे हैं. युवाओं को आधुनिक एआई कौशल देकर हम एक सुरक्षित डिजिटल भविष्य बना सकते हैं. यह श्वेत पत्र कौशल शोध को प्रोत्साहित करने और सुरक्षित एआई उपयोग को सुनिश्चित करने में सहायक होगा.

### वीएलसीसी का साइंस-बेस्ड ट्रांसफोर्मेशन क्लिनिक लॉन्च

**रांची।** भारत के अग्रणी वैलनेस और एस्थेटिक ट्रांसफोर्मेशन ब्रांड वीएलसीसी ने रांची में अपने पहले साइंस-बेस्ड क्लिनिक का उद्घाटन किया है. सुजाता चौक स्थित यह अत्याधुनिक क्लिनिक, वीएलसीसी की साइंटिफिक, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन और एक्सपर्ट-लैड अप्रोच को झारखंड की राजधानी तक लेकर आया है. यह लॉन्च ब्रांड की देश भर में विस्तार रणनीति का एक महत्वपूर्ण कदम है. नए क्लिनिक में मेडिकल डॉक्टर्स, डर्मेटोलोजिस्ट्स, हेयर एक्सपर्ट्स, फिजियोथेरेपिस्ट्स और सर्टिफाइड न्यूट्रिशनिस्ट्स की विशेषज्ञ टीम मौजूद है, जो ग्राहकों को एक समग्र ट्रांसफोर्मेशन अनुभव प्रदान करती है. क्लिनिक की सेवाओं में फैट लॉस, मसल बिल्डिंग, स्किन व हेयर केयर, क्लिनिकल डर्मेटोलॉजी, एंटी-एजिंग थेरेपीज़, वेट मैनेजमेंट और पेनलेस लेज़र हेयर रिडक्शन शामिल हैं. वीएलसीसी के प्रेज़ीडेंट-ग्लोबल सर्विसेज़ श्री आनंद वास्कर ने कहा, यह क्लिनिक केवल एक स्थान का विस्तार नहीं है, बल्कि पूरे देश में विज्ञान-आधारित और भरोसेमंद ट्रांसफोर्मेशन सॉल्यूशन्स को सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है. 217 से अधिक क्लिनिकों के नेटवर्क और 350 से ज्यादा मेडिकल प्रोफेशनल्स के साथ, वीएलसीसी का यह कदम पूर्वी भारत में ब्रांड की मौजूदगी को सशक्त करेगा. टियर-2 शहरों में वेलनेस के प्रति बढ़ती जागरूकता को देखते हुए, यह लॉन्च आधुनिक सौंदर्य सेवाओं को देश के हर कोने तक पहुंचाने की दिशा में एक मजबूत पहल है.

## शुभारंभ

## एचइसी सेक्टर 2 धुर्वा पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने खुला अपना मार्ट

# विकास सिंह और कांसी ने एचईसी कॉलोनीवासियों को दिया बड़ा उपहार

**संवाददाता । रांची**

महाअष्टमी के दिन गुरुवार को सेक्टर 2 धुर्वा पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने अपना मार्ट प्रतिष्ठान का उद्घाटन जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी ने किया. अपना मार्ट के संचालक विकास सिंह और कांसी द्वारा जनमानस को बड़ा उपहार एचइसी सेक्टर 2 धुर्वा क्षेत्र को दिया गया. उद्घाटन के पहले ही प्रतिष्ठान में ग्राहकों का जमावड़ा लग गया था. यह इस क्षेत्र का पहला अनुभव है. यहां एक छत के नीचे फिलहाल चार हजार से अधिक सामान मिलेंगे. ग्राहकों में खासकर महिलाओं में बहुत खुशी है कि अपनी




सुविधानुसार स्वेच्छा से अपने उपयोग की चीजें लें पाएंगी. इस अवसर पर विकास सिंह ने कहा कि हम सभी वर्षों से प्रयासरत थे. अपना मार्ट का खुलना हम लोगों के लिए भी खुशी की बात है. सुबह 6.30 बजे से रात

- एक छत के नीचे चार हजार से अधिक सामान मिलेंगे
- ऑनलाइन की सुविधा भी 15 दिनों में प्रारंभ हो जाएगी

9:30 बजे तक अपना मार्ट ग्राहकों की सेवा में खुला रहेगा.

ऑनलाइन की सुविधा भी 15 दिनों में प्रारंभ हो जाएगी. उद्घाटन के मौके पर क्षेत्र के जानेमाने लोग उपस्थित थे. आईपीएस निर्मला कौर, समाजसेवी सुनील सहाय, भाजपा की प्रदेश मंत्री नीलम चौधरी, रामलला पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी, महानगर भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह आदि उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### श्रद्धालुओं को नवंबर में ननकाणा साहिब भेजेगी एसजीपीसी

**चंडीगढ़।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से भारतीय श्रद्धालुओं को गुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव के अवसर पर पाकिस्तान भेजा जाएगा. इसके लिए गुरुवार को श्रद्धालुओं से आवेदन मांग लिए गए हैं. एसजीपीसी के सचिव प्रताप सिंह के अनुसार श्रद्धालुओं का जत्था नवंबर में पाकिस्तान के ननकाणा साहिब में भेजा जाएगा, जिसकी प्रक्रिया अभी से शुरू हो गई है. प्रवक्ता ने बताया कि पाक की धार्मिक यात्रा पर जाने के इच्छुक श्रद्धालु चार अगस्त तक एसजीपीसी कार्यालय में अपने पासपोर्ट जमा करा सकते हैं. पासपोर्ट मिलने के बाद भारत सरकार के माध्यम से श्रद्धालुओं के वीजा के लिए आवेदन किया जाएगा.

### बीएसएफ ने बरामद किये ड्रोन से गिराए गए हेरोइन के 15 पैकेट

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन द्वारा भारत-पाक सीमा पर गिराई गई हेरोइन के 15 पैकेट बरामद किए हैं. बरामद की गई करीब साढे सात किलो हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कीमत करोड़ों रुपये है. बीएसएफ प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि फिरोजपुर के हुसैनी वाला बॉर्डर से सटे गांव टेंडी वाला व जल्लोके नजदीक गुजरते सतलुज दरिया के किनारे एक खेत में हेरोइन के 15 पैकेट बरामद किए गए हैं. रात को पाकिस्तानी ड्रोन हेरोइन की खेप पैकेट फेंक कर गया था. बीएसएफ को ड्रोन की मूवमेंट पता लगी थी. गुरुवार सुबह बीएसएफ और पुलिस ने संबंधित जगहों पर सर्च अभियान किया. वहां से पीली टेप में लिपटे हुए हेरोइन के 15 पैकेट पड़े मिले और एक पैकेट का वजन लगभग आधा किलो का बताया जा रहा है.

### अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक करोड़ का सोना बरामद

**चंडीगढ़।** कस्टम विभाग ने अमृतसर स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए दो यात्रियों से 968.47 ग्राम सोना जब्त किया है. बरामद किए गए सोने की बाजार में कीमत 96 लाख 75 हजार बताई गई है. कस्टम अधिकारियों के अनुसार दोनों यात्री इंडिगो की फ्लाइट में कोलकाता से अमृतसर पहुंचे थे. एयरपोर्ट पर उन्हें संदेह के आधार पर रोककर गहन जांच की गई. दोनों ने सोना अत्यंत चालाकी से छिपाकर रखा था. अधिकारियों ने जब सोना जब्त किया, तब यात्रियों ने इसके स्रोत के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी. कस्टम विभाग ने मामला दर्ज कर सोना जब्त कर लिया है और दोनों यात्रियों से पूछताछ शुरू कर दी है.

### कोका कोला अब मिठास बढ़ाने के लिए गन्ने का प्रयोग करेगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि कोका कोला कंपनी ने उनके आग्रह को मान लिया है. कोका कोला कंपनी अमेरिका में अपने प्रमुख पेय में मिठास के लिए असली गन्ने की चीनी का इस्तेमाल करेगी. उन्होंने इसके लिए कोका कोला कंपनी के अधिकारियों का आभार जताया है. अमेरिकी समाचार वेबसाइट द हिल ने यह जानकारी दी. द हिल के अनुसार, ट्रंप ने सोशल ट्रुथ में कहा, मैंने अमेरिका में कोक में असली गन्ने की चीनी के इस्तेमाल के बारे में कोका कोला से बात की है. उन्होंने ऐसा करने पर सहमति जताई है. मैं कोका-कोला के सभी अधिकारियों का धन्यवाद करना चाहता हूं.

### एनआईए ने उल्फा-आई से जुड़े दो और लोगों को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** असम में दिसपुर लास्ट गेट इलाके में पिछले साल बम रखने की साजिश के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए दोनों आरोपित भार्गोब गोगोई और सुमू गोगोई असम के डिब्रूगढ़ जिले के रहने वाले हैं. एनआईए के मुताबिक, दोनों उल्फा (आई) जैसे खतरनाक आतंकी संगठन के साथ मिलकर देश में डर और अशांति फैलाने की योजना में शामिल थे. साल 2024 के स्वतंत्रता दिवस पर धमाके करने के लिए ये लोग उस समय गुवाहाटी में आईईडी लगाने की तैयारी कर रहे थे. इससे पहले इसी मामले में एक और आरोपी को पकड़ा जा चुका है. अब इस केस में कुल गिरफ्तारियों की संख्या तीन हो गई है.

### दो वर्षो बाद आईआईएम कलकत्ता को मिला पूर्णकालिक निदेशक

**कोलकाता।** लगभग दो वर्षो के लंबे इंतजार के बाद भारतीय प्रबंधन संस्थान कलकत्ता को आखिरकार स्थायी निदेशक मिल गया है. लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने आईआईएम-कलकत्ता का पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त किया है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, जो संस्थान की विजिटर हैं, उन्होंने अजय राय के नाम को मंजूरी दी है. शिक्षा मंत्रालय द्वारा आईआईएम-कलकत्ता बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को भेजे गए पत्र में बताया गया कि यह नियुक्ति भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम 2017 (संशोधित 2023) की धारा 16(2) के तहत की गई है. बोर्ड अब नियुक्ति पत्र जारी करेगा और प्रो. राय को अपनी स्वीकृति पत्र मंत्रालय को भेजना होगा.



# हर साल मतंगेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित शिवलिंग लगभग एक इंच बढ़ जाता है

**खजुराहो।** मतंगेश्वर महादेव मंदिर, खजुराहो, मध्य प्रदेश में स्थित है, जो खजुराहो का सबसे ऊंचा मंदिर माना जाता है. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अनुसार, इस मंदिर का निर्माण 900-925 ईस्वी के बीच हुआ था. यह मंदिर चंदेला राजा चंद्र देव द्वारा बनवाया गया था, क्योंकि राजा चंद्र देव भगवान शिव के भक्त थे. मतंगेश्वर मंदिर के शिवलिंग के बारे में कहा जाता है कि यह हर साल बढ़ता है. शिवलिंग की ऊंचाई लगभग 21 फुट है. यह मान्यता है कि यह शिवलिंग नीचे पाताललोक की ओर और ऊपर स्वर्गलोक की ओर बढ़ रहा है. कहा जाता है कि जैसे ही यह शिवलिंग पाताललोक पहुंचेगा, तब कलयुग का अंत हो जाएगा. हर साल इस मंदिर में शिवलिंग लगभग एक इंच बढ़ता है और इसके पुख्ता सबूत हैं, क्योंकि अधिकारियों द्वारा हर साल इसे मापा जाता है. इसी के साथ खजुराहो के लोगों का कहना है कि इस मंदिर का निर्माण एक चमत्कारिक मणि के ऊपर हुआ है. यानी की शिवलिंग के नीचे एक मणि है. यह मणि स्वयं भगवान शिव ने सम्राट युधिष्ठिर को दी थी, जिन्होंने इसे मतंग ऋषि को दे दिया था. इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से इसे जमीन मे गाड़ दिया गया. कहते हैं कि उसके बाद इसके ऊपर एक शिवलिंग खुद ही विकसित होने लगी. तब से यह मणि शिवलिंग के नीचे ही है औक शिवलिंग हर साल बढ़ता है. इसे जीवित शिवलिंग भी कहा जाता है.

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर बोले अमित शाह

# मोदी ने आतंकवादियों को बार-बार सबक सिखाया

एजेंसी। जयपुर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने आतंकवादियों को करारा जवाब दिया है. कांग्रेस के शासनकाल में जहां आतंकवादी हमले बार-बार होते थे और सरकार मौन रहती थी, वहीं मोदी सरकार ने हर हमले का माकूल जवाब देकर आतंकवादियों को बार-बार सबक सिखाया है. गुरुवार को जयपुर जिले के दादिया ग्राम में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर आयोजित 'सहकार एवं रोजगार उत्सव' को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया गया. इससे पहले उरी और पुलवामा जैसे आतंकी हमलों का भी सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक से मुंहतोड़ जवाब दिया गया. कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने आठ हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे. उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार के समय पेपर लीक की घटनाएं आम हो गई थीं, लेकिन अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में एसआईटी बनाकर माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है. शाह ने इस अवसर पर विश्व की वृहत अन्न भंडारण योजना के तहत बनाए गए 24 अन्न गोदामों और श्री अन्न को प्रोत्साहित करने के लिए 64 मिलेट्स आउटलेट्स का लोकार्पण किया. इसके साथ ही 'गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना' के अंतर्गत 1,400 लाभार्थियों को लगभग 12 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया. दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को 2,346 माइक्रो एटीएम भी दिए गए. श्वेत क्रांति 2.0 के तहत पीडीसीएस ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्लेटफॉर्म की भी शुरुआत की गई.



- पहले उरी और पुलवामा जैसे आतंकी हमलों का भी सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक से मुंहतोड़ जवाब दिया गया.
- हाल ही में पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया गया.

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में सहकारिता के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए एक अलग सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की है. आज सहकारिता देश के विकास का आधार बन रही है. उन्होंने कहा कि देश में धान और गेहूं की खरीद में सहकारी समितियों का 20 प्रतिशत योगदान है. केंद्र सरकार दो लाख नई प्राथमिक कृषि साख समितियां (पैक्स) बना रही है, जिनमें से 40 हजार पहले ही बन चुकी हैं और पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत हैं. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में किसानों को दिन के समय बिजली उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं. गोपालक योजना के तहत एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है. अब तक तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक का ब्याज मुक्त ऋण वितरित किया जा चुका है. उन्होंने बताया कि आज 24 अन्न गोदामों का लोकार्पण हुआ है. कार्यक्रम में पुलिस के 100 नए वाहनों को भी रवाना किया गया और सहकारी उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया. शाह ने कहा कि आने वाला समय सहकारिता के विस्तार और किसानों की समृद्धि का होगा.

# डीआरडीओ विकसित करेगा अगली पीढ़ी का स्वदेशी अवाक्स सिस्टम, केंद्र की मंजूरी

एजेंसियां। नयी दिल्ली



भारत सरकार ने अगली पीढ़ी की स्वदेशी हवाई रडार प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (अवाक्स) विकसित करने के लिए 20 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है, जिससे भारतीय वायु सेना को बड़ी रणनीतिक बढ़त मिलेगी. साथ ही भारत ऐसी स्वदेशी रूप से विकसित क्षमता वाले चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा. डीआरडीओ एंटीना और अन्य प्रणालियों को एकीकृत करने के लिए फ्रांसीसी कंपनी एयरबस के साथ काम करेगा, जिसमें कई भारतीय कंपनियां भी सहयोग करेंगी. भारत हवाई रडार प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली 'नेत्र' को विकसित करके दुनिया का चौथा देश बन चुका है, जिसे 'आकाश में आंख' के नाम से जाना जाता है. इसी प्रणाली ने फरवरी, 2019 में बालाकोट हमलों में महत्वपूर्ण निगरानी कवर प्रदान करके अपनी क्षमता साबित की थी. अगले अवाक्स इंडिया कार्यक्रम 'नेत्र एमके-II' का नेतृत्व रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) कर रहा है. वायु सेना वर्तमान में बहुत छोटे 'नेत्र' पूर्व चेतावनी विमान का संचालन करती है, जिसका इस्तेमाल हाल ही में पाकिस्तान के साथ हवाई संघर्षों में ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान किया गया है. भारत के पास तीन आईएल-76 'फाल्कन' प्रणालियां भी हैं, जिन्हें इजरायल और रूस के साथ संयुक्त रूप से विकसित किया था, लेकिन इस बेड़े को बड़ी तकनीकी और उपलब्धता संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा है.

अवाक्स इंडिया कार्यक्रम के तहत डीआरडीओ ने अगली पीढ़ी के हवाई पूर्व चेतावनी और नियंत्रण प्रणालियां विकसित करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था. अब सरकार से पांचवीं पीढ़ी के उन्नत बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान के प्रोटोटाइप उत्पादन चरण में प्रवेश की अनुमति मिल गई है. पहली बार एयरबस प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग इस तरह के अनुप्रयोग के लिए किया जाएगा, क्योंकि अब तक इस क्षेत्र में पारंपरिक रूप से बोइंग का प्रभुत्व रहा है.

### स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है, जो थमती नहीं है: मनोहर लाल

**नयी दिल्ली।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने स्वच्छ भारत मिशन 2.0 और सर्कुलर इकोनॉमी के बढ़ते प्रभाव को विस्तार से समझाया. वर्ष 2014 में शुरू हुए स्वच्छ भारत मिशन ने केवल पांच वर्षों में 2019 तक देश को खुले में शौच मुक्त घोषित कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की. इस सफलता को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित करते हुए कहा कि स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है,जो थमती नहीं है.

### पाक में कव्वाल साबरी समेत तीन की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत के कलात के बाहरी इलाके में यात्री बस पर हुए आतंकी हमले में कराची के दो कव्वालों सहित तीन लोगों की जान चली गई और 13 अन्य घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि मारे गए लोगों में मशहूर कव्वाल अहमद हुसैन साबरी और उनके बेटे अहमद रजा साबरी शामिल हैं. यह लोग अन्य संगीतकारों के साथ क्वेटा जा रहे थे. डान समाचार पत्र के अनुसार, कराची के मशहूर कव्वाल माजिद अली साबरी ने फोन पर बताया, ₹सशस्त्र हमले में मेरे भाई, भतीजे और एक संगीतकार की मौत हो गई.₹ उन्होंने बताया कि यह लोग एक शादी समारोह में प्रस्तुति देने के लिए क्वेटा जा रहे थे. कव्वालों की बुकिंग कराने वाले इम्तियाज लहरी के अनुसार, कव्वाल माजिद साबरी को गुरुवार को अपनी पत्नी के साथ हवाई जहाज से क्वेटा आना था.उनके लिए होटल में कमरा बुक कराया गया था. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हथियारबंद आतंकवादी नेमारघ इलाके में क्वेटा-कराची राजमार्ग के दोनों ओर घात लगाए बैठे थे. उन्होंने हमले में स्वचालित हथियारों का इस्तेमाल किया. एक अधिकारी ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से कहा, आतंकियों ने पहले बस को रोका और फिर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी. कलात के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शहजाद अकबर ने बस में गोलीबारी की पुष्टि की और कहा कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 13 अन्य घायल हो गए.

## इराक में आग लगने से 61 लोगों की मौत, तीन दिन के शोक की घोषणा

**बगदाद।** इराक के पूर्वी हिस्से में स्थित वासित प्रांत के कुट शहर की एक मार्केट में आग लगने से कम से कम 61 लोगों की मौत हो गई. अनेक लोग लापता बताए गए हैं. नागरिक सुरक्षा टीमों ने कम से कम 45 लोगों को बचा लिया है. वासित प्रांत में तीन दिन के शोक की घोषणा की गई है. अल जजीरा न्यूज चैनल की खबर के अनुसार इराक के गृह मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि यह आग कुट शहर के एक हाइपरमार्केट में लगी. 14 जले हुए शव मिले हैं. नागरिक सुरक्षा टीमों ने इमारत के अंदर से 45 लोगों को बचाया है, जबकि 59 मृतकों की पहचान हो गई है. यह हाइपर मार्केट एक पांच मंजिला इमारत में आबाद थी. यहां रात भर आग की लपटें उठती रहीं. इस इमारत में कुछ दिन पहले एक रेस्टोरेंट भी खुला था. प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने कहा कि उन्होंने गृहमंत्री को मौके पर भेजा है. वासित प्रांत के गवर्नर मोहम्मद अल-मायाही ने बताया कि आग हाइपर मार्केट और रेस्टोरेंट में लगी. दमकलकर्मियों ने कई लोगों को बचाया और आग बुझाई. प्रांत में तीन दिन के शोक की घोषणा की गई है. अधिकारियों से 48 घंटे में जांच रिपोर्ट मांगी गई है. साथ ही इस इमारत के मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है. इससे पहले जुलाई 2021 में नासिरिया के एक अस्पताल में लगी आग में 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी.

### चीन में फंसे 1200 नेपाली नागरिकों की वापसी के लिए प्रयास तेज

**काठमांडू।** नेपाल और चीन की सीमा पर 8 जुलाई को आई बाढ़ से पुल बह जाने के बाद चीन की तरफ फंसे करीब 1200 नेपाली नागरिकों की वापसी के लिए गुरुवार को कूटनीतिक प्रयास तेज किये गए हैं. प्रभावित रसुवा सीमा नाका पर बने नेपाल-चीन मैत्री पुल के बह जाने से नेपाली नागरिकों को जल्द वापस लाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने चीनी विदेश मंत्रालय को पत्र लिखा है. रसुवा जिले के प्रमुख जिला अधिकारी अर्जुन पौडेल के अनुसार विदेश मंत्रालय ने लोगों की वापसी की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है.

## मैं खुद करती थी सफाई व्यवस्था की निगरानी: राष्ट्रपति

एजेंसियां। नयी दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण कार्यक्रम में स्वच्छता के लिए पुरस्कार प्रदान किए. यह आयोजन आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा किया गया. इस मौके पर राष्ट्रपति ने साफ-सफाई को लेकर भारत की सोच, परंपराएं और आज की जरूरतों के बारे में अपने विचार साझा किए. राष्ट्रपति ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण एक बहुत ही सफल पहल रही है, जिसने देश के शहरों को साफ-सफाई के लिए मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है. मुझे खुशी हुई कि इस बार का सर्वेक्षण दुनिया का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण बना, जिसमें करीब 14 करोड़ लोगों ने भाग लिया. भारत की संस्कृति में स्वच्छता को हमेशा से बहुत महत्व दिया गया है. हमारे घर, मंदिर और आस-पास का वातावरण साफ रखना हमारी पुरानी परंपरा का हिस्सा है. राष्ट्रपति ने महात्मा गांधी को याद करते हुए कहा कि गांधीजी स्वच्छता को ईश्वर भक्ति के बाद सबसे जरूरी चीज मानते थे. राष्ट्रपति ने कहा कि मैंने भी जनसेवा की शुरुआत स्वच्छता से की थी. जब मैं अधिसूचित क्षेत्र परिषद की उपाध्यक्ष थीं, तब मैं रोज अलग-अलग वार्डों में जाकर सफाई व्यवस्था की खुद निगरानी करती थीं.

संसाधनों का कम इस्तेमाल करना और चीजों को दोबारा इस्तेमाल में लाना हमारी जीवनशैली का हिस्सा रहा है. आज जिस 'सर्कुलर इकोनॉमी' की बात हो रही है, उसकी जड़ें हमारी पारंपरिक जीवनशैली में ही हैं.

### गोपालगंज में हिंसा से चार की मौत, लगा कर्फ्यू

**ढाका।** शेख हसीना सरकार के पतन के बाद सुलग रहे बांग्लादेश में अंतरिम सरकार को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है. गोपालगंज में कल आगजनी और हिंसा के दौरान चार लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए. यहां जम्मू विद्रोह के नेताओं की राजनीतिक गतिविधियों से जनता में असंतोष फैल गया. बिगड़ती स्थिति के बीच गोपालगंज जिला मुख्यालय में कर्फ्यू लगा दिया गया. गोपालगंज में सेना ने मोर्चा संभाल लिया है. बख्तरबंद गाड़ियां शहर में गश्त कर रही हैं. ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, जम्मू विद्रोह के बड़े नेता और अंतरिम सरकार का हिस्सा रहे नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) संयोजक नाहिद इस्लाम ने कर्फ्यू के बीच राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है.

सीनेट

अमेरिकी सीनेट में पारित हुआ विदेशी सहायता व सार्वजनिक प्रसारण में कटौती का विधेयक

# डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को मिली बड़ी राहत

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिकी सीनेट ने गुरुवार सुबह एक महत्वपूर्ण विधेयक को पारित कर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 9.4 बिलियन डॉलर की संघीय खर्च कटौती की अनुमति दे दी. इस विधेयक में विदेशी सहायता और सार्वजनिक प्रसारण के बजट में कटौती का प्रावधान है. विधेयक 51-48 मतों से पारित हुआ, जिसमें दो रिपब्लिकन सीनेटरों—मेन की सुजैन कोलिन्स और अलास्का की लिसा मुर्कोव्स्की—ने विरोध में मतदान किया. इस कदम को लेकर अमेरिकी कांग्रेस में कड़ी बहस देखने को मिली, जिससे संघीय बजट पर नियंत्रण को लेकर व्हाइट हाउस और कांग्रेस के बीच जारी संघर्ष उजागर हुआ. 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार, रिपब्लिकन पार्टी ने खर्च पर नियंत्रण की कोशिश में कांग्रेस की शक्तियों के समर्पण जैसा कदम उठाया है.



इस विधेयक के पारित होने से ट्रंप प्रशासन को विदेशी सहायता और सार्वजनिक प्रसारण में कटौती लागू करने का अधिकार मिल गया है. उम्मीद की जा रही है कि सप्ताह के अंत तक प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) भी इसे मंजूरी दे देगी, जिसके बाद यह राष्ट्रपति ट्रंप के हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा. व्हाइट हाउस के बजट कार्यालय के निदेशक रसेल टी. वॉट की अगुवाई में यह प्रस्ताव तैयार किया गया था, जिसका उद्देश्य संघीय सरकार के खर्च में कटौती कर वित्तीय अनुशासन लागू करना है. इसे ट्रंप प्रशासन के उस व्यापक अभियान का हिस्सा माना जा रहा है, जिसके तहत राष्ट्रपति को संघीय खर्च पर अधिक अधिकार देने की कोशिश की जा रही है. सीनेट में मतदान से पहले दक्षिण डकोटा के सीनेटर जॉन थून ने कहा, ₹अब समय आ गया है कि हम बजट में फिजूलखर्ची को समाप्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाएं. यह प्रस्ताव वित्तीय विवेक का प्रतीक है.₹ हालांकि, रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी इस विधेयक को लेकर मतभेद सामने आए. 20 रिपब्लिकन सीनेटरों ने बजट कार्यालय के निदेशक वॉट को भेजे एक ज्ञापन में मांग की कि कांग्रेस द्वारा स्वीकृत 7 बिलियन डॉलर की शैक्षिक फंडिंग को रोका न जाए. उनका कहना था कि यह कदम राष्ट्रपति ट्रंप के स्वयं के घोषित लक्ष्यों के विपरीत है. दक्षिण डकोटा के सीनेटर माइक राउंड्स ने पहले सार्वजनिक प्रसारण में कटौती का विरोध जताया था, लेकिन अंतिम क्षणों में उन्होंने विधेयक के पक्ष में मतदान कर सबको चौंका दिया. नेटिव पब्लिक मीडिया की अध्यक्ष लोरिस टेलर ने विधेयक को लेकर गहरी निराशा जाहिर की है.

## अवैध कब्जेदारों ने पुलिस पर किया हमला, हवाई फायरिंग में एक की मौत

**ग्वालपाड़ा।** असम के ग्वालपाड़ा जिलांतर्गत कृष्णाई स्थित पैकन आरक्षित वन में अवैध कब्जेदारों की भीड़ ने गुरुवार कोपुलिस और वन रक्षकों पर हमला कर दिया. इससे पुलिस और उनके बीच संघर्ष हो गया इस पर बेकाबू लोगों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस कोहवाई फयारिंग करनी पडी. इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि कई पुलिसकर्मी घायल हो गए. प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने इसकीपुष्टि की है. आज प्रशासन और सुरक्षा कर्मी कृष्णाई स्थित पैकन आरक्षित वन में अवैध कब्जेदारों को सरकारी भूमि से अवैध कब्जा खाली कराने के लिए पहुंची थी. इसको लेकर इन कब्जेदारों ने प्रशासन और पुलिस टीम का विरोध किया और उनमें पर हमला कर दिया. इसको देखते हुए पुलिस को उग्र भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया लेकिन, जब स्थिति काबू में नहीं आई तो पुलिस कर्मियों को हवाई फायरिंग करनी पड़ी. पुलिस और उपद्रवियों के बीच हुई झड़प के दौरान शकूर हुसैन नामक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अवैध कब्ज़ेदार और पुलिस कर्मी घायल हो गए. इनमें कुतुबुद्दीन शेख नाम के एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है. प्रशासन और पुलिस की कार्रवाई से नाराज उग्र अवैध कब्ज़ेदार पुरुष और महिलाओं के फेंके गए पत्थरों और लाठियों के हमले में कई पुलिसकर्मी और वन रक्षक घायल हो गए हैं. इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस कर्मी तैनात हैं. वहां की स्थिति उत्तेजक है लेकिन नियंत्रण में बतायी गयी है. उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा पूरे राज्य में अवैध रूप से सरकारी जमीन पर किये गये कब्जा को हटाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है.

स्वायत्ताधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक सुरजीत सिंह द्वारा फ्लैट नंबर 48, श्रीवाटिका अपार्टमेंट, चेशायर होम रोड, रेजीमेंटल गेट नंबर 1 के सामने, पोस्ट कोकर, पीएस सदर, रांची - 834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : सुरजीत सिंह. स्थानीय संपादक : संजय सिंह*** फोन नंबर 0651-2961734. (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.**)